

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 183 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 17 अप्रैल 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## नैशनल हेराल्ड में केवल भ्रष्टाचार ही नहीं हुआ आमानत में खयानत का भी मामला है - वीरेन्द्र सचदेवा

**मुख्य संवाददाता**

नई दिल्ली 16 अप्रैलः दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की नेशनल हेराल्ड चार्जशीट पर कांग्रेस का आज दिल्ली एवं अन्य शहरों में प्रदर्शन कुछ ऐसा है, मानो चोर मचाये शोर। कांग्रेस नेताओं ने पहले चोरी की पर जब फंस गये तो बजाए कानूनी लड़ाई इमानदारी से लड़ने के सम्बंधित मुकदमे का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं।

नैशनल हेराल्ड मामले की चार्जशीट एक व्यक्ति द्वारा कांग्रेस के ही सत्ताकाल में दायर यचिका का पटाक्षेप है कोई प्रतिशोध की कार्यवाई नहीं है। यदि यह मामला कमजोर रहा होता, झूठा होता या प्रतिशोध की कार्यवाई होता तो 2012 मे केस दायर होने से 2014 के मध्य तक देश में गांधी परिवार का राज था इन्होने तब ही केस खत्म करवा लिया होता।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की कांग्रेस के प्रथम परिवार की प्रतिनिधि सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी जिस कानूनी शि-कंजे में घिरे हैं वह उनके खुद के लालच का परिणाम है।

गांधी परिवारजन और उनके सहयोगी आज अगर जमानत पर हैं और शीघ्र उन्हें पी.एम.एल.ए. के गम्भीर मामले में भी जमानत लेनी पड़ सकती है तो यह भाजपा सरकार के किसी दबाव का परिणाम नहीं, 13 साल से न्यायलय में चल रहे मामले की जांच का परिणाम है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की यह दुखद है की कांग्रेस का प्रथम परिवार आज अपने भ्रष्टाचार को राजनीतिक रंग देने के लिए कांग्रेस कार्यकताओं को आगे धकेल रहा है जबकि ऐसे ही हजारों कार्यकताओं के द्वारा दी पूंजी से नैशनल हेराल्ड की वो सम्पति बनी थी जिसे गांधी परिवार ने निजी कम्पनी बना कर लूटा है। सच कहें तो नैशनल हेराल्ड मामले में केवल भ्रष्टाचार ही नही हुआ आमानत में खयानत का भी मामला है क्योंकि गांधी परिवार ने हजारों कांग्रेस कार्यकताओं के अंशदान से बनी नैशनल हेराल्ड सम्पति को लूटा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से किया इनकार



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और केंद्र से 100 से अधिक याचिकाओं पर जवाब मांगा, जिसमें कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। इस कानून में वक्फ संपत्ति के प्रमाणीकरण की मांग की गई है और वक्फ परिषद तथा औकाफ बोर्ड में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति का प्रावधान है।

कोर्ट ने कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कई प्रावधान लाभकारी हैं, लेकिन कुछ प्रावधानों को स्पष्ट करने की आवश्यकता है, जिनमें 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' का विस्तार और दायरा तथा वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या शामिल है।

"उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ" से तात्पर्य ऐसी प्रथा से है, जिसमें किसी संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ बंदोबस्ती (वक्फ) के रूप में मान्यता दी जाती है, जो ऐसे उद्देश्यों के लिए इसके दीर्घकालिक, निर्बाध उपयोग पर आधारित होती है, भले ही मालिक द्वारा वक्फ की औपचारिक, लिखित घोषणा न की गई हो।

पीठ ने कहा, "आप उपयोगकर्ता द्वारा ऐसे वक्फ को कैसे पंजीकृत करेंगे? उनके पास कौन से दस्तावेज होंगे? इससे कुछ पूर्ववत हो जाएगा। हां, कुछ दुरुपयोग है। लेकिन वास्तविक भी हैं। मैंने प्रिवी काउंसिल के फैसलों को भी पढ़ा है। उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को मान्यता दी गई है। यदि आप इसे पूर्ववत करते हैं तो यह एक समस्या होगी। विधानमंडल किसी निर्णय, आदेश या डिक्री को शून्य घोषित नहीं कर सकता। आप केवल आधार ले सकते हैं।"

## 'एक बात बहुत परेशान करने वाली है...': सुप्रीम कोर्ट की वक्फ सुनवाई में मुर्शिदाबाद हिंसा पर CJI की बड़ी टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। बेंच का नेतृत्व चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार और के वी विश्वनाथन कर रहे थे। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा का संज्ञान लिया और इसे "परेशान करने वाली" बताया।



भारत के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, "एक बात जो बहुत परेशान करने वाली है, वह है वहां हो रही हिंसा। अगर मामला यहां (सुप्रीम कोर्ट) लंबित है, तो ऐसा नहीं होना चा-हए।" इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने टिप्पणी की कि ये व्यवस्था पर "दबाव" डालने की कोशिशें हैं। इसके बाद CJI ने SG से वक्फ अधिनियम में सकारात्मक बिंदुओं को उजागर करने को कहा।

पश्चिम बंगाल में इस महीने की शुरूआत में हाल ही में पारित वक्फ अधिनियम को लेकर भयंकर हिंसा हुई, जिसमें मु-र्शदाबाद में कई लोग सड़कों पर उतर आए। वक्फ कानून विरोधी प्रदर्शनकारियों ने घरों पर धावा बोला, वाहनों, पुलिस वैन को जला दिया और पुलिस के साथ झड़प की। झड़पों के दौरान जाफराबाद में एक पिता और पुत्र की उनके घर में बेरहमी से हत्या कर दी गई, और हिंसा के सिलसिले में 200 से अधिक गिरफ्तारियाँ की गई हैं, जिनमें कालू शेख और दिलदार शेख नामक दो भाई भी शामिल हैं, जिन्होंने पिता-पुत्र की हत्या कर दी थी।

# दिल्ली के 600 स्कूलों पर बड़ा एक्शन, फीस बढ़ाने पर रेखा गुप्ता सरकार ने मांगा हिसाब-किताब, 10 को थमाया नोटिस

*दिल्ली सरकार ने फीस बढ़ोतरी के मामले में 600 स्कूलों की ऑडिट रिपोर्ट ली और 10 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया. अभिभावकों ने शिक्षा निदेशालय के सामने प्रदर्शन किया.*



नई दिल्ली. दिल्ली में स्कूलों द्वारा की गई फीस बढ़ोतरी के मामले में दिल्ली सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है. इसके तहत 600 स्कूलों की ऑडिट रिपोर्ट ली गई और 10 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. फीस बढ़ाने के खिलाफ आज ही अभिभावकों ने शिक्षा निदेशालय के सामने प्रदर्शन किया था. दिल्ली शिक्षा निदेशालय कार्यालय के बाहर कई अभिभावकों ने विरोध प्रदर्शन कर स्कूलों द्वारा कथित रूप से बढ़ाई गई फीस को तुरंत वापस लेने तथा मामले में अधिकारियों के हस्तक्षेप की मांग की.

दिल्ली में निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों के 'लगातार और बहुत ज्यादा' फीस बढ़ाने के खिलाफ माता-पिता और अभिभावक लंबे समय से शिकायतें कर रहे हैं. उन्होंने स्कूलों पर दबाव डालने का भी आरोप लगाया है. जिसमें बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र देने से इनकार करना और अनधिकृत शुल्क का भुगतान न करने पर विद्यार्थियों के नाम काटने की धमकी देना शामिल है.

**'लूट मचाना बंद करो' और 'स्कूलों की मनमानी बंद करो, हमारी फीस कम करो'** जैसे नारे लिखी तख्तियां लेकर आए

एक अभिभावक अजीत सिंह ने 'मीडिया' को बताया, 'मेरी बेटी नौवीं कक्षा में पढ़ती है. उसके स्कूल ने बिना किसी नोटिस या मंजूरी के फीस बढ़ा दी. जब हम प्रिंसिपल से मिलने की कोशिश करते हैं, तो हमें या तो लौटा दिया जाता है या हफ्तों तक इंतजार कराया जाता है. और जब हम आ-खरकार उनसे मिलते हैं, तो वे कहते हैं- अगर आप भुगतान नहीं कर सकते, तो अपने बच्चे को स्कूल से निकालें.'

अभिभावकों ने दावा किया कि फीस वृद्धि बिना किसी पूर्व सूचना या आधिकारिक मंजूरी के लागू की जा रही है. उन्होंने स्कूलों पर शिक्षा का व्यवसायीकरण करने तथा परिवारों की वित्तीय स्थिति की अनदेखी करने का आरोप लगाया.

## नोएडा। हिंडन मे फिर गरजा बाबा के बुल्डोजर, 120 बीधा जमीन अतिक्रमण मुक्त।

**समाज जागरण**

नोएडा । 16 अप्रैल 2025। हिंडन नदी के डुब क्षेत्र मे हुए है। इसका उदाहरण बिसरख है हिंडन नही खेसरा नंबर 112 है। जो कि नोएडा प्राधिकरण ने




भूमाफियाओं के खिलाफ फिर गरजा बााब के बुल्डोजर। नोएडा प्राधिकरण और प्रशासन के संयुक्त कार्यवाई मे 120 बीघा जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। जिसके बाबा भू-माफियाओं मे हड़कंप मच गया है। कई लोगों ने इस कार्यवाही पर सवाल भी उठाए है।

सोशल मिडिया (एक्स) पर दिए गए प्रतिक्रिया मे नीरजमुखिया बीकेयू ने लिखा है कि यह कार्यवाही भू-माफिया के खिलाफ नही बल्कि भू-माफियाओं के ईशारे पर किया गया है। मालवा वही पड़ा रहेगा लेकिन अवेध निर्माण कल से फिर शुरू हो जायेगा। इस मामले मे नोएडा प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन सब मिले लिया हुआ है लेकिन वहाँ पर प्लाटिंग कर कॉलोनी बसा दी गई है। बिसरख जलालपुर हिंडन नदी नया पुल डूब क्षेत्र खसरा नंबर 112 ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी द्वारा अधिग्रहण किया गया जमीन पर कब्जा कर अवैध कालोनी काट दी गई हैं पुलिस थाना नोएडा सेक्टर 113 और ग्रेटर नोएडा




अथॉरिटी वर्क सर्किल 3 मिला हुआ है भूमाफिया से योगी जी का बुल्डोजर माफिया के इशारे चलाता है। आकाश यादव ने लिखा है यह 120 बीघा नही बल्कि 10 बीधा भी नही होगी। दूसरी बात नोएडा प्राधिकरण ही तो रजिस्ट्री करती है। तब कहाँ होते है जब अतिक्रमण हो रहा होता है।

# पटना में कांग्रेस कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश

पटना/ नेशनल हेराल्ड केस में राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किए जाने के विरोध में बुधवार को पटना की सड़कों पर कांग्रेस कार्यकर्ता उतर आए। राजधानी के इनकम टैक्स चौराहा पर सैकड़ों की संख्या में जुटे कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ईडी व सीबीआई के इस्तेमाल को राजनीति से प्रेरित बताया। प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, विधानमंडल दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इन सभी ने मंच से सरकार की नीतियों की आलोचना की और इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया। प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि यह सरकार आम जनता की सेवा नहीं कर रही बल्कि विपक्ष को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने कहा कि जब-जब विपक्ष ने सरकार से जनता से जुड़े सवाल पूछे, तब-तब उसे दबाने की कोशिश हुई। संसद के अंदर हो या बाहर, विपक्ष की आवाज को लगातार दबाया जा रहा है। शकील अहमद खान ने कहा कि लोकतंत्र में सवाल पूछना एक अधिकार है लेकिन मौजूदा सरकार इसे सहन नहीं कर पा रही है। प्रदर्शन के दौरान जब नेताओं से विपक्षी एकता को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि दिल्ली में राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ जो मीटिंग हुई, वह बेहद सकारात्मक रही। अल्लावरू ने बताया कि सभी दल एकजुट होकर एनडीए सरकार को हराने की तैयारी में जुट गए हैं। पटना में भी आगामी दिनों में महागठबंधन की एक बड़ी बैठक होगी जिसमें सीट बंटवारे से लेकर चुनावी रणनीति पर चर्चा होगी। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह केवल सत्ता को बनाए रखने में रुचि रखते हैं। देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके बजाय विपक्ष को निशाना बनाया जा रहा है ताकि जनता का ध्यान असल मुद्दों से भटकाया जा सके।

## कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण पर कांग्रेस को झटका, राज्यपाल ने असहमति जताते हुए बिल को राष्ट्रपति के पास भेजा

*सरकारी ठेकों में मुसलमानों को 4% आरक्षण देने वाले बिल को राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेज दिया है.*



बेंगलुरुः कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को आरक्षण देने वाला बिल अब राष्ट्रपति की दहलीज तक पहुंच गया है. राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने बिल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेज दिया है. राज्यपाल ने अपने विवेकाधिकार का इस्तेमाल करते हुए इस बिल को रोक दिया. बिल को मार्च में विधानसभा ने पारित किया था. गहलोत ने कहा कि संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता. इससे पहले, विपक्षी बीजेपी और जेडीएस ने इस बिल को 'असंवैधानिक' बताते हुए राज्यपाल को ज्ञापन दिया था. उनका आरोप था कि यह बिल समाज को ध्रुवीकृत करेगा. अब इस मामले में अंतिम फैसला राष्ट्रपति के हाथों में है.

पिछले महीने विधानसभा ने 'कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (संशोधन) विधेयक, 2025' पारित किया था. इसके तहत दो करोड़ रुपये तक के (सिविल) कार्यों और एक करोड़ रुपये तक के माल/सेवा खरीद ठेकों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है. कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपनी सरकार के इस कदम का पुरजोर बचाव किया है. उन्होंने सोमवार को सवाल किया कि ऐसा क्यों नहीं किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर लोगों को ताकत देना कांग्रेस पार्टी का मिशन और प्रतिबद्धता है. मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उन पर उच्च वर्ग विरोधी होने का ठप्पा लगाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि वह उन लोगों के साथ खड़े हैं जिन्हें अवसरों से वंचित रखा गया है और जिन्हें न्याय नहीं मिला है.

दिलचस्प यह कि सिद्धारमैया का बयान उसी दिन आया, जब हरियाणा के हिसार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला था. पीएम मोदी ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को छीनने तथा निविदाओं के संबंध में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का आरोप लगाया था. प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता.

# सोने ने 98 हजार रुपये की नई ऊंचाई दर्ज की, एक दिन में 1,500 रुपये से अधिक की तेजी

बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत एक दिन में 1,650 रुपये की तेजी के साथ 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह उछाल अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते व्यापार तनाव के बाद सुरक्षित-संपत्तियों में नए सिरे से वैश्विक रुचि के बीच आया है।



ऑल इंडिया सरार्फा एसोसिएशन के अनुसार, 99.9% शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 96,450 रुपये पर बंद हुआ था। इस बीच, 99.5% शुद्धता वाला सोना भी पिछले दिन के 96,000 रुपये से बढ़कर 97,650 रुपये के नए शिखर पर पहुंच गया।

चांदी की कीमतें भी इसी तरह की राह पर चलीं, मंगलवार को 97,500 रुपये की तुलना में 1,900 रुपये बढ़कर 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गईं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 3,318 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, लेकिन कुछ लाभ कम होकर 3,299.99 डॉलर पर आ गया। एशियाई बाजार घंटों के दौरान हाजिर चांदी भी लगभग 2% बढ़कर 32.86 डॉलर प्रति औंस हो गई। न्यूयॉर्क में सोने का वायदा 3,289.07 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

घरेलू बाजार में, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर जून डिलीवरी के लिए सोने का वायदा मजबूत खुला, जो 94,781 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर को छूने के बाद 94,768 रुपये पर थोड़ा कम होकर बंद हुआ, फिर भी 21,211 लॉट के ओपन इंटरेस्ट के साथ 1,317 रुपये की बढ़त के साथ।

अमेरिका द्वारा अधिकांश चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाकर 245% करने और महत्वपूर्ण खनिज आयातों की जांच शुरू करने के बाद व्यापार तनाव बढ़ने से इस लाभ को बढ़ावा मिल रहा है। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने कहा, "अमेरिकी स-रकार द्वारा चीन के लिए निर्यात नियमों को कड़ा करने के बाद व्यापार युद्ध की बढ़ती चिंताओं के कारण सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया।"

अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने इस तेजी का श्रेय कमजोर अमेरिकी डॉलर को दिया। उन्होंने आगे कहा कि फेडरल रिजर्व जहां टैरिफ-संचालित मुद्रास्फीति को प्रबंधित करते हुए आर्थिक विकास को समर्थन देने की दोहरी चुनौतियों से निपट रहा है, वहीं मौजूदा मैक्रो वातावरण सोने को मजबूत समर्थन दे रहा है। सीईओ ने कहा, "तेजी की गति को बढ़ाते हुए, प्रमुख बैंक सोने के परिदृश्य पर सकारात्मक बने हुए हैं, उन्होंने सोने पर आधारित ईटीएफ में निरंतर प्रवाह और केंद्रीय बैंक की निरंतर खरीद का हवाला दिया

## दिल्ली-एनसीआर के ट्रैफिक के 'महा भयंकर' से नितिन गडकरी भी नहीं बचे, कहा- धौला कुआं के जाम को ठीक करने में 4 साल बर्बाद हो गए

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर ट्रैफिक बहस में तेजी ला दी है - इस बार उन्होंने दिल्ली एनसीआर की शहरी अव्यवस्था पर बेबाक टिप्पणी की। राजधानी की सड़कों पर जाम को 'महा भयंकर' बताते हुए गडकरी ने तीखी आलोचना की और बदलाव के लिए तकनीक आधारित रोडमैप भी पेश किया। खुद ट्रैफिक की परेशानी को याद करते हुए गडकरी ने कहा, "मैं धौला कुआं में रोजाना 1.5 घंटे ट्रैफिक में फंसता था। धौला कुआं को सुधारने की कोशिश में मेरी जिंदगी के चार साल बर्बाद हो गए।" निजी वाहनों के स्वामित्व में बेतहाशा वृद्धि और शहरी नियोजन की कमी पर निशाना साधते हुए गडकरी ने राजधानी के बुनियादी ढांचे के विकल्पों के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया।

# वक्फ बोर्ड कानून पर सुनवाई बेमतलब

अब चूंकि याचिकाएं आईं हैं तो माननीय सुप्रीम कोर्ट को उनकी सुनवाई करना पड़ रही है । माननीय अदालत का करम है कि उसने तमाम याचिकाओं को एक झटके में खारिज नहीं किया ,हाँ माननीय कोर्ट ने इन याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई की मांग जरूर ठुकरा दी थी। देश को और इस कानून के विरोधियों को भले ही सुप्रीम कोर्ट से कोई उम्मीद हो ,लेकिन मुझे नहीं है ,क्योंकि ऐसा लगता नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट इस कानून को लेकर सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ कोई फैसला देगा।




मेरे हिसाब से वक्फ बोर्ड कानून पर सुनवाई का कोई अर्थ नहीं है क्योंकि ये कानून संसद के दोनों सदनों में लम्बी बहस के बाद बहुमत से पारित किया गया है। ये कानून भले ही संविधान की मूल भावनाओं के विरुद्ध हो किन्तु इसमें सरकार की भावना महत्ववपूर्ण है और माननीय कोर्ट इसे भली- भांति समझता है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने इशारों-इशारों में माननीय कोर्ट को सरकार की भावना से अवगत भी करा दिया है। किरण ने पिछले दिनों ही कहा था कि माननीय न्यायालय को वक्फ बोर्ड कानून पर सरकार की भावना समझना चाहिए।

वक्फ बोर्ड कानून सत्ता प्रतिष्ठान के हिन्दू एजेंडे से ही बाबस्ता है। सरकार शुरू से एक देश ,एक कानून और एक देश ,एक चुनाव की बातें करती आ रही है। मौजूदा सरकार स्पष्ट रूप से देश के अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आजादी के बाद बने तमाम कानूनों को जमीदोज कर अल्पसंख्यकों के कामकाज ,धारणाओं,मानयताओं में मदाखलत करने की कोशिश कर रही है। सरकार को लगता है कि इस देश में सिवाय हिन्दुओं के सभी लोग चोर हैं,बेईमान हैं, भ्रष्ट हैं ,इसलिए उनके खिलाफ कारार्वाई के लिए नए कानूनों की जरूरत है। कौन सा समाज किस तरह से जीवित रहेगा इसकी फिक्र समाज से ज्यादा अब सरकार को होने लगी है और नया वक्फ कानून इसी फिक्र का नतीजा है।नयेकानून किमुखालफत करने वालों को सत्ता प्रतिष्ठान और उससे जुड़े लोग पहले हि-अरबन नक्सली कह चुके हैं।

मुझे ये कहने में कोई संकोच नहीं है कि हम अधमरे चौथे स्तम्भ के लोग संसद से बड़े नहीं है। अदालतों से बड़े नहीं हैं ,लेकिन हमारी चिंताएं हैं। हमारी जिम्मेदारियां हैं और उन्हींके तहत हम सत्ता प्रतिष्ठान को आगाह करते रहते हैं। अल्पसंख्यकों को लेकर हमारा ऐसा कोई एजेंडा नहीं है जैसा कि सरकार का है। हमें ऐसा कोई भय नहीं है कि एक दिन ऐसा आएगा जब इस देश पर अल्पसंख्यकों का कब्जा हो जाएगा। हमें केवल एक ही डर है कि हमने यानि देश ने आजादी के बाद जिस तरह से समरसता का ,समन्वय का देश बनाया था वैसा देश अब शायद बचा नहीं है। आज हमारा देश इंद्रधनुष के रंगों वाला देश नहीं है ,आज देश को एक रंग में रंगने की बेशर्म कोशिश हो रही है।

बात नए वक्फ बोर्ड कानून को सुप्रीम कोर्ट में सुने जाने की है । सुप्रीम कोर्ट सुप्रीम इसीलिए है क्योंकि वो सभीको सुनता है।सरकार सबको नहीं सुनती । लेकिन सरकार और सुप्रीम कोर्ट में एक बात सामान्य हैकि दोनों जगह बहुमत से फैसले किये जाते हैं। मेरा अंतर्मन कहता हैकि जिस तरीके से संसद में बहुमत इस नए कानून के पक्ष में खड़ा था उसी तरह से अदालत में भी बहुमत का फैसला आएगा तो सत्ता प्रतिष्ठान के पक्ष में आएगा। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले को केवल सरकार ही बदल सकती है। सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट बदल सकता है ,कोर्ट ने अतीत में अनेक प्रकरणों में या तो सरकार के फैसले बदले हैं या उनकी समीक्षा कराई है। ऐसी भी अनेक नजीरें हैं जहाँ सत्ता प्रतिष्ठान से माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को मैंने से इंकार कर दिया और नयी व्यवस्था दे दी। मै इस तरह की नजीरों की तफ्सील में नहीं जाऊंगा समझदार को इशारा काफी है। जब जिस्।का बहुमत होता है वो पार्टी और उस्।कीसरकार अपने ढंग से माननीय न्यायालय के फैसलों का सम्मान करते हैं ,करते आ रहे हैं।

नए वक्फ बोर्ड कानून को लेकर मेरी आशंकाओं के पीछे कुछ ठोस आधार है। पहले का संकेत मैंने किया ही और अब दूसरे मामले में मै सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस गवई को उद्घृत करना चाहता हूँ। जस्टिस गवई ने डॉ. आंबेडकर की जयंती के मौके पर कहा कि हमारे पास ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो गर्व के साथ कह सकते हैं कि हम यहां संविधान की वजह से पहुंचे हैं। जस्टिस गवई से पहले पूर्व सीजेआई जस्टिस चंद्रचूड़ देश के प्रधानमंत्री के साथ गणपति वंदना कर चुके हैं। जिस देश का कोर्ट देश के प्रधानमंत्री के प्रति श्रृद्धानवत हो उस देश में कोई फैसला सरकार के खिलाफ भला आ सकता है क्या ?देश के प्रधानमंत्री के प्रति श्रृद्धा रखना कानून कोई जुर्म नहीं है किन्तु यदि देश का सुप्रीम कोर्ट सार्वजनिक रूप से पंत प्रधान की वंदना करता है तो वो आपत्तिजनक है।

बहरहाल आने वाले दिनों में आप रोजाना वक्फ बोर्ड कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई देखिये, सुनिए और फिर बताइये की मै गलत हूँ या सौ फीसदी सही ?मै उन लोगों में से हूँ जो इस देश की पंच परमेश्वर न्याय व्यवस्था पार यकीन रखते हैं। फिर चाहे वो पंच परमेश्वर मुंशी प्रेमचंद का हो या मुंशी नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी का।

**@राकेश अचल**

# ना समझा करों गरीब...!

खुद को ना समझा करों गरीब,
क्योंकि तुम हो बहुत ही शरीफ।
तुम्हें कभी पर्याप्त नहीं मिलता,
कम हैं कमाई संतोष है खिलता।
ना किया करों गरीबी का ऐलान,
ईश्वर-अल्लाह सभी हैं मेहरबान।

खुद को ना समझा करों गरीब,
क्योंकि तुम हो बहुत ही शरीफ।
बताओ तुम्हारे पास क्या नहीं है,
इस जिन्दगी का एहसास नहीं है।
सांस ले रहें हो ये पर्याप्त नहीं है,
मांगकर ना लेना भाग्य में नहीं हैं।

खुद को ना समझा करों गरीब,
क्योंकि तुम हो बहुत ही शरीफ।
वह आदत छोड़ो कि पीड़ित हो,
सबसे बड़ी नेमत हैं जीवित हो।
तुम सिर्फ खुद से ही रूठें हुए हो,
मानसिक स्थिति बदलों डटे रहो।

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**

# हमने तो घर को सजाया है संजीव।

दो वक्त का भोजन क-
हां बिस्तर कहां
रोटी,कपड़ा और
मकान मयस्सर कहां।

रोते रोते ही सबको
हंसाएगा यहां
छोड़ सर्कस जोकर
जाएगा कहां।

वादा था मखमली रोड
बनाएंगे यहां
हर तरफ पत्थर दिखते
हैं यहां वहां।


सुना था दुआएं कबूल
होती है ऊपर
हमने भी खोजा था
ईश्वर कहां-कहां।

आस्तीन ही नहीं बांहे
ही काट लो
फिर छुपा कर खंजर
रखोगे कहां।

हमने तो घर को
सजाया है संजीव
देखिए हुजूर रुकते हैं
रात भर कहां।

**संजीव ठाकुर**

# क्या तमिलनाडु में भाजपा व अन्नाद्रमुक पार्टी का साथ जीत ग्यारंटी बनेगा ?



**अशोक भाटिया ,मुंबई**

4 अप्रैल को तमिल नववर्ष से पहले, भारतीय जनता पार्टी ने अपने पूर्व सहयोगी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के साथ राज्य में गठबंधन बनाने की घोषणा की। हालाँकि एआईएडीएमके ने एक समय तमिलनाडु के द्रविड़-प्रभुत्व वाले राजनीतिक परिदृश्य में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी, लेकिन अब इसका वही प्रभाव नहीं है जो पूर्व मुख्यमंत्री जे। जयललिता के समय था।पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पाडी के। पलानीस्वामी (ईपीएस) की अगुआई वाली पार्टी अपने पार्टी सहयोगी और पूर्व मुख्यमंत्री ओ। पनीरसेल्वम (ओपीएस) के साथ नियंत्रण के लिए तीखे संघर्ष के बाद सत्ता में बनी हुई है। 2016 से 2021 तक भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार से जुड़े रहने के कारण, ईपीएस ने भाजपा नेतृत्व के साथ कामकाजी संबंध का आनंद लिया। पिछले हफ़्ते चेन्नई में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई घोषणा में भी स्पष्ट राजनीतिक संदेश था कि ईपीएस मौजूदा एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके गठबंधन सरकार के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं।

गौरतलब है कि संसद का बजट सत्र अभी समाप्त हुआ है और सत्र के अंत में, लोकसभा और राज्यसभा में मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए वक्फ संशोधन विधेयक पर एक हंगामेदार बहस हुई। विधेयक का विरोध करने के लिए भाजपा का विपक्ष एक साथ आया था। कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस,डीएमके सहित विपक्षी दल। एआईएडीएमके ने भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त की थीं। इतना ही नहीं एआईएडीएमके के सांसदों ने राज्यसभा में भी वक्फ सुधार सरकार के खिलाफ वोट किया था। तो अब सवाल यह उठता है कि अचानक ऐसा क्या हुआ कि बीजेपी और एआईएडीएमके दोनों ही बहुत करीब आ गए? अमित शाह एक राजनयिक राजनेता हैं और राजनीतिक कूटनीति में चाणक्य के रूप में जाने जाते हैं। एक राजनीतिक दल जो संसद में भाजपा का समर्थन नहीं करता है, वह राजनीतिक दल जिसने पिछले चुनाव में भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ दिया था, एआईएडीएमके, वह पार्टी जिसने एनडीए में फिर से प्रवेश किया। ये सारी घटनाएं इतनी तेजी से घटीं कि इसने देश के सभी राजनीतिक दलों को हैरान कर दिया। तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए एआईएडीएमके पार्टी के साथ जल्दबाजी में गठबंधन क्यों किया गया, इसका रहस्य कई लोगों के सामने नहीं आया है।

इससे पहले, भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अपनी ताकत बढ़ाने में अपनी सारी ऊर्जा लगा दी थी, और अब भाजपा अन्नाद्रमुक को फिर से गठबंधन करके चेन्नई के सिंहासन से एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार को गिराने की पूरी कोशिश कर रही है। भाजपा पिछले 10-12 वर्षों से तमिलनाडु में पार्टी का विस्तार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है, लेकिन शीर्ष नेतृत्व ने महसूस किया है कि द्रमुक बनाम अन्नाद्रमुक की लड़ाई में भाजपा का कोई लाभ नहीं है। भाजपा और एआईएडीएमके दोनों ने महसूस किया है कि अगर वे डीएमके को सत्ता से हटाना चाहते हैं तो उन्हें एक साथ आने की जरूरत है। यही कारण है कि अमित शाह ने खुद चेन्नई में घोषणा की कि भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन राजनीतिक उदासीनता से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अन्ना मलाई अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन बनाने में एक बड़ी बाधा थे। अन्ना मलाई खुद एक जुझारू नेता हैं। उन्हें यह स्वीकार करना पड़ा कि उन्होंने डीएमके सरकार के खिलाफ लड़ते हुए पार्टी में जान डाल दी और पार्टी की नींव मजबूत की। जहां भाजपा से कोई नहीं पूछता, भाजपा से कोई नहीं पूछ रहा है, भाजपा का कोई कैडर नहीं।अन्ना मलाई ने ऐसे राज्यों में भाजपा के वोट शेयर को तीन से 11 प्रतिशत तक बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसीलिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के लिए अन्ना मलाई के प्रदर्शन को नजरअंदाज करना और उन्हें पद से हटाना मुश्किल था। अन्ना मलाई एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। वे युवा हैं। 2019 में, उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली और भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने अपने दमदार काम से मोदी-शाह का दिल भी जीत लिया। उनके काम को देखते हुए उन्हें तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने सत्ताधारी डीएमके सरकार के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया। वे स्टालिन सरकार को परेशान करते रहे।

स्पष्ट है कि सबको लग रहा था बीजेपी तमिलनाडु में 2026 का विधानसभा चुनाव अन्ना मलाई के नेतृत्व में लड़ेगी। यह भी चर्चा थी कि अन्ना मलाई आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुख्यमंत्री पद का चेहरा होंगे। सभी ने महसूस किया कि राजनीति में ऐसा नहीं होता जैसा दिखता है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने रोटी पलट दी। अचानक अन्ना मलाई को पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया था। शीर्ष नेतृत्व को यकीन था कि द्रमुक के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा जब तक कि उन्हें राज्य अध्यक्ष के पद से हटा नहीं दिया जाता। इसलिए पार्टी ने उनके स्थान पर नयनार नागेंद्र को नियुक्त किया और तुरंत भाजपा-द्रमुक गठबंधन के गठन की घोषणा की। 64 वर्षीय नयनार नागेंद्रन ने 12 अप्रैल को भाजपा के तमिलनाडु राज्य अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। नागेंद्रन एक मृदुभाषी व्यक्तित्व हैं। वे दक्षिण तिरुनेलवेली निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं। वह अन्ना मलाई की तरह आक्रामक नहीं हैं। तो पार्टी के एजेंडे को कैसे लागू किया जाएगा? गठबंधन भाजपा एआईएडीएमके नेताओं की बातों को स्वीकार कर गठबंधन चलाना चाहती है। स्टालिन सरकार को हराना ही भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन के सामने एकमात्र एजेंडा है।

लोकसभा चुनाव के मामले में तमिलनाडु पांचवां सबसे बड़ा राज्य है। भाजपा ने कर्नाटक में पैठ बनाई, लेकिन केरल और तमिलनाडु में ज्यादा पैठ नहीं बना सकी, और अब, 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले, भाजपा ने पार्टी विस्तार का एजेंडा तैयार करने के लिए अन्नाद्रमुक को फिर से गठबंधन किया है।भाजपा ने तमिलनाडु में 2024 का लोकसभा चुनाव अपने दम पर लड़ा था। इस चुनाव में भाजपा को 11 फीसदी वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव में भाजपा का कोई भी उम्मीदवार सांसद नहीं चुना गया था। तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष अन्ना मलाई भी हार गए थे। भाजपा आलाकमान ने महसूस किया कि पार्टी का तमिलनाडु में कोई बड़ा आधार नहीं है और अपने दम पर चुनाव लड़ना लाभदायक नहीं है।

जैसे ही एक पुराने सहयोगी के साथ आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का विचार पार्टी में जोर पकड़ने लगा, एआईएडीएमके पार्टी, जिसने भाजपा छोड़ दी थी, को फिर से भाजपा द्वारा दरकिनार कर दिया गया। संसद सत्र के अंत में, एआईएडीएमके नेता दिल्ली गए और अमित शाह के साथ बातचीत की और अमितभाई भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन की घोषणा करने के लिए चेन्नई गए।2024 के लोकसभा चुनावों में, उ्टड सांसदों ने तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर जीत हासिल की। उ्टड को 46।9 प्रतिशत वोट मिले। यह 1991 के बाद से उ्टड द्वारा सबसे अधिक वोट शेयर था। 2024 में, भाजपा ने तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों में से 23 पर चुनाव लड़ा, लेकिन हर जगह हार गई। भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनावों में 3.6 प्रतिशत, 2024 में 5.5 प्रतिशत वोट मिले। 2009 में, इसे 2।3 प्रतिशत वोट और 2004 में 5.1 प्रतिशत वोट मिले। द्रमुक के पास अन्नाद्रमुक और भाजपा की तुलना में बड़ा समर्थन आधार है। स्टालिन के पास पलानीस्वामी की तुलना में बड़ा समर्थन आधार है, लेकिन उन्हें सत्ता विरोधी लहर से भी पीड़ित होने की संभावना है। तमिलनाडु में, भाजपा ने अन्नाद्रमुक को महत्व दिया है। डेढ़ साल के अंतराल के बाद, भाजपा और अन्नाद्रमुक ने गठबंधन में फिर से प्रवेश किया है।

हाल ही में आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) नेतृत्व का मानना रहा है कि तमिलनाडु में डीएमके का मुकाबला करने के लिए भाजपा के पास मजबूत कैडर बेस की कमी है। भाजपा का मानना है कि एआईएडीएमके के साथ गठबंधन अगले साल विधानसभा चुनावों से पहले स्टालिन सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था को प्रमुख मुद्दे बनाने में एक ताकत के रूप में काम करेगा।संघ के लिए द्रविड़ मतदाता अब द्रविड़ पार्टियों के पक्ष में चुनावी यथास्थिति में विश्वास नहीं करता। भाजपा के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, "अब आजीविका, काम के अवसर और भ्रष्टाचार बड़े मुद्दे हैं, और हिंदी, हिंदू और हिंदुत्व के खिलाफ भावनाओं का भड़कना भी बड़ा मुद्दा है।"

ज्ञात हो कि किसी समय तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता, जिन्हें अम्मा के नाम से जाना जाता है, एआईएडीएमके की शक्तिशाली नेता थीं। मुख्यमंत्री बनने से पहले, वह तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष की नेता थीं। 25 मार्च, 1989 की घटना ने विधानसभा में भारी हंगामा किया था। हंगामा मच गया। उस दिन राज्य का बजट पेश किया जाना था। हालांकि, जैसे ही विपक्ष की नेता जयललिता ने आरोप लगाया कि पुलिस ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ अवैध कार्रवाई की है, न केवल उनके फोन टैप किए जा रहे थे, द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच खींचतान शुरू हो गई। किसी ने जयललिता की साड़ी खींची, किसी ने उसके बाल खींचे। एक ऐसी घटना जिसने संसदीय लोकतंत्र को काला कर दिया। जयललिता ने संकोच नहीं किया। उसने दृढ़ता से कहा झ आज मेरे साथ जो हुआ उसका जवाब मैं जरूर दूंगी। अगली बार जब मैं सदन में कदम रखूंगी, मुख्यमंत्री के रूप में.... जयललिता दो साल बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर सदन में दोबारा पहुंची हैं। उसने अपनी बात सच कर दी। 1991 से 2016 तक, वह 14 साल से अधिक यानी 5238 दिनों तक तमिलनाडु की मुख्यमंत्री रहीं।

# लड़खड़ाते व्यवसायिक साम्राज्य को बचाने के लिये रामदेव ने खेला साम्प्रदायिक कार्ड

गत वर्ष मेरा एक लेख पूर्व 'चतुर ही नहीं बल्कि शातिर भी हैं बाबा रामदेव' शीर्षक के साथ उस समय प्रकाशित हुआ था जब रामदेव व उनके व्यवसायिक सहयोगी बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में चल रहे पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले एक दवा विज्ञापन मामले में सर्वोच्च न्यायालय में बिना शर्त अपनी गलती की माफी मांगी थी । उस समय ह्यपतंजलि वेलनेसह्ल ने एक विज्ञापन प्रकाशित किया था जिसके माध्यम से एलोपैथी चिकित्सा पद्धति पर गलतफहमियांह्ल फैलाने का आरोप लगाया गया था। इसी विज्ञापन को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 17 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में 22 नवंबर 2023 को पतंजलि के बालकृष्ण व बाबा रामदेव की उस पत्रकार वार्ता के विषय में भी बताया गया था जिसमें पतंजलि ने मधुमेह और अस्थमा को ह्यपूरी तरह से ठीकह्ल करने का दावा किया था। इसी मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पतंजलि को सभी भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुये यह भी कहा था कि अदालत ऐसे किसी भी उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेगा और हर एक प्रोडक्ट के झूठे दावे पर 1 करोड़ रुपए तक जुमार्ना लगा सकता है। इसी मामले में अवमानना नोटिस का जवाब न देने जैसी चतुराई करने पर बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण दोनों को 2 अप्रैल को अदालत में व्यक्तिगत रूप में पेश होने का निर्देश दिया था। तब इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से एक दिन पहले बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने कोर्ट में हलफनामा दायर कर बिना शर्त माफी मांगी थी और माफीनामे में रामदेव और बालकृष्ण दोनों ने कहा था कि वे आदेश का पूरी तरह से पालन करेंगे और न्याय की गरिमा को बरकरार रखेंगे।

परन्तु अपना उत्पाद बेचने लिये दूसरी कम्पनी के उत्पाद को बदनाम करने जैसा उनका शातिरपन इस बार उन्हें इतना मंहगा पड़ जायेगा यह शायद रामदेव ने सोचा भी न होगा। इसी लिये वे देश और पूरी दुनिया में गर्मियों में घर घर पाए जाने वाले लोकप्रिय शीतल पेय ब्रांड 'रूह अफजा ' की ओर इशारा करते हुये कुछ ऐसा बोल गये जिससे उनकी साम्प्रदायिक मानसिकता तो उजागर हो ही गयी साथ ही रूह अफजा की बैठे बिठाये जबरदस्त मार्केटिंग भी हो गयी। गत दिनों रामदेव ने फेसबुक पर एक वीडियो जारी करते हुये कहा था कि -' शरबत के नाम पर एक कंपनी है जो शरबत तो देती है लेकिन शरबत से जो पैसा मिलता है उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। अगर आप वह शरबत पिएंगे तो मस्जिद और मदरसे बनेंगे और पतंजलि का शरबत पिएंगे तो गुरुकुल बनेंगे, आचार्य कुलम बनेगा, पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड आगे बढ़ेगा।" उन्होंने साथ ही आगे यह भी कहा कि - "इसलिए मैं कहता हूं ये "शरबत जिहाद" है। जैसे लव जिहाद, वोट जिहाद चल रहा है वैसे ही 'शरबत जिहाद' भी चल रहा है। रामदेव के इस विवादित व जहरीले बयान के बाद काफी हंगामा खड़ा हो गया। "देश भर में बिक रहे अन्य शीतल पेय को लेकर भी रामदेव कहते रहे हैं कि- "गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए सॉफ़्ट ड्रिंक के नाम पर लोग ठंडा मतलब 'टॉयलेट क्लीनर' पीते रहते हैं। '

दरअसल 1906 में दिल्ली में रूह अफजा की शुरूआत हकीम हाफिज अब्दुल मजीद द्वारा हमदर्द लेबोरेटरीज की बुनियाद रखने के साथ की गयी थी। उन्होंने पारंपरिक यूनानी चिकित्सा की जड़ी-बूटियों और सीरप का उपयोग कर एक ऐसा पेय बनाया, जो गर्मी और हीट स्ट्रोक से राहत दे सके। इसी शीतल पेय का नाम रूह अफजा रखा गया। अफजा का शाब्दिक अर्थ है- "वह चीज जो आत्मा(रूह ) को तरोताजा कर दे।ह्व रूह अफजा आज पूरे विश्व में लोगों का इतना पसंदीदा व स्वीकार्य पेय बन चुका है कि यह बिना विज्ञापन के ही पूरी दुनिया में छाया हुआ है। और प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपए की विदेशी मुद्रा कमाकर भारत की अर्थ व्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। शातिर रामदेव को शरबत जिहाद जैसे शब्दों से इसलिये भी परहेज करना चाहिए था कि उनके अपने उत्पाद दुनिया के कई मुस्लिम देशों में भी बिक रहे हैं। जिस मदरसे व मस्जिद से उन्हें चिढ़ है उसी मस्जिद व मदरसे से शिक्षित मौलवी मौलानाओं को अपने मार्केटिंग सहयोगी के तौर पर साथ लेकर वे अपने उत्पाद की मार्केटिंग ईरान सहित अन्य मुस्लिम देशों में करवाते देखे जा चुके हैं।

परन्तु दरअसल रामदेव के बार बार अनेक प्रोडक्ट फेल होने के कारण और कई बार उनके उत्पाद की विश्वसनीयता संदिग्ध होने के चलते यहाँ तक कि भारतीय सेना द्वारा उनके कई उत्पादों का सेम्पल फेल किये जाने के बाद उनके पतञ्जलि ब्रांड की बिक्री बंद होने लगी है। उनके उत्पाद के शोरूम तो हर जगह मिल जायेंगे परन्तु ग्राहक कहीं नजर नहीं आता। इसीलिये वे निराशा व कुंठा का शिकार होकर पहले तो विदेशी बनाम स्वदेशी का हौव्वा खड़ा कर लोगों में देशभक्ति की भावना जगा कर अपना व्यवसाय खड़ा करने की कोशिश में थे। फिर एलोपैथी बनाम आयुर्वेद का विवाद खड़ा कर उसका लाभ उठाना चाहा जिसपर अदालत में उन्हें मुंह की खानी पड़ी।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम में जिला स्तरीय कार्यबल टास्क फोर्स द्वारा जनपद में अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध संयुक्त रूप की जा रही है प्रवर्तन कर कार्यवाही

**दैनिक समाज जागरण**

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) के नेतृत्व में अवैध खनन/परिवहन के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के क्रम में जिला खनन अधिकारी व तहसीलदार सदर एवं क्षेत्रीय पुलिस की टीम द्वारा दिनांक 15 अप्रैल 2025 की रात्री में दनकौर थाना क्षेत्रान्तर्गत सेक्टर 17, ग्राम कनारसी व आदि क्षेत्रों का औचक निरिक्षण किया गया।



जिला खनन अधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 14 अप्रैल 2025 की रात्री में प्राप्त अवैध खनन की शिकायत पर सम्बन्धित थाना द्वारा दो नामजद व्यक्तियों के विरूद्व प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर मौके से जे0सी0बी0 मशीन को जब्त किया गया है। जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जनपद गौतमबुद्धनगर में जिला स्तरीय कार्यबल टास्क फोर्स द्वारा अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध संयुक्त रूप से प्रवर्तन कर कार्यवाही निरंतर की जा रही है, जिससे अवैध खनन करने वालों में दहशत का माहौल है। माह मार्च, 2025 में कुल 15 वाहनों पर रू 09 लाख रायल्टी सहित खनिज मूल्य तथा शमन शुल्क आरोपित किया गया तथा माह अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025 तक खनन विभाग द्वारा कुल 423 वाहनों पर उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए रू 1,51,41,860/- की वसूली की गयी।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम में आगे भी जिला स्तरीय कार्यबल टास्क फोर्स द्वारा अवैध खनन/परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## जनपद में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत योग एवं फिटनेस सत्र तथा पोषण बैठक का किया गया सफल आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 16 अप्रैल, 2025 : जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी के नेतृत्व में जनपद की आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विभिन्न सामुदायिक स्थलों पर योग और फिटनेस सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों, महिलाओं तथा स्थानीय नागरिकों ने



बढ़-चढ़कर भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य लोगों में शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा।

पोषण बैठक के आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, आंगनवाड़ी कार्यकताओं तथा स्थानीय प्रतिनिधियों ने भाग लेकर पोषण संबंधित विषयों पर चर्चा की। आयोजित बैठक में कुपोषण से निपटने के लिए समुदाय आधारित समाधान तथा लोगों की भागीदारी पर विशेष बल दिया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि ह्लपोषण केवल भोजन नहीं, एक समग्र जीवनशैली है। योग, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के माध्यम से हम कुपोषण को जड़ से समाप्त कर सकते हैं। समुदाय की भागीदारी और जागरूकता इस दिशा में सबसे बड़ा कदम है। जनपद में पोषण पखवाड़ा के तहत आगामी दिनों में भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य कल 17 अप्रैल को महिलाओं से संबंधित समस्याओं की करेगी जनसुनवाई

### महिलाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ करेगी समीक्षा बैठक

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 16 अप्रैल 2025: जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य डॉ0 मीनाक्षी भराला कल 17 अप्रैल 2025 को सुबह 11:00 से कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हितार्थ संचालित की जा रही योजनाओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक तथा महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई करेंगी। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के उपरांत मा0 सदस्य द्वारा जिला अस्पताल सेक्टर 39 नोएडा एवं कुमारी मायावती महामाया महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज बदलपुर गौतम बुद्ध नगर का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने सर्वसाधारण से कहा कि कल 17 अप्रैल 2025 को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु अवश्य प्रतिभाग करें। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त दिव्यांगजन अपना राशन कार्ड / फैमिली आई० डी० कार्ड की छाया प्रति जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में कराये उपलब्ध

### दिव्यांग पेंशन की धनराशि निर्वाध रूप से प्राप्त हो सके इस हेतु फैमिली आई डी० राशन कार्ड की छाया प्रति जमा कराना अनिवार्य

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 16 अप्रैल, 2025: जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जित्ता दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने दिव्यांगजन राशक्तीकरण विभाग से दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त दिव्यांगजनों को बताया कि जिन दिव्यांगजनों का राशन कार्ड / फैमिली आई० डी० कार्ड नहीं है। ऐसे दिव्यांगजन अपना आधार कार्ड फोटो सहित आनलाइन एचटीटीपीएस//प्रें'८ि.४स्त्र.ॅङ्म५.ल्ल पर आवेदन कर एवं आवेदन सहित सभी अभिलेख जिला पूर्ति अधिकारी से संबंधित तहसील/विकास खण्ड स्तर पर जमा करे, जिससे कि फैमिली जाई० डी० कार्य बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन की धनराशि निर्वाध रूप से प्राप्त हो इस हेतु फैमिली आई डी० राशन कार्ड की छाया प्रति किसी भी कार्यदिवस में कमरा न० 107 विकास भवन सुरजपुर में जमा करये अन्यथा दिव्यांग पेंशन की धनराशि के भुगतान को रोक दिया जाएगा। उन्होंने दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त दिव्यांगजनों तो यह भी बताया कि अपना फैमिली आई डी राशन बनाकर अभिलेख कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय में जमा कराये ताकि आपकी दिव्यांग पेंशन की धनराशि निर्वाध रूप से आपके खाते में अन्तरित की जा सके। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## हज यात्रा 2025 पर जाने वाले सभी 197 हज यात्रियों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण

**जिला अस्पताल, सेक्टर-39 नोएडा में 17 अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है टीकाकरण**

गौतम बुद्ध नगर 16 अप्रैल, 2025: जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जिला आल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौतमबुद्धनगर युक्ति पाण्डेय ने बताया कि हज यात्रा 2025 पर जाने वाले सभी 197 हज यात्रियों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण 17 अप्रैल 2025 से जिला अस्पताल, सेक्टर-39 नोएडा में प्रारंभ किया जा रहा है। टीकाकरण के लिए स्थल जिला अस्पताल, सेक्टर-39 नोएडा निर्धारित है। हज यात्रा पर जाने वाले सभी तीर्थ यात्रियों के लिए निर्धारित टीकाकरण अनिवार्य है।

## जनपद में घटित विभिन्न अग्निकांड की घटनाओं को न्यून एवं उसके प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से प्रशासनिक अधिकारी एक्शन में

### नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी आपदा नोएडा ने फायर सर्विस से संबंधित अधिकारियों के साथ सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में स्थित मैसेज गंगा पॉलिएस्टर लिमिटेड का किया भौतिक सत्यापन

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 16 अप्रैल 2025: जनपद में घटित विभिन्न आपदाओं को रोकने तथा कम करने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नियमित प्रयास सुनिश्चित किये जा रहे हैं। नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्र की अध्यक्षता व मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे के सह अध्यक्षता में टीम बनाई गई है जिसमें आपदा विभाग और कारखाना विभाग को सम्मिलित किया गया है, जिनके द्वारा कारखानों का संयुक्त भौतिक सत्यापन किया जाएगा। भौतिक सत्यापन के दौरान



यदि मानक के अनुरूप कारखाना नहीं पाया जाता तो नोटिस जारी किया जाएगा और अग्निशमन विभाग/कारखाना विभाग और आपदा विभाग के तहत होगी कार्यवाही।

इसी कड़ी में नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्र ने आज फायर सर्विस और कारखाना और आपदा विभाग से संबंधित अधिकारियों के साथ सूरजपुर ग्रेटर नोएडा स्थित मैसेज गंगा पॉलिएस्टर लिमिटेड साइट सी सूरजपुर इंडस्ट्रियल एरिया कंपनी में पहुंचकर फायर सुरक्षा की दृष्टिगत भौतिक सत्यापन किया गया।

उन्होंने बताया कि सत्यापन के दौरान कारखानों में जो भी कमियां पाई जाएगी उस कमियों को जिलाधिकारी महोदय के संज्ञान में लाते हुए कारखानों के प्रबंधकों द्वारा सही करवाया जाएगा । सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## गाजियाबाद कमिश्नर के तबादला, विधायक समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की आतिशबाजी, लड्डू भी बांटे

गाजियाबाद कमीशनर के तबादले होने से भारतीय जनता पार्टी खासकर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थकों मे खुशी की लहर फैल गई। विधायक के समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और लड्डू बांटे गाजियाबाद-विधायक नंदकिशोर गुर्जर के घर पहुंचकर समर्थकों ने जय श्री राम के नारे भी लगाए। हिन्दू संगठन के नेताओं ने विधायक नन्दकिशोर गूर्जर को कुर्ते भेट किये। इस अवसर पर विधायक नंन्दकिशोर गूर्जर ने कहा कि यह जनता की जीत है। सभी समाज का आदेश शिरोधार्य है सहारनपुर के मीरपुर गांव में बाबा फकीरा दास और राम कथा



में शामिल होने के बाद उन्होंने कुर्ता पहनने की संभावना जताई विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि रामद्रोही महिलाओं शोषित वंचितों पर बरबरता करने वाले अधिकारी के रूप में जान जाएंगे । ऐसे कर्म पीछा नहीं छोड़ते राम का अपमान करने वालो को कहीं स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि शर्म बची है तो गाजियाबाद की जनता से माफी मांग कर जाए । उन्होंने कहा कि इस मामले को सदन में विशेषाधिकार लाकर रामद्रोहियों को दंडित करने का काम किया जाएगा।

## जनपद में आगामी 10-05-2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 16 अप्रैल, 2025 : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निदेशों के अनुपालन में अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय ने बताया कि दिनांक 10/05/2025 को जनपद गौतमबुद्वनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## सचिवों ने कार्य बहिष्कार कर विकास खंड बागपत पर दिया धरना ।

**दैनिक समाज जागरण**

बागपत : ग्राम पंचायत सचिव और निबाली प्रधान के बीच फर्जी भुगतान के मामले को लेकर हुआ विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति बागपत के आह्वान पर आज जनपद के समस्त सचिवों ने कार्य बहिष्कार कर विकास खंड बागपत पर धरना दिया। घटना की जानकारी पुलिस व प्रशासन के उच्चाधिकारियों को होने के बावजूद भी वह इस मामले में मूकदर्शक बने हुए बैठे हैं । सचिवों के कार्य बहिष्कार के कारण जनपद के विकास कार्य पूरी तरह ठप है। ग्राम विकास अधिकारी संदीप कुमार के साथ हुई घटना की जांच खंड विकास अधिकारी बागपत के के पाण्डेय और सहायक विकास अधिकारी पंचायत और कृषि ने मिलकर की थी लेकिन जांच रिपोर्ट



में क्या सामने आया। इसकी अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। पंचायत सचिव के साथ हुई घटना के कारण जनपद के सचिव में रोष व्यापत है ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष प्रमोद शर्मा के आहवान पर जनपद के सभी विकास खंड के साथियों ने कार्य बहिष्कार कर बागपत विकास खंड पर पहुँच कर अपना सर्मथन देते हुए धरना दिया। जनपद के सचिवो के धरने शामिल होने के कारण जनपद के विकास खंडों में होने वाले विकास कार्य पूरी तरह ठप्प रहे। इस मामले की जानकारी पुलिस क्षेत्राधिकार, पुलिस अधीक्षक बागपत, व मुख्य विकास अधिकारी बागपत नीरज श्रीवास्तव को होने के वावजूद भी जनपद में चल रहे धरना प्रदर्शन को समाप्त कराने में उच्चाधिकारियों ने कोई दिलचस्पी नही दिखाई। जिस कारण धरना लगातार व्यापक रूप लेता चला गया। धरने पर अनिल मान विकुल तोमर, विकास राठी, रविन्द्र कुमार, सतेंद्र कुमार, हरिओम त्यागी, मुकेश यादव, कृष्ण यादव, कृष्ण कुमार तोमर, सुनील बंसल सहित कई दर्जन साथियों ने भाग लिया

## आर्य समाज का भावी स्वरूप विषय पर गोष्ठी संपन्न

### आर्य समाज ने सत्य स्वरूप की स्थापना की -अतुल सहगल

गाजियाबाद,बुधवार, 16, अप्रैल 2025,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में आर्य समाज के 150 वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज का भावी स्वरूप विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 709 वाँ वेबिनार था।

वैदिक प्रवक्ता अतुल सहगल ने समाज के सामान्य जन की दृष्टि में आर्यसमाज के स्वरुप की चर्चा की।आर्यसमाज अपनी स्थापना के 150 वर्ष बाद भी कई सामान्य व्यक्तियों की धारणा में राम और कृष्ण को न मानने वाला अथवा नास्तिक लोगों का समाज है।कई अन्य लोगों की दृष्टि में यह इसाईयत और इस्लाम से प्रेरित समाज है जो मूर्ति पूजा का विरोध करता है।वक्ता ने इस स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि जिस समाज ने सच्चे धर्म के पुनःस्थापन और पुनर्जागरण के लिए और राष्ट्र चेतना जगाने के लिए इतना कुछ किया,उसके बारे में गलत धारणाएँ आज भी प्रचलित हैं।वक्ता ने फिर आर्यसमाज का वास्तविक स्वरुप उजागर करते हुए

## "बलिया में 'स्कूल चलो' की अलख जगाती रैली: अलावलपुर के बच्चों ने गाँव-गाँव घुमकर बताया 'पढ़ाई है जरूरी' !"

**दैनिक समाज जागरण**

बलिया। प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर हनुमानगंज के प्रांगण में गुरुवार को शिक्षा की मशाल जलाने का नजारा देखने को मिला। 'स्कूल चलो अभियान' के तहत आयोजित रैली ने न सिर्फ गाँव को हलचल से भर दिया, बल्कि यह संदेश दिया कि "कलम की ताकत से ही भविष्य बनता है।" खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र यादव और ग्रामप्रधान प्रतिनिधि दीपक कुमार सिंह की मौजूदगी में शुरू हुई इस मुहिम में बच्चों ने रैली निकालकर पूरे गाँव को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

सुबह की धूप में चमकते बच्चों के चेहरों ने विद्यालय की शोभा बढ़ाई। सहायक अध्यापिका अंजली तोमर ने बच्चों को कतारबद्ध कर उनके हाथों में रंग-बिरंगे पोस्टर थमाए, जिन पर लिखा था झ "पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया!" मुख्य अतिथि सुरेन्द्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। बच्चों का जुलूस गाँव की गलियों से होता हुआ चौपालों तक पहुँचा, जहाँ लोगों ने खिड़कियों से झांककर इस हुजूम को निहारा। छोटे-छोटे कदमों की थाप पर गूँजता रहा नारा झ "स्कूल चलो, स्कूल चलो... ज्ञान




का दीया जलाओ!"

रैली के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा, "ये बच्चे हमारे भविष्य की नींव हैं। इन्हें शिक्षा से जोड़कर हम गाँव को नई रोशनी देंगे।" वहीं दीपक कुमार सिंह ने अभिभावकों से अपील की झ "आपका एक कदम बच्चे की ज़िंदगी बदल सकता है। उन्हें स्कूल भेजकर उनके सपनों को उड़ान दें।" विद्यालय लौटने पर बच्चों को मिष्ठान बाँटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने नामांकन बढ़ाने का संकल्प लिया। सहायक अध्यापिका संध्या पाण्डेय ने बताया, "हमारी टीम घर-घर जाकर अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराएगी।" नीलम कुमारी, रीना चौहान और प्रिया त्रिपाठी अवधेश कुमार जैसे शिक्षकों ने बच्चों के उत्साह को सलाम किया, तो अवधेश कुमार ने कहा, "आज का दिन इस गाँव के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा।" कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव ने सभी का आभार जताते हुए गाँव वालों से आग्रह किया – "आओ मिलकर इस अभियान को सफल बनाएँ। आपके बच्चे ही इस देश को नई दिशा देंगे।" उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि जून तक नामांकन लक्ष्य को पार करने के लिए जनसंपर्क अभियान तेज किया जाए। यह नजारा था कि जब रैली समाप्त हुई, तो बच्चों के चेहरे पर पसीना था, मगर आँखों में चमक... वही चमक जो शिक्षा से ही आती है। अलावलपुर का यह प्रयास बताता है कि गाँव-गाँव में शिक्षा की लौ जलाने के लिए सिर्फ नारे नहीं, बल्कि ऐसे सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। आज यहाँ के बच्चों ने साबित किया

## बेस्ट लीडरशिप वही, जो अंधेरे में भी दिखाएं रोशनी: मेजर शाह

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की ओर से चुनौतियों को जीत में बदलना: युद्ध के दौरान और उससे परे नेतृत्व के सबक पर लीडरशिप टॉक सीरीज का 13वां सत्र**

रक्षा और रणनीतिक मामलों के विश्लेषक, जीवन शैली ट्रेनर, विजिटिंग फैकल्टी, इफेक्टिव कम्युनिकेशन अकेडमी के फाउंडर, बेस्ट ऑरटर मेजर मोहम्मद अली शाह बोले, नकारात्मकता को कभी भी अपने जीवन का हिस्सा न बनाएं। यदि लक्ष्य की प्राप्ति करनी हैं तो सदैव सकारात्मक रहना होगा। विफलताओं से कभी नहीं घबराएं। उन्होंने अपने जीवन के तमाम निगेटिव और पॉजिटिव पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, सेना में भर्ती के समय वह बार-बार असफल हुए, लेकिन न हताश हुए न निराश हुए। हमेशा टारगेट पर फोकस रहा। जीवन में आने वाली असफलताएं ही भविष्य की सफलता की नींव होती हैं। उन्होंने युवाओं को हर परिस्थिति में सकारात्मक सोच और सीखने की प्रवृत्ति बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा, हर बाधा जीवन का एक तरीका है, जो आपको कुछ बड़ा करने के लिए तैयार करता है। चुनौतियां बाधाएं नहीं हैं, वे ऊपर उठने के लिए निमंत्रण है। सफलता एक मंजिल नहीं, बल्कि एक निरंतर यात्रा है, जो हर चरण में पुर्नआविष्कार, प्रतिबिंब और लचीलेपन की मांग करती है। हर सेक्टर में कॉर्डिनेशन और कम्युनिकेशन की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। मेजर शाह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की



ओर से चुनौतियों को जीत में बदलना: युद्ध के दौरान और उससे परे नेतृत्व के सबक पर आयोजित लीडरशिप टॉक सीरीज के 13वें सत्र में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। करीब एक घंटे के सारगर्भित संबोधन में मेजर शाह ने अपने सैन्य जीवन और निजी अनुभवों के माध्यम से नेतृत्व, साहस, सेवा और आत्म-विश्वास जैसे मूलभूत सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की। लीडरशिप टॉक के दौरान एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन और मेंबर ऑफ गवर्निंग बॉडी श्रीमती जान्हवी जैन के संग-संग डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डेंटल कॉलेज की डायरेक्टर गवर्नेंस श्रीमती नीलिमा जैन की गरिमामयी मौजूदगी रही। दूसरी ओर मेजर मोहम्मद अली शाह ने टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, ईडी श्री अक्षत जैन से शिष्टाचार मुलाकात की। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने मेजर शाह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

मेजर मोहम्मद अली शाह स्टुडेंट्स से बोले, मेहनत से मत डरो। डटकर मेहनत करो। मेजर शाह ने सेना में अपने कार्यकाल के दौरान आई चुनौतियों और संकट की घड़ियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सच्चे नेता वही होते हैं जो अंधेरे में भी दिशा दिखाएं। संकट की घड़ी में शांत, दृढ़ और संवेदनशील बने रहें। उन्होंने एक घटना साझा की, जब विषम मौसम में संचार ठप होने के बावजूद उन्होंने टीम को सुरक्षित दिशा दी। उन्होंने युद्ध से जुड़े कई मार्मिक अनुभवों को साझा करते हुए यह भी बताया कि नेतृत्व केवल आदेश देने का नाम नहीं, बल्कि सेवा, बलिदान और जिम्मेदारी का दूसरा नाम है। उन्होंने कहा, लीडरशिप का मतलब केवल खुद को बचाना नहीं, बल्कि दूसरों के लिए खड़ा होना होता है, चाहे कीमत कुछ भी हो। उनकी सेना अधिकारी से अभिनेता, रक्षा विश्लेषक, प्रेरक वक्ता और उद्यमी तक की यात्रा इस बात का जीता जागता प्रमाण है कि दर्द को शक्ति, ड़र को साहस और असफलताओं को सकारात्मक कदमों में बदला जा सकता है। बोले, हम सभी अपने आप में नेता हैं। चाहे हम किसी टीम, परिवार या सिर्फ स्वंय का नेतृत्व करें। महान योद्धा बनाने वाले गुण- अनुशासन, विनम्रता, ईमानदारी और बड़े लक्ष्य के प्रति अडिग प्रतिबद्धता ही महान इंसान बनाते हैं। टॉक सीरीज में फामेर्सी के स्टुडेंट्स संदेश सराफ ने सवाल किया, क्या वर्तमान में पत्रकारिता अपना धर्म निभा रही है? छात्र राजकुमार चौधरी ने पूछा, नेतृत्व क्षमता को कैसे विकसित किया जाए? अकेडमिक और व्यावहारिक क्षेत्र में इसका उपयोग कैसे किया जाए? साथ ही डेंटल स्टुडेंट्स से भी मुलाकात की। टॉक सीरीज के दौरान डॉ. अमित कंसल, डॉ. वरुण कुमार सिंह, डॉ. महेश सिंह आदि की भी मौजूदगी रही। संचालन डॉ. नेहा आनन्द ने किया।

### मेजर शाह के पिता एवम् एएमयू के पूर्व वीसी श्री जमीरुद्दीन शाह भी बतौर गेस्ट आ चुके हैं टीएमयू

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का सौभाग्य है, मेजर मोहम्मद अली शाह और उनके पिता एवम् अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी लेफ्टिनेंट जनरल श्री जमीरुद्दीन शाह कैंपस में बतौर अतिथि आ चुके हैं। लेफ्टिनेंट जनरल श्री जमीरुद्दीन शाह ने कैंपस भ्रमण के दौरान टीएमयू के इंफ्रास्ट्रक्चर से अभिभूत होकर कुलाधिपति श्री सुरेश जैन से कहा था, अलीगढ़ मुस्लिम विवि अपने 100 बरस के दौरान इतना भव्य इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं खड़ा कर पाया, जितना तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का है। उल्लेखनीय है, मेजर शाह अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़ के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल श्री जमीरुद्दीन शाह के पुत्र हैं, जबकि भारतीय अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के भतीजे हैं। वह 20 से अधिक टीईडीएक्स टॉक्स, जोश टॉक्स, एमएस टॉक्स सरीखे प्लेटफार्म्स पर अपना जोरदार प्रदर्शन कर चुके हैं। मेजर शाह एजेंट विनोद, हैदर, बजरंगी भाईजान सरीखी फिल्मों में भी अपने किरदार का जौहर दिखा चुके हैं।

## "है जिंदगी कितनी खूबसूरत" कुमार सत्यम की गजलों ने पंडोखर महोत्सव में शमां बांधा

(सुघर सिंह सैफई) दतिया । श्री पण्डोखर सरकार धाम के 29वें वार्षिक महोत्सव में बॉलीवुड अभिनेता पुनीत इस्सर एवं प्रसिद्ध गजल गायक कुमार सत्यम ने पण्डोखर धाम तीर्थ क्षेत्र पहुंचकर श्रीपंडोखर धाम के दर्शन किये। महाभारत में दुर्योधन की भूमिका निभाने वाले पुनीत इस्सर की धार्मिक प्रस्तुति दी। व विश्व प्रसिद्ध गजल गायक कुमार सत्यम ने " है जिंदगी कितनी खूबसूरत उन्हें अभी यह पता नही है" व "तुम्हारी दौलत नई नई है" "किसी राह में किसी मोड़ पर मेरे हमसफर आदि एक दर्जन से अधिक गजलों ने मध्य रात्रि तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। पंडोखर धाम के पीठाधीश्वर पं० गुरूशरण शर्मा का जन्मदिन भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। श्री पंडोखर धाम के ट्रस्टी विधायक प्रतिनिधि ठाकुर अजेंद्र सिंह गौर, बिंदु शर्मा, पंकज त्रिपाठी, सोनू शर्मा, राम जी, सचिन मिश्रा, राहुल शर्मा, विपिन बिरथरे, शिवम तिवारी, उमाशंकर शास्त्री, मुकेश गुप्ता, ने पुष्पहार पहनाकर गुरूशरण शर्मा को बधाई दी। देश भर से हजारों की संख्या में भक्त केक लेकर पंडोखर धाम पहुँचे गुरु जी ने सभी भक्तों के साथ मिलकर केक काटा और आशीर्वाद दिया। पण्डोखर 29 में श्री पण्डोखर धाम महोत्सव में विगत 12 अप्रैल से धाम परिसर में भक्ति की धारा बह रही है। पण्डोखर सरकार धाम पीठाधीश्वर श्री गुरुशरण जी महाराज के सानिध्य में 1111 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित पण्डोखर धाम महोत्सव में प्रतिदिन प्रातः काल से ही वेद मंत्रों की गूंज से आरंभ होने वाले श्रीराम महायज्ञ में श्रद्धालु यह की परिक्रमा कर धाम परिसर में विराजित देवी देवताओं के दर्शन कर भक्ति की धारा में गोते लगा रहे हैं।

## नारायण दास ट्रस्ट की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए ।पंडित राजेश अग्निहोत्री भगवताचार्य।

गायत्री तपोभूमि के सामने जयसिंह पुरा में सन 1888 में बनाई गई धर्मशाला और मंदिर प्राचीन तो है ही, इसके साथ साथ कुछ अलग हटके भी है जैसे सभी मंदिरों में भगवान श्री कृष्ण प्रायः सभी मंदिरों में श्री राधा रानी के साथ हैं परन्तु इस धर्मशाला के मंदिर में अपनी मां यशोदा रानी के साथ में हैं। प्राचीन समय में इसमें संस्कृत विद्यालय भी चला करता था पक्षियों को दाना, गरीबों को भोजन, गौसेवा आदि सेवाएं अनवरत रूप से चलती थीं। एक डॉ साहब जो आज सरस्वती अस्पताल चलाते हैं इन्होंने मन्दिर की जगह किराए से ली और फजीर्वाड़ा करके किरायेदार से कैसे बन गए? सवाल ये उठता है कि एक किरायेदार मालिक कैसे बन सकता है? और वो लोग कौन है जिन्होंने डॉ का साथ



दिया? जबकि मथुरा जिले के पदेन जिलाध्यक्ष ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। निश्चित रूप से फजीर्वाड़ा करने वाले बाहुबली और धनबली होंगे।एक साल पहले भी मैंने ये मुद्दा उठाया था कि भूमाफियाओं की नजर अब मंदिरों पर है। मंदिर पर कब्जा करने वाला धमकियां देने से भी बाज नहीं आता। मैं शासन प्रशासन से मांग करता हूं कि मन्दिर और धर्मशाला की भूमि को कब्जामुक्त कराई जाए और कब्जा करने तथा धोखाधड़ी करने वाले पर मुकदमा भी चलाया जाए।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की मौत जांच के निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

बिजनौर जिला मजिस्ट्रेट महोदय बिजनौर के आदेश के क्रम में उप जिला मजिस्ट्रेट धामपुर ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि आवेदिका श्रीमती भगवती पत्नी श्री रामचन्द्र सिंह निवासी ग्राम शेखपुर पित्था पोस्ट मौज्जमपुर सूरज तहसील धामपुर जिला बिजनौर ने अपने प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया है कि उसका पुत्र श्री दीपक कुमार पुत्र रामचन्द्र सिंह निवासी ग्राम शेखपुर पित्था पोस्ट मौज्जमपुर सूरज तहसील धामपुर जिला बिजनौर दिनांक 12 मार्च, 2021 को अपनी मोटर साईकिल सं० यू०पी020एच-5042 से धामपुर से अपने घर आ रहा था तो धामपुर-नूरपुर रोड नींदडू पैट्रोल पम्प के पास लगभग 19:30 बजे किसी अज्ञात ने दीपक कुमार की मोटर साईकिल में टक्कर मार दी, जिस कारण दीपक कुमार की मौके पर मौत हो गयी थी। उन्होंने बताया कि उक्त दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु जिला मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा उन्हें नामित करते हुए दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच उ०प्र० मोटर गाडी कराधान नियमावली 1998 के नियम संख्या- 30 व 31 के अन्तर्गत पूर्ण करके मजिस्ट्रीयल जांच आख्या एक माह के अन्दर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच उनके द्वारा की जा रही है। अतः इस सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई बयान / साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह एक माह के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में उप-जिला मजिस्ट्रेट धामपुर के कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



बिजनौर में पुलिस ने युवती को किया बरामद, पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई बिजनौर के बढ़ापुर थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लड़की को भी सकुशल बरामद कर लिया है।

घटना 27 मार्च 2025 की है। पीड़िता की मां ने बढ़ापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि शाहअलीपुर कोटरा निवासी साहिल पुत्र नाजिम उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। जांच में मामला पॉक्सो एक्ट का पाए जाने पर धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया। उप निरीक्षक मृदुल कुमार के नेतृत्व में टीम ने आरोपी साहिल को गिरफ्तार कर लिया। टीम में उप निरीक्षक विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार, कांस्टेबल दानिश अली और कांस्टेबल पंकज कुमार शामिल थे। पुलिस अब मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# दो अज्ञात बाइक सवारो ने की परचून की दुकान पर फायरिंग

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

किरतपुर दो अज्ञात बाइक सवारों ने एक परचून की दुकान पर फायरिंग करी दुकान पर बैठे कपिल बाल बाल बचे मामला किरतपुर के कुम्हेडा गांव का है । पुलिस ने कपिल की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया सुबह 11:00 बजे गनौरा का रहने वाला कपिल गांव कुम्हेड़ा में परचून की दुकान



करता है जैसे ही 10:00 बजे के करीब वह गांव कुम्हेड़ा के परचून की दुकान खोलकर बैठा ही था की 11:00 बजे करीब अज्ञात बाइक सवार दो लोग आए और उन्होंने चार राउंड फायरिंग की जिसमें दो गोली दुकान के काउंटर में लगी और दो गोली ऊपर छत पर लगी कपिल ने तुरंत किरतपुर पुलिस को सूचना दी किरतपुर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल किया

# मंडावर पुलिस ने अभियुक्त को अवैध शस्त्र सहित किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**
**मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



मंडावर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मौ० शाहविलायत के अलीजा बैंकट हॉल में एक व्यक्ति को गोली लग गयी है। सूचना पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। घटनास्थल पर सौरभ (उम्र 19 वर्ष) पुत्र अनिल निवासी मोहल्ला शाहविलायत कस्बा व थाना मंडावर जनपद बिजनौर को पीठ में गोली लगने से घायल पाया गया, जिसे तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल बिजनौर भेजा गया। पुलिस द्वारा चेक की गयी वीडियो फुटेज से यह स्पष्ट हुआ कि सौरभ उपरोक्त बारात में नाचते समय अपनी पैंट में पीठ की ओर तमंचा लगाए हुए दिखाई दे रहा है, उसी दौरान पैंट से तमंचा निकालते समय गोली चल गई थाना मंडावर पुलिस द्वारा अभियुक्त सौरभ पुत्र अनिल कुमार निवासी मौ० शाहविलायत थाना मंडावर जनपद बिजनौर को पुलिस हिरासत में लेकर अभियुक्त सौरभ की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा 12 बोर व 01 खोखा कारतूस बरामद किया गया थाना मंडावर पर सौरभ पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे अपनिरीक्षक श्री मैन कुमार थाना मण्डावर बिजनौर उप निरीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह थाना मण्डावर बिजनौर हेड कांस्टेबल दीपक राणा थाना मण्डावर बिजनौर हेड कांस्टेबल अश्वनी थाना मण्डावर बिजनौर कांस्टेबल साकेत भाटी थाना मण्डावर बिजनौर आदि मौजूद रहे

# के वी के वैज्ञानिकों ने जारी की पाईरिल्ला कीट प्रबंधन हेतु एडवाइजरी

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**
**शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



नगीना। कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिको की टीम डॉ. के के सिंह और डॉ. पिंटू कुमार द्वारा किसानो के गन्ना खेत का भ्रमण कर पाईरिल्ला कीट प्रबंधन हेतु एडवाइसरी दी गई। पाईरिल्ला गन्ने की फसल का एक महत्वपूर्ण कीट है जो गन्ने की पत्तियों से रस चूस कर फसल को हानि पहुंचता है ' पाईरिल्ला कीट के वयस्क भूरे रंग के होते हैं, जिनकी लंबाई 10 से 12 मिलीमीटर होती है, कीट के दो जोड़ी पंख होते हैं और कीट के अंडे हल्के पीले रंग के होते हैं। अडो से निकले बच्चे पांच बार निर्मोचन करने के उपरात प्रौढ़ कीट में परिवर्तित हो जाते हैं। प्रौढ़ एवं निम्फ कीट द्वारा निरंतर गन्ने की पत्तियों से रस चूसे जाने के कारण गन्ने की पत्तियां पीला पड़ना शुरू हो जाती हैं। पत्तियों की निचली सतह पर कीट का आक्रमण होता है और कीट द्वारा पत्तियों की सतह पर मधु स्राव किया जाता है, जिस पर काली फफूंदी का विकास हो जाता है। कीट का अधिक प्रकोप होने पत्तियाँ सूखने लगती है, प्रबंधन हेतु खेत में पर्याप्त नमी बनाए रखें। खेत में अंडा समुहों को पत्तियों सहित निकालकर नष्ट कर देना चाहिए । नत्रजन युक्त उर्वरकों का प्रयोग संस्तुति के आधार पर ही करें, गन्ने के खेत में, 55 फीट का गड्ढा बनायें, एवं उसमें, पालीथीन बिछा दें, गड्ढे में पानी भरा रहे। पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ तेल डालें, फिर उस पर लाईट टेप लगाएं जिसमें 200 वाट का बल्ब, हो उसे लटका दें। रात्रि में पाईरिल्ला एवं अन्य कीट प्रकाश के प्रपंच में आकर गड्ढे में गिर जाते हैं ' लाईट ट्रैप शाम से 7 से 10 के बीच ही चालू रखें। एपिरिकेनिया मेलानोलुका परजीवी यदि खेत में दिखाई दे रहे हैं तो ऐसी स्थिति में कीटनाशक का प्रयोग न करें बल्कि इनके संरक्षण के लिए खेत की सिंचाई कर नमी बनाए रखें । एपिरिकेनिया मेलानोलुका परजीवी के 4-5 लाख अंडे या 5 हजार शंखियां/हेक्टर की दर से प्रकोपित फसल पर छोड़े। पायरिल्ला के अंडों का परजीवी टेट्रास्टिकस पायरिल्ला से ग्रसित अंडों के समूह युक्त पत्तों को काटकर, खेत में जगह-जगह फैलायें, ताकि अंडो की अवस्था में ही इस कीट पर विराम लग सके। पाईरिल्ला से ग्रसित खेत में एपिरिकेनिया के दिखाई न देने की स्थिति में और कीट का संख्या 3 से 5 वयस्क कीट या निम्फ/पत्ती होने की दशा में निम्नलिखित कीटनाशकों में से किसी एक का प्रयोग करें । कार्बोफ्यूरॉन 3 प्रतिशत सीजी 33.3 कि.ग्रा. प्रति हेक्टेयर का उपयोग करें, या प्रोफेनोफास 40%+साइपरमेथिन 4% @ 750 मिली प्रति हेक्टेयर का उपयोग करें। क्लोरपायरीफॉस 50% + साइपरमेथ्रिन 5% ईसी 750-1000 मिली प्रति हेक्टेयर, पाईरिल्ला कीट के नियंत्रण के लिए किसान भाई कीटनाशक का प्रयोग कर रहे हैं तो उनके आसपास के किसान सामूहिक रूप से कीटनाशकों का प्रयोग करे ताकि पाईरिल्ला कीट को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया जा सके'

# 11 वर्षीय बालक ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

किरतपुर। भौतिकवाद के इस युग में जहाँ युवा जरा सी बात बर्दाश्त नहीं कर पाते और आत्महत्या जैसा आत्म घाती कदम उठा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लेते है वहीं यहाँ मुहल्ला मिल्कियान, लाल मस्जिद के पास अपने पिता की डाट खाने के बाद एक 11 वर्षीय बालक ने फांसी का फन्दा लगाकर आत्म हत्या कर ली। सीओ नजीबाबाद ने मौके का मुआयना किया और शव को पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मुहल्ला मिल्कियान लाल मस्जिद के पास रहने वाले निसार सब्जी वाले का 11 वर्षीय पुत्र शादान उर्फ शाहरुख स्कूल की छुट्टी ज्यादा करता था उसका मन पढ़ाई में नहीं लगता था। बुधवार की सुबह निसार ने शाहरुख को स्कूल ना जाने पर डाट दिया था। परिजनों के अनुसार शाहरुख काफी देर से घर से गायब था,उसकी बहन जीनत उसे ढूढती हुई पास के मकान में पहुंची तो वहाँ का मन्जर देख कर उस के पैर तले की जमीन खिसक गयी। उसके भाई शाहरुख के गले में फासी का फन्दा लगा हुआ था उस की जीभ मुँह से बाहर निकल गयी थी। जीनत बदहवासी की हालत में अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी अपनी माँ को दी वह दौड़ी दौड़ी शाहरुख के पास पहुंची। जीनत ने उसके गले का फन्दा खोला और नीचे उतारा। तब तक वहाँ काफी भीड़ लग चुकी थी। शाहरुख को एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर सी.ओ. व कस्बा इंचार्ज मय पुलिस फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरवाकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। इस से पूर्व फोरेंसिक टीम ने भी घटना स्थल का दौरा किया। मृतक शाहरुख का पिता बेहद गरीब है वह सब्जी का ठेला लगा कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है उसके चार लड़किया और दो लड़के थे। शाहरुख की हुई अचानक मौत से परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। उनके ऊपर गमों का पहाड़ टूट पड़ा, मालूम हो कि इस सप्ताह के अंदर कुवैत में रह रहे महेशपुर खेड़ी व गाजीपुर निवासी दो युवकों ने आत्महत्या कर ली जबकि एक 15 वर्षीय बालक ने नहटौर में आत्महत्या कर ली,

# दो बाइकों की भीषण टक्कर, एक युवक की मौत, तीन गंभीर घायल

**दैनिक समाज जागरण**

सम्भल । थाना असमोली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मदाला के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, एक स्प्लेंडर प्लस बाइक पर सवार मोहम्मद हसन (24 वर्ष) पुत्र छिद्दा निवासी लहरा कमनगर, थाना हयातनगर और गुलाम (20 वर्ष) पुत्र नन्हे, संभल की ओर से आ रहे थे। वहीं दूसरी बाइक, पर सवार अजीम (26 वर्ष) पुत्र मेंहदी हसन और रिहान (21 वर्ष) पुत्र बाबू, निवासी ओबरी, असमोली की ओर जा रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिससे चारों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा सभी घायलों को तत्काल सीएचसी असमोली भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने मोहम्मद हसन को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन युवक अभी उपचाराधीन हैं और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। सूचना मिलते ही घायलों के परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है और पुलिस द्वारा जांच जारी है।

# एसडीबी पब्लिक स्कूल में किंडरगार्डन सेक्सन के बच्चों ने टिफिन शेयरिंग एक्टिविटी में की सहभागिता

**आई एम खान/**
**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बिसौली बदायूं। श्री देवराहा बाबा पब्लिक स्कूल में किंडरगार्डन सेक्सन मे शिक्षिकाए गौरी सिंह, स्वाति, सुंदरी, शालू, विनीता, कृति, अर्चना एवं मुस्कान के दिशा निर्देशन में बच्चों ने टिफिन शेयरिंग एक्टिविटी में सहभागिता की। बच्चों ने हाथ धोकर पहले मंत्रोच्चार किया, फिर भगवान को याद करके धन्यवाद देकर लंच ना लाने वाले विद्यार्थियों को अपना भोजन, फल, पानी, मिठाई आदि शेयर किए, बच्चों ने खूब मस्ती की। इस दौरान अधिराज, तेजस, हिमांशु, अक्षिता, कामना, आदित्य, प्रिंस, मुस्कान आदि बच्चों ने अत्यंत ही शिष्टाचार पूर्ण ढंग से भोजन किया। कक्षा एक से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों में अंग्रेजी हिंदी हस्त लेखन सुलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें आरव, वंश, आयुषी, आकाश, अभि, राधिका, शिखा, नैतिक, आव्या, अक्षिता, अन्बू, नित्या, सपना, अंशिका, रचित अभिनव प्रतीक पथ मितांशी समृद्ध आहिल, अयान, अनुष्का, रिजवा, आयुष पाल, मिष्ठी, शौर्य आदि छात्र छात्रा क्रमांशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताएं एक्टिविटी इंचार्ज शारदा बावेजा के दिशा निर्देशन में कराई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मीनू बत्रा एवं निर्देशक अखिलेश वार्ष्णेय ने बच्चों के अथक प्रयासों की सराहना की एवं सभी को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# पड़ोसियों ने महिला व उसके पुत्र से की मारपीट, जान से मारने की दी धमकी

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।थाना असमोली क्षेत्र के ग्राम मलकपुर नवादा में आपसी रंजिश को लेकर सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला और उसके बेटे के साथ उनके ही पड़ोसियों द्वारा मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने थाने में नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मलकपुर नवादा निवासी हुकमत बानो पत्नी आविद सोमवार सुबह लगभग 10 बजे अपने घर के गेट पर खड़ी थीं, तभी पड़ोसी मुखीम, भोलू, याकूब पुत्र मुस्तकीम और रुखसाना पत्नी फर्जन्द वहां आ धमके। पीड़िता के अनुसार, उक्त लोगों ने एक दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने हुकमत बानो के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, बीच-बचाव करने आए पीड़िता के पुत्र तालिब को भी डंडों से पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। हमलावर घटना के बाद मौके से फरार हो गए। घटना से आक्रोशित पीड़िता ने थाना असमोली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हज यात्रियों के लिए प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम हुआ निर्धारित

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बदायूँ। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने जानकारी दी है कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा हज प्रशिक्षण व टीकाकरण कार्यक्रम शीघ्र सम्पन्न कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंन जनपद के समस्त हज यात्रियों को सूचित किया है कि हज -2025 हेतु हज यात्रियों को प्रशिक्षण 18 अप्रैल 2025 को प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक अल-फारिया अस्पताल(बेसमेन्ट) लालपुल-कचहेरी रोड नाहर खॉं सरायं बदायूॅं में दिया जायेगा। समस्त हज यात्रियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करना अनिवार्य है। जिला महिला चिकित्सालय बदायूॅं स्थित अचल केन्द्र में हज यात्रियो को मैनिनगोकॉकल मैनिनजाइटिस वैक्सीन तथा सीजनल इन्फलुएन्जा वैक्सीन का टीकाकरण 21 तथा 22 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक किया जाएगा। सभी हज यात्री समय से पहुंच कर वैक्सीन, टीकाकरण अवश्य करायें। हज-2025 की यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को वैक्सीन, टीकाकरण हेतु अपने साथ आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साइज फोटो, ब्लड ग्रुप रिपोर्ट, कोविड-19 वैक्सीनेशन कार्ड लाना अनिवार्य है।

# मसीरा में माफिया राज: नियम-कानून ताक पर, अवैध खदान से बगैर सीमांकन बालू का धंधा चरम पर

**दैनिक समाज जागरण**

शहडोल।जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के मसीरा ग्राम पंचायत में रेत माफियाओं का दबदबा कायम है। नियम, कायदे और कानून को ठेंगा दिखाते हुए यहां अवैध खदान का संचालन हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मसीरा घाट पर बिना किसी वैध अनुमति और सीमांकन के रेत का खनन किया जा रहा है। इस बात को लेकर ग्रामीणों ने दर्जनों पर शासन प्रशासन के सामने शिकायत की है लेकिन उनकी शिकायतों पर कभी भी कोई कार्यवाही नहीं होती है चाहे वह बेरोजगारी का मामला हो या ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार में रखकर नियम कायदे कानून को पूरा करने का फोरम तक को पूरा करना जरूरी नहीं समझते हैं

**पुल के पास खनन पर रोक, फिर भी जारी कारोबार**

शासकीय गाइडलाइन के मुताबिक पुल से 900 मीटर की दूरी पर ही रेत खनन की अनुमति है, लेकिन मैनेजमेंट और माफिया गठजोड़ के बल पर इस नियम को दरकिनार कर दिया गया है। खदान सीमा क्षेत्र से बाहर जाकर भी खनन किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि इस बात की जानकारी क्षेत्रीय लोगों के साथ-साथ खनिज विभाग के अधिकारी को नहीं है उन्हें पूरी तरह पता है कि खदान अवैध तरीके से अवैध सीमांकन वाली जगह पर खुदाई चालू है और लाखों का आवारा न्यारा प्रतिदिन किया जा रहा है लेकिन फिर भी प्रशासनिक अम्लों में कमजोरी के बाद भी धड़क भी लगाम या खदान संचालित हो रही है।

**24 घंटे चल रही मशीनों से खुदाई**

खदान पर पोकलेन और जेसीबी मशीनें 24 घंटे चल रही हैं, जबकि नियम के अनुसार इन्हें सिर्फ शासकीय मापदंड के कुछ चिन्हित घंटे तक चलने की अनुमति है। लेकिन मैनेजमेंट के आगे नियम कायदे कानून सब जीरो हो जाते हैं नदी के किनारे सैकड़ो जीव जंतु निवास करते हैं लेकिन रात के अंधेरों में मशीनों को और भी ज्यादा करके शोर गुल मचाने का काम कर रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि मशीनों की संख्या और मशीनों की घटा तय होते हैं कि उन्हें कितने समय तक चला सकते हैं लेकिन अनुभूति 24 घंटे की समझ कर रात दिन एक करते हुए कोलाहल मचाना अपना कर्तव्य समझकर चीख पुकार मचाते रहते हैं, जिससे वन क्षेत्र के जंतु भी उक्त क्षेत्र को छोड़कर अन्य जगह जाकर शरण ढूंढने को मजबूर हो जाते हैं। इन्हीं सब कारणों से जंगल के शेर शहरों में आकर घूम रहे हैं और हम वजह तलाश कर रहे हैं इसके अलावा, ग्राम पंचायत क्षेत्र में हैंड लोडिंग से रोजगार देने का भी प्रावधान है, लेकिन माफिया नियमों का पालन करना तो दूर, ग्रामीणों को बेरोजगार बना रहे हैं।

**पुष्पा की तर्ज पर चल रहा अवैध कारोबार**

खदान पर ठेकेदार और माफिया *पुष्पा फिल्म के किरदार की तरह कानून की परवाह किए बिना दिन-रात खुदाई में जुटे हुए हैं।* ग्रामीणों का कहना है कि रेत के अवैध खनन से उनके रोजगार के अवसर खत्म हो गए हैं। ठेका लेते समय ठेकेदारों ने स्थानीय लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन अब वे सिर्फ मशीनों पर निर्भर हैं।

**सीमांकन नहीं, शिकायतों के बावजूद कार्रवाई दूर**

खदान का अब तक सीमांकन नहीं किया गया है और यह पूरी तरह अवैध तरीके से संचालित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की मिलीभगत के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अगर शासकीय अमला उक्त रेत खदान के सीमांकन करके उस जगह की तलाश करें तो दूर-दूर तक उक्त खदान का खसरा नंबर खुदाई वाले जगह से मिलान नहीं होगा लेकिन यह करेगा कौन यह अपने आप में बड़ा सवाल है ।

# राहुल गांधी और सोनिया गांधी की ई डी द्वारा चार्ज शीट दाखिल करने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद! सोनिया गाँधी राहुल गाँधी पर नेशनल हेराल्ड मामले मामले मे पुनः ई. डी. द्वारा चार्जशीट दाखिल करने एवं नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जप्त करने के विरोध मे जिला कांग्रेस कमेटी और महानगर कांग्रेस ने जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव और शफात खान राजू के सयुक्त नेतृत्व मे विरोध प्रदर्शन किया ' इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर बेबुनियाद तथ्यों पर गाँधी परिवार को बदनाम करने के लिए चार्जशीट दाखिल की है ऐसा करके सरकार देश पर जान न्योछावर करने वाले देशभक्त परिवार को बदनाम करने और जनता का ध्यान असल मुद्दों से से हटाने का काम कर रही है सरकार ने प्रवर्तन निर्देशलय और सी बी आई जैसी संस्थानों को अपनी पार्टी प्रचार के लिए और विरोधी दल के नेताओं को परेशान करने का हथियार बना दिया है नेहरू गाँधी परिवार ने देश को आजादी दिलाने और उसे संसाधन युक्त शिक्षित मजबूत बनाने का कार्य किया है देश पर बलिदान देना गाँधी परिवार से सीखा जाता है ' शफात खान राजू ने कहा जिस दोगली सरकार पर जनसमस्याओ का अम्बार हो वह जनता को भ्रमित करने और सच्चाई की आवाज उठाने वाले सोनिया राहुल को अकारण बिना किसी प्रमाण के बदनाम करने की साजिस रच रही है जिसे किसी कीमत पर कांग्रेस जन बर्दास्त नहीं करेंगे ' विरोध प्रदर्शन में धर्म सिंह यादव, हाजी सईद पटेल,हाजी नसीर अहमद, उजमा देवी गुप्ता, प्रदीप शर्मा,राजवीर यादव, जितेंद्र तिवारी, चाँद कुरैशी,संतोष कुशवाह एड., सुरेन्द्र कुशवाह, राजेश शर्मा,डॉ. बी. एस. गौतम, उमर फारूक,लाला राइन,अजय यादव, अनिल यादव,संजय यादव,विराट दिवाकर,सौरभ यादव,नवेद आलम, जयपाल यादव,रामप्रवेश, राजुद्दीन, शमशाद, मुजीव अंसारी,दाताराम यादव,शैलेन्द्र शुक्ला, संदीप कुमार,शुएब मिर्जा दिलीप कठेरिया आदि सेकढ़ो कांग्रेसी मौजूद रहे '

# नगर निगम के वार्ड नं 12,21,17 में महापौर कामिनी राठौर ने गली निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

## वार्ड नं 12 में सन 2000 से लगातार प्रयास के बाद आज गली निर्माण कार्य का महापौर ने किया भूमिपूजन

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! नगर निगम महापौर कामिनी राठौर आज विभिन्न गलियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जिसमें वार्ड नं 12 के आनंद नगर में अशोक के मकान से नबाब के मकान तक आरसीसी नाली एवं गली का निर्माण लगभग 15 लाख की लागत से किया गया बताया कि आनंद नगर की गलियों के लिए लगातार सन 2000 से प्रयास किया जा रहा है बहुत ही कच्ची गली थी जिसमें आए दिन परेशानी होती थी जिसके बाद सत्य नगर दखल में सौदान राजपूत के घर से दयाल बाबू के घर तक साथ ही सुमंगलम गेस्ट हाउस वाली गली में सीसी नाली के साथ आरसीसी गली निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 12 लाख रुपए बताई गई जिसके साथ वार्ड नं 21



राठौर नगर में सीताराम के मकान से ओमप्रकाश के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया महापौर कामिनी राठौर ने बताया आज तीन वार्डो में कच्ची गलियों के निर्माण कार्य का पूजन किया गया जो कि कार्य की अवधि 1 महीना रखी गई है साथ ही क्षेत्रीय लोगों से अपील भी की है जो कार्य किया जाएगा उस पर नजर रखे ठेकेदार द्वारा कैसा कार्य किया जा रहा है कैसी गुणवक्कता है अगर कही भी कमी दिखे तो तुरंत अवगत कराए जिससे कार्यदायी संस्था के प्रति कार्यवाही की जाएगी

# नगरनिगम के गेट पर बीजेपी पार्षद ने किया अपना मुंडन:

## निगम में बढ़ते भ्रष्टाचार और अधिकारियों की अनदेखी के चलते उठाया कदम

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। नगर निगम में बढ़ते

बीजेपी पार्षद ने नगर निगम के गेट पर स्वयं अपना मुंडन किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाया। नगर निगम के वार्ड नंबर 32 में नरेश शर्मा उर्फ नीटू भाजपा पार्षद हैं। पार्षद का आरोप है कि दो माह पहले नगर निगम के द्वारा उनके



वार्ड में बिना बताए सड़क निर्माण का भगतान कर दिया गया। नियमों को दरकिनार करते हुए ठेकेदार को भुगतान किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग की थी लेकिन अभी तक जांच नहीं हो सकी है। लगातार मांग करने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर बुधवार को पार्षद नगर निगम कार्यालय पहुंच गए। जहां नगर निगम के अंदर वह अपना मुंडन करना चाह रहे थे लेकिन उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के विकास चंद्र बाल्मीकि चंदन से उनकी कहासुनी हो गई और कर्मचारियों ने उन्हें बाहर कर दिया। इसके बाद उन्होंने नगर निगम के गेट पर ही अपना मुंडन कर लिया। वहीं, वाल्मीकि समाज के लोगों ने पार्षद पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। वहीं, पार्षद का कहना है कि उन्होंने किसी को कोई जातिसूचक शब्द नहीं कहे। वह तो मुंडन कर नगर निगम में फैले भ्रष्टाचार का विरोध कर रहे हैं।

# हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत जन जन तक संविधान के प्रति जागरूकता के लिए प्रभात फेरी निकाल दिया सन्देश

*हरहुआ ब्लाक मुख्यालय से निकली प्रभात फेरी,स्कूली बच्चे व शिक्षक हुए शामिल।

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**



हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत विकास खंड हरहुआ मुख्यालय पर समाज में संविधान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी निकाली गईक प्रभात फेरी में ब्लाक कर्मी,प्रधान, बच्चे, शिक्षक और समाज के गणमान्य लोग शामिल रहे।ब्लाक कर्मी व स्कूली बच्चे हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के टैग लाइन, झंडा बैनर, पोस्टर और नारा लगाते हुए विकास खंड के द्वार से बेलवरिया ,सुतबलपुर नकछेदपुर से होते हुए ब्लाक प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात विकास खंड सभागार में' हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' शीर्षक संविधान आधारित बौद्धिक सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीडीओ हरहुआ बी पी वर्मा ने आधुनिक भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ0 आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर सभागार में उपस्थित समस्त जनों का स्वागत किया और भारत रत्न डा0भीम राव अंबेडकर के 134 वी जयंती 14 अप्रैल से 28 अप्रैल के बीच शासन के निर्देश पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा किया।साथ ही सभागार में उपस्थित लोगों को अधिकार के साथ -साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एडीओ सांख्यिकी शैलेन्द्र सिंह, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्यामेश सिंह,एडीओ आइएसबी सुनील पांडेय,एडीओ पंचायत रवि सिंह,एडीओ कृषि देवेंद्र पांडेय, बीटी अंजनी कुमार श्रीवास्तव,अमितेश कुमार श्रीवास्तव, कम्प्यूटर ऑपरेटर मुकेशविश्वकर्मा ,राजकुमार,संजय यादव,दिनेश कुमार, अवधेश पाल सहित कम्पोजिट विद्यालय बेलवरिया के शिक्षक व बच्चे शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश भारती ने की।

# प्रतिदिन किसानो से जाकर संपर्क करके करे गेंहू खरीद *: विनोद कुमार पांडेय

*भैठौली गेहूं की केंद्र पर ढाई सौ क्विंटल गेंहू की हुई खरीद।

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**

स्थानीय विकास खंड अंतर्गत बीपैक्स भैठौली मे खुले गेंहू क्रय केन्द्र का आज बुधवार को निरीक्षण एडीसीओ पिंडरा विनोद कुमार पांडेय द्वारा किया गया। मौके पर केन्द्र प्रभारी अभय सिंह उपस्थित मिले ।केन्द्र पर अभीतक तीन किसानो से 253.50 कुंटल गेंहू की खरीद हुई मिली।निरीक्षण मे समिति पर बैनर ,कांटा , डस्टर व एनालिसिस किट इत्यादि पाया गया ।केन्द्र पर प्राप्त



2500 बोरो मे वर्तमान मे 1993 खाली बोरे अवशेष मिले। स्टाक रजिस्टर, क्रय पंजिका व निरीक्षण पुस्तिका का अबलोकन किया। रौना कला के किसान अतिश कुमार ,हृदयनारायण सिंह व विनय कुमार सिंह से वार्ता की जिस पर किसान ने 200 क्विंटल कल क्रय केंद्र को देने का आश्वासन दिया। केन्द्र पर हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदार द्वारा अभी तक योगदान नही किये जाने और केन्द्र पर सिलाई मशीन उपलब्ध न कराने को लेकर एडीसीओ पिंडरा ने जिला प्रबंधक पीसीयू को दूरभाष पर आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। एडीसीओ ने केन्द्र प्रभारी अभय कुमार सिंह को निर्देशित किया कि अतिश सिंह समेत अन्य क्षेत्रीय किसानो से संपर्क करके गेंहू खरीद करना सुनिश्चित करें।

# सौभाग्य को मिला यंग चेंजर मेकर अवार्ड

**समाज जागरण धनंजय मोदनवाल वाराणसी।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जे एल यन आडिटोरियम)नई दिल्ली में आयोजित मेंटल हेल्थ फाउंडेशन इंडिया के तत्वावधान में यंग चेंज मेकर अवॉर्ड हेतु वाराणसी के सौभाग्य कुँवर को मिला। देश के कुल 49 छात्र



शामिल थे। जिनके द्वारा मेंटल एक्टिवेशन थ्रू एजुकेशन के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य किया गया। कार्यक्रम में डॉ राहुल सिंह निदेशक सीबीएसई द्वारा प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान किया गया। सौभाग्य कुँवर राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त डॉ कुँवर पंकज सिंह के पुत्र व संत अतुलानंद कान्वेंट स्कूल कोइराजपुर का छात्र है।इस अवसर पर देश के महान व्यक्तित्व डॉ शिवनंदा दास, राघवेंद्र कुमार (हेलमेट मैंन ऑफ इंडिया), डॉ फैय्याज अहमद, कुलदीप वेदवान, डॉ पद्मा ऑस्थल आदि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत अभियुक्त कमला उर्फ गुड्डु को 2 वर्ष का कारावास, 2000/-रुपए अर्थदण्ड की सजा दिलायी गयी।

**दैनिक समाज जागरण**
**प्रभात कुमार सेठ फूलपुर वाराणसी**

आज दिनांक 16-04-2025 को पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के निर्देशन में मानिटरिंग सेल व थाना फूलपुर की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप थाना फूलपुर में पंजीकृत मु0अ0सं 506/22 धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त कमला उर्फ गुड्डु बनवासी पुत्र सुबाष बनवासी निवासी ग्राम मोरीडीह, थाना बड़ागांव, जिला वाराणसी को मा0 न्यायालय एडी जे-5 द्वारा धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट में 02 वर्ष का कारावास तथा 2000/- रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

# हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत जन जन तक संविधान के प्रति जागरूकता के लिए प्रभात फेरी निकाल दिया सन्देश

**दैनिक समाज जागरण वाराणसी।**



हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत विकास खंड सेवापुरी मुख्यालय पर सुबह समाज में संविधान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी निकाली गईक प्रभात फेरी में बच्चे शिक्षक और समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए।बच्चे अपने हाथों में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के टैग लाइन लिए हुए झंडा बैनर पोस्टर और नारा लगाते हुए विकास खंड के द्वार से बनौली एवं कालिका धाम होते हुए घोसिला में सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात विकास खंड के सभागार में' हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' शीर्षक पर वाद विवाद और एक संविधान आधारित बौद्धिक परिचर्चा पर खंड विकास अधिकारी प्रतिभा मिश्रा के अध्यक्षता में सेमिनारआयोजित किया गया। जिसमें अध्यापक इंटर कॉलेज के छात्र छात्रा और बेसिक शिक्षा के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्रा शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी ने सभागार में उपस्थित समस्त जनों का स्वागत किया और भारत रत्न डा0भीम राव अंबेडकर के 134 वी जयंती 14 अप्रैल से 28 अप्रैल के बीच में शासन के निर्देश पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। शिक्षकों द्वारा भारत के संविधान के विशेषता पर प्रकाश डाला। वही कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज,उच्च प्राथमिक विद्यालय उपरवार, उच्च प्राथमिक विद्यालय गैरहा के छात्र छात्राओं ने बाबा साहब के जीवनी एवं संविधान सम्मत अधिकार कर्त्तव्यों पर विस्तार से पक्ष विपक्ष में अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं बीडीओ प्रतिभा मिश्र ने सभागार में उपस्थित लोगों को अधिकार के साथ साथ अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया क इस अवसर पर प्रमुख रूप से कस्तूरबा इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापिका डाक्टर अनीता सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष काशी नाथ यादव, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष दिनेश सिंह, उत्तर प्रदेश पूर्व माध्यमिक संघ के महामंत्री शशि कांत दुबे राष्टीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह विकास खंड सेवापुरी अध्यक्ष आनंद सिंह, ए आर पी सेवापुरी राकेश विंद एवं प्रधानाध्यापक और छात्र छात्रा उपस्थित रहेक कार्यक्रम का संचालन पूर्व एआरपी डॉ0 शिवकुमार मिश्र ने किया।

# 9 वी में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा,11वीं की परीक्षा 28 को

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर,वाराणासी । क्षेत्र प्रसिद्ध नेशनल इंटर कालेज में प्रवेश के लिए बुधवार को अभिभावकों में होड़ दिखा। बुधवार को कक्षा 9 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा में 447 छात्र सम्मलित हुए। जिसको लेकर कालेज परिसर के आसपास गहमा गहमी का माहौल रहा। प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार खरवार ने बताया कि कक्षा 11 में साहित्यिक वर्ग, विज्ञान वर्ग और कॉमर्स में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से आयोजित है। बताते चलें कि क्षेत्र का एकमात्र इंटर कालेज है जहाँ अभिभावको में बच्चों के दाखिले के लिए होड़ लगी रहती है। हर बार सीट से कई गुना छात्र प्रवेश परीक्षा देते हैं।

# क्षेत्र मे भ्रमण करके किसानो से संपर्क करके गेंहू खरीद करें अवधेश सिंह

**दैनिक समाज जागरण वाराणसी।**

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक जौनपुर अमितकुमारपांडेय द्वारा केराकत तहसील मे आधा दर्जन गेंहू क्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया गया।उनके साथ एडीसीओ लालजी और एडीसीओ प्रीति सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण मे पसेवा केन्द्र बंद पाया गया और मुर्तजाबाद मे केन्द्र प्रभारी लापता पाई गई। सहायक आयुक्त प्रभारियो की इस लापरवाही पर बिफर पड़े और संबंधित अधिकारियो को केन्द्र प्रभारियो के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। क्रय केन्द्र सलेमपुर के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मनीष सिंह उपस्थित मिले।सलेमपुर मे मौके पर 6 किसानो से 209.50 कुंटल की खरीद पाई गई। सहायक आयुक्त ने समिति के बड़े किसानो नृपेन्द्र प्रताप सिंह, ओंकारनाथ सिंह , गिरीश सिंह , भानुप्रताप सिंह व अन्य किसानो से वार्ता करके उन्हे केन्द्र




पर गेंहू बेचने हेतु प्रेरित किया। किसानो ने सहायक आयुक्त से वादा किया कि दो दिन के अंदर तीन सौ कुंटल गेंहू केन्द्र पर बिक्री के लिए लाया जाएगा। भानु प्रताप का 88 कुंटल गेंहू पंद्रह मिनट बाद ही केन्द्र पर पहुंच भी गया। सहायक आयुक्त ने मौके पर उपस्थित एडीओ जलालपुर अवधेश सिंह तथा सचिव मनीष सिंह को निर्देशित किया कि जहाँ आवश्यक हो वहाँ किसानो के घर और खेत से वाहन भेज कर गेंहू खरीदना सुनिश्चित करे। सहायक आयुक्त ने इस संबंध मे जिला प्रबंधक पीसीएफ से फोन पर वार्ता करके गाड़ी भेजने के निर्देश भी दिए। सहायक आयुक्त द्वारा बीपैक्स नरहन, थानागद्दी एवं उमरवार गेहू क्रय केंद्रो का भी निरीक्षण किया गया। सहायक आयुक्त ने केन्द्र प्रभारियो को निर्देशित किया कि प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण करते हुए किसानो से संपर्क करें और मानक के अनुरूप गेंहू खरीद कर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें।

# न्यास के लेखों को अनुरक्षित किये जाने हेतु कोटेशन/प्रस्ताव खनन कार्यालय में 25 अप्रैल तक उपलब्ध करायें

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला खनिज फाउण्डेशन शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उ0प्र0 शासन की अधिसूचना द्वारा उ0प्र0 जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास नियमावली-2017 प्रख्यापित की गयी है जिसके नियम-18 के अनुसार न्यास के लेखों को अनुरक्षित कराये जाने के साथ-साथ प्रधान मंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना दिशा निदेशों द्वारा परिकल्पना की गई है कि जिला खनिज फाउण्डेशन (डीएमएफ) के खाते का प्रतिवर्ष डीएमएफ द्वारा नियुक्त चार्टेड एकाउन्टेन्ट या सरकार द्वारा निर्दिष्ट तरीके से आडिट किया जायेगा और आडिट रिपोर्ट के साथ-साथ वार्षिक रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में रखी जायेगी। उन्होने बताया है कि भारत सरकार द्वारा निरन्तर न्यास निधि के लेखों की सम्परीक्षा विषयक अनुश्रवण समय-समय पर किया जा रहा है। न्यास नियमावली-2017 के नियम-18 के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ के न्यास के लेखों को क्रमशः डी0एम0एफ0 पंजिका, बैंक रिकन्सीलिएसन स्टेटमेन्ट, आय-व्यय विवरण पंजिका, कैशबुक, चेक रजिस्टर, बैलेन्सशीट (आर्थिक चिट्ठा), अधिष्ठान सम्बन्धी व्यय विवरण पंजिका के अनुसार अनुरक्षित किया जाना है। उन्होने सर्वसाधारण को सूचित करते हुये कहा है कि न्यास नियमावली-2017 के नियम-18 के अनुसार न्यास के लेखों को अनुरक्षित किये जाने हेतु अपना-अपना कोटेशन/प्रस्ताव खनन कार्यालय में दिनांक 25 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध करा दें जिससे प्राप्त प्रस्तावों पर विचार कर आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

# डीएम की सख्ती का दिखा असर, 626 हैण्डपम्प हुये रिबोर व 1077 हैण्डपम्प की हुई मरम्मत,

पेयजल के सम्बन्ध में डीएम ने की समीक्षा,

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैम्प कार्यालय के सभागार में पेयजल के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। डीएम द्वारा 01 अप्रैल को पेयजल की समस्याओं के दृष्टिगत खण्ड विकास अधिकारियों, ईओ को निर्देश दिये गये थे कि 15 से 20 दिन का अभियान चलाकर जो भी हैण्डपम्प रिबोर योग्य है उन्हें रिबोर कराया जाये और जो भी हैण्डपम्प मरम्मत योग्य है उनकी मरम्मत करायी जाये, डीएम की सख्ती का असर देखा गया और जनपद के समस्त विकास खण्डों में 746 हैण्डपम्प रिबोर होने हेतु चिन्हित किये गये थे जिनमें से 626 हैण्डपम्प रिबोर हो गये है और 126 हैण्डपम्प रिबोर हेतु अवशेष है। इसी प्रकार जनपद में 1284 हैण्डपम्प मरम्मत हेतु चिन्हित किये गये थे जिनमें से 1077 हैण्डपम्प की मरम्मत हो गयी है और 207 हैण्डपम्प मरम्मत योग्य अवशेष है। डीएम ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि जो भी हैण्डपम्प मरम्मत एवं रिबोर हेतु अवशेष है उन्हें एक सप्ताह में अभियान चलाकर पूर्ण कराया जाये जिससे लोगों की पानी की समस्याओं को दूर कराया जा सके। पूर्व की बैठक में डीएम ने निर्देश दिया था कि जनपद के अमृत सरोवरो व पोखरों है यदि पानी नही हैं तो विभिन्न जल श्रोतो जैसे नहर, सरकारी नलकूप, माइनर, प्राइवेट आदि के माध्यम से अमृत सरोवरों में पानी पूर्ण तरीके से भराया जाये। जनपद में कुल अमृत सरोवरों की संख्या 893 है जिनमें से पक्के अमृत सरोवर 390 है, पूर्व में 290 अमृत सरोवरों में पानी भराया गया था और वर्तमान में 117 अमृत सरोवरों में पानी भराया गया है, अवशेष तालाबों में भी अभियान चलाकर पानी भराना सुनिश्चित किया जाये और रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ उपलब्ध करायी जाये। जनपद में जो भी कुयें है उनका सर्वे कराया गया जिसमें 6708 कुयें पाये गये। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक




राजस्व ग्रामों में एक कुओं को चिन्हित कर क्रियाशील कराया जाये। उन्होने कहा कि धार्मिक, पौराणिक स्थलों पर कुओं का जीर्णोद्धार कराया जाये जाये जिससे शादी-विवाह के अनुष्ठान के लिये कुओं को प्रयोग में लाया जा सके। रूफ टॉफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से कुओं को विकसित किया जाये और समस्त बीडीओ ग्राम निधि/मनरेगा से रूफ टॉफ रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराने हेतु कार्ययोजना बनाकर उपलब्ध करायें। जल निगम की पेयजल परियोजनाओं में दो फार्मो क्रमशः मेसर्स जेएमसी द्वारा 334 परियोजनाओं व मेसर्स पावरमेक द्वारा 452 परियोजनाओं में कार्य किया जा रहा है जिस पर डीएम ने निर्देश दिया कि जो भी परियोजनायें पूर्ण हो गये है उन्हें हैण्डओवर किया जाये एवं जिन परियोजनाओं का कार्य अधूरा है उनमें 15 दिन का अभियान चलाकर परियोजनाओं को पूर्ण कराया जाये तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित/खारे पानी की समस्या के सम्बन्ध में सूचना दी जाये। जल निगम के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जिन परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है उन सभी की मानीटरिंग निरन्तर करते रहे और जो भी कमियां दिखे उसे दुरूस्त कराया जाये जिससे पेयजल परियोजनायें यथाशीघ्र प्रारम्भ हो सके। अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जो भी हैण्डपम्प खराब होते है उन्हें तत्काल 24 से 48 घंटों के बीच मरम्मत कराया जाये। ईओ नगर पालिका परिषद ने बताया क 13 वाटर कूलर खराब थे उन्हें ठीक करा दिया गया है। इसी प्रकार अन्य अधिशासी अधिकारियों ने बताया कि जो भी वाटर कूलर खराब थे उन्हें ठीक करा दिया गया है। समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सुबह-शाम अपने अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करें जहां पर गन्दगी दिखायी दे उसे तत्काल साफ कराया जाये। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गो-आश्रय स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था पूर्ण रूप से रहे जिससे किसी भी गोवंश की प्यास की वजह से मृत्यु न होने पाये, यदि प्यास की वजह से किसी भी गो संरक्षण केन्द्रों में गोवंश की मृत्यु होती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि जो भी हैण्डपम्प मरम्मत एवं रिबोर हुये है, जिन अमृत सरावरों में पानी भराया गया है उन स्थलों का सत्यापन कराया जाये यदि सत्यापन रिपोर्ट में गलत पाया जायेगा तो सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालयों में आग से बचाव हेतु अग्निशमन यंत्र लगाये जाये, सभी कार्यालयों में मिट्टी के घड़ों मे पानी भरकर रखा जाये। चकरोड एवं नालियों का कार्य समय से करा लिया जाये। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित अधिकारी अपने स्तर से जो भी बैठकें नियमित करते है उसके अनुपालन आख्या सम्बन्धित विभाग से प्राप्त करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का उठाये लाभ, करें आनलाइन आवेदन

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया है कि दिव्यांगजनों हेतु शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना संचालित की गयी है जिसके अन्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में रुपए 15 हजार व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रुपए 20 हजार तथा युवक युवती दोनो के दिव्यांग होने की दशा में रुपए 35 हजार धनराशि प्रदान की जाती है। उन्होने बताया है कि दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ लेने हेतु आनलाइन आवेदन वेबसाइटhttps://divyangjan.upsdc.gov.in पर कर सकते है। उन्होने योजना के पात्रता के सम्बन्ध में बताया है कि शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो, युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई भी आयकरदाता न हो, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिये, ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होगें जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो। उन्होने बताया है कि दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु आनलाईन आवेदन कर सकते है। आनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, शादी का कार्ड, आय व जाति प्रमाण पत्र, युवक एवं युवती का आयु प्रमाण पत्र (जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, युवक एवं युवती की आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र आनलाईन वेबसाइट कर करना अनिवार्य है, साथ ही आनलाईन सबमिट आवेदन पत्र की प्रिन्ट प्रति एवं वांछित प्रपत्रों की हार्डकापी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ के कार्यालय को प्राप्त करायें। अधिक जानकारी के लिये सम्बन्धित जनपद के जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते है।

# विधायक बाबागंज ने हर घर जल योजनान्तर्गत निर्मित पाइप पेयजल योजना पटना का किया निरीक्षण

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जल जीवन मिशन हर घर जल योजनान्तर्गत निर्मित पाइप पेयजल योजना पटना का निरीक्षण विधायक बाबागंज विनोद सरोज द्वारा किया गया। विधायक द्वारा जलकल परिसर में निर्मित पम्प हाउस, शिरोपरि जलाशय, सोलर पैनल एवं अन्य कार्यों को देखा गया जो कि समस्त कार्य पूर्ण कर लिये गये है। पाइप पेयजल योजना से पटना ग्राम पंचायत के सभी 08 मजरों में सप्लाई किया जा रहा है। योजना अंतर्गत नलकूप 1 नग, पम्प हाउस 1 नग, शिरोपरि जलाशय 150 किली/12 मी सोलर पैनल 14 किलोवॉट, जनरेटर 15 केवीए, पाइप लाइन 17.91 किमी0, हाउस कनेक्शन 384 नग कराया गया है। विधायक



विनोद सरोज द्वारा ग्रामवासियों से संवाद किया गया तो ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल सप्लाई रेगुलर होती है। उनके द्वारा जलकल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। विधायक द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्रामवासियों को शेष गृह संयोजन का कार्य पूर्ण व लीकेज मरम्मत कराते हुए पेयजल सप्लाई रेगुलर एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित कराये एवं कोई समस्या होने पर उसका तत्काल निस्तारण कराये। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) तौसीफ अहमद, जूनियर इंजीनियर मो0 असद, कार्यरत फर्म के असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर मयूर देरासरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कानपुर में प्रेमिका से शादी का विरोध कर रही मां की चाकू मारकर हत्या : गिरफ्तार

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। प्रेमिका से शादी का विरोध कर रही मां की हत्या उसके ही बेटे ने चाकू मारकर कर दी। मां बेटे के पवित्र संबंधों को दागदार करने वाली यह घटना हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में हुई। घटना के बाद हत्यारे बेटे ने खुद ही फोन करके पुलिस को बुलाया और उसे अपने हवाले कर दिया । घटना के बारे में प्राप्त विवरण के मुताबिक फतेहपुर की रिफ्यूजी कॉलोनी निवासी प्रमिला सिंह (55) बेटे राजा सिंह (28) के साथ रहती थीं। प्रमिला के पति धर्मेंद्र सिंह की 5 साल पहले मौत हो गई थी। वह करीब 10 दिन पहले सिकाई करने के दौरान गर्म पानी से जल गई थीं। प्रमिला हनुमंत विहार स्थित नारायणपुर में बेटी प्रीतू सिंह के घर 30 मार्च से रह रही थीं। मृतका की बड़ी बेटी प्रीतू ने बताया कि आज सुबह भाई ने मम्मी को फोन किया। बोला- अब तबीयत सही हो गई है, घर आ जाओ। मम्मी बोलीं थीं कि नहीं अभी नहीं आएंगे। डॉक्टर को दिखाना है। इस पर भाई गालियां देने लगा। तो मम्मी ने फोन काट दिया। इसके बाद वह खुद ही घर आ धमका और अपनी मां से प्रेमिका से शादी करने की बात करने लगा जिस पर मां ने कहा कि जिससे शादी करनी है। कर लो। हम घर नहीं आएंगे। दोनों लोग रहो अकेले। फिर भाई बोला- नहीं आओगी घर। प्रीतू ने ही तुम्हें सिखाया-पढ़ाया है। इसको नहीं छोड़ेंगे हम। भाई चाकू निकालकर मेरी तरफ बढ़ा तो मम्मी बीच में आ गई। जिस पर उसने अपनी मां की ही चाकू मार कर हत्या कर दी और फिर पुलिस को खुद ही फोन करके बुलाया इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस में उसे गिरफ्तार कर लिया। सूचना पर डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, एडीसीपी महेश कुमार समेत थाने की फोर्स पहुंची। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# जनपद मीरजापुर के क्षेत्र पंचायत

मजावा के ग्राम पंचायत ब जहां के पंचायत भवन पर बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला रिपोर्टर संतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डू**

समाज जागरण मीरजापुर क्षेत्र पंचायत मजमा के ग्राम सभा व जहां के पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान साधना पासी पत्नी दयाशंकर पासी की अध्यक्षता में बाबा भीमराव अंबेडकर की 134 में जयंती मनाई गई कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी रागिनी चौधरी द्वारा किया गया इस अवसर पर ग्रामीणों को एक शपथ भी दिलाया गया शपथ के दौरान ग्राम प्रधान साधना पारसी के द्वारा कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र आत्मक गणराज्य बनाने के लिए और उनके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय विचार अभिव्यक्ति



विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त करने के लिए तथा उनमें व्यक्त की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्म समर्पित करते हैं इस अवसर पर पंचायत सहायक सनी सरोज राम सरोज प्रदीप कुमार सरोज जय कुमार सरोज सिद्धार्थ प्रधानाध्यापक सिद्धार्थ शंकर राय रामबली यादव पंचुपाल आशीष कुमार राय के साथ-साथ तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे

# टीम निंजा ने अनपरा थर्मल पावर कप रात्रि कालीन क्रिकेट टूनार्मेंट जीता

## विगत 24 मार्च से प्रतिदिन खेला जा रहा था यह लीग मैच

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील। दैनिक समाज जागरण**



अनपरा/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अनपरा कालोनी के ऑपरेटिंग क्लब मे अनपरा थर्मल पावर कप रात्रि कालीन क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन विगत 24 मार्च 2025 को मुख्य अतिथि तथा परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं जेपी कटियार, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक अ एवं ब इं दूध नाथ, महाप्रबंधक प्रशासन इं निखिल चतुवेर्दी, महाप्रबंधक द इं विजय बहादुर ने फीता काटकर कराया था। विगत 24 मार्च से प्रतिदिन चल रहे इस टूनार्मेंट का फाइनल मैच रविवार देर शाम को टीम निंजा और टीम एलएक्सजी के बीच खेला गया। निंजा टीम के कप्तान इं कुमार गौरव ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया और 12 ओवर के इस मैच में एलएक्सजी की पूरी टीम 10.2 ओवर मे 46 रन पर ही ऑल ऑउट हो गई, रनों का पीछा करते हुए निंजा की टीम ने 9.3 ओवर में ही 47 रन बनाकर विजयी हो गयी। इस टूनार्मेंट में इं शैलेश कुमार यादव 304 रन बना कर बेस्ट बैट्समैन, सर्वाधिक 13 विकेट लेने के लिए बृजेश शर्मा बेस्ट बोलर तथा प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट श्रीकांत वर्मा हुए।

फाइनल मैच मे मुख्य अतिथि इं दूधनाथ यादव ने कहा कि खेल मानसिक तनाव को दूर करता है, पूरा लीग मैच सबने बहुत ही आनंद लेकर खेला और इस तरह का मैच आपसी संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा आगे भी इस प्रकार के मैच निरंतर होते रहना चाहिए।

इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में अधीक्षण अभियंता इं एसपी यादव, इं उत्पल शंकर, इं संजय सिंह, इं वीके दिनकर, इं एसके रजक, आयोजन समिति के अध्यक्ष इं चन्द्रप्रकाश, उपाध्यक्ष इं अदालत वर्मा, सचिव इं मधुराज सिंह, महबूब अहमद, विष्णु देव झा, प्रेम सिंह, आलोक कुमार सिंह, धर्मेन्द्र रामकरण, ज्ञानेन्द्र पटेल, पुष्कर सिंह, राजन श्रीवास्तव वर्किंग कमिटी के सुनील यादव, प्रदीप मौर्य, श्रीकांत, रविकांत गोंड, जितेंद्र प्रजापति, पंकज सिंह, श्रीकांत वर्मा, हरिकेश भारती, अक्षय लाल, संदीप रमन, अंजनी मिश्रा, सुरेन्द्र पटेल, रोजर अख्तर, विशाल शाही, प्रशांत उपाध्याय, विंदेश, मनोज शर्मा, शैलेश यादव, आतिश पटेल, माधवेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# ओबरा में नृत्य प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन, डाला और ओबरा के प्रतिभाशाली बच्चों ने दिखाया दम

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। ओबरा नगर पंचायत क्षेत्र के आर्य समाज बीएमएस कार्यालय में रुचिर डांस इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित नृत्य प्रतियोगिता एक शानदार सफलता रही, जिसमें डाला और ओबरा के कई प्रतिभाशाली बच्चों ने अपनी नृत्य कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि, नगर पंचायत ओबरा की अध्यक्ष श्रीमती चांदनी देवी और विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुधा विजय कुमार के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।

रुचिर डांस इंस्टीट्यूट के बैनर तले आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु समूहों के बच्चों ने मंच पर अपनी नृत्य प्रतिभा का जादू बिखेरा। संस्थान की संचालिका रुचि गोपाल ने इस अवसर पर बताया कि उन्होंने भातखंडे डीम्ड यूनिवर्सिटी लखनऊ से भरतनाट्यम, में संगीत स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है और पिछले 12 वर्षों से वह सोनभद्र-ओबरा क्षेत्र के बच्चों को नृत्य का प्रशिक्षण देकर उनके कौशल को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया, साथ ही सभी प्रतिभागियों को भी उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुधा विजय कुमार ने सभी युवा कलाकारों को स्नेह और आशीर्वाद स्वरूप उपहार प्रदान किए। श्रीमती सुधा जी और श्रीमती चांदनी देवी दोनों ने ही बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी इस प्रकार रहे। सब जूनियर वर्ग प्रथम पुरस्कार अंजली शर्मा, द्वितीय पुरस्कार वैष्णवी साहनी, तृतीय पुरस्कार अनवीर श्रीवास्तव, जूनियर वर्ग प्रथम पुरस्कार पारिता श्रीवास्तव, द्वितीय पुरस्कार कृष्णा उपाध्याय, तृतीय पुरस्कार लतिका प्रजापति, सीनियर वर्ग प्रथम पुरस्कार राहुल, द्वितीय पुरस्कार काजल, तृतीय पुरस्कार साक्षी शर्मा उमा-नटराजन नृत्य प्रतियोगिता का यह सफल आयोजन रुचिर डांस इंस्टीट्यूट की संस्थापिका श्रीमती रुचि गोपाल के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। उन्होंने स्वयं निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें उनका साथ डॉक्टर रीमा सिंह और सुश्री श्वेता पांडे ने दिया। इस प्रतियोगिता ने न केवल ओबरा बल्कि डाला क्षेत्र के भी युवा नर्तकों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया, जिससे क्षेत्र में नृत्य कला के प्रति रुचि और उत्साह को बढ़ावा मिला है।

# विराट रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने की यज्ञ मंडप की परिक्रमा

- शिव शक्ति महिला मंडल एवं भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट ने किया आयोजन
- रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहा कार्यक्रम

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहे विराट रुद्र महायज्ञ में बुधवार को दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे से समूचा यज्ञ स्थल गुंजायमान रहा। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारे में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया।



कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विराट रूद्र महायज्ञ के दुसरे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे से समूचा यज्ञ स्थल गुंजायमान हो गया।यज्ञाचार्य राजेश तिवारी, आचार्य योगेश तिवारी, आचार्य गिरीश पाठक के जरिए विराट रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। नागालैंड से आए संत शिरोमणि कथा व्यास पंडित राजेश तिवारी के जरिए सुनाई गई कथा का भी श्रद्धालुओं ने श्रवण किया।

विराट रुद्र महायज्ञ के यजमान परमानंद मौर्या व उनकी धर्मपत्नी भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्या के साथ ही राजकुमार गुप्ता, रीता देवी, करुणा सिंह,सीता अग्रवाल, सत्या मौर्या, कलावती चौबे, कृष्णावती, विमला देवी आदि मौजूद रही।

# पन्नूगंज पुलिस ने दो पशु तस्करों को किया गया गिरफ्तार।

**संवाददाता आर० के० सोनी/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों व गौ-तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा दिनांक 16.04.2025 को समय 01.10 बजे ग्राम राकी नहर पुलिया के पास बघैला से पकरहट जाने वाले नहर मार्ग पर बहद ग्राम राकी के पास से 02 नफर पशु तस्करों अभियुक्तगण 1- कमलेश गिरी पुत्र अशोक गिरी निवासी डबरीकला थाना ववुरी जनपद चंदौली उम्र लगभग 30 वर्ष 2- दिनेश पाल पुत्र शिवमूरत पाल निवासी नरहरपुर पोस्ट भावइथा थाना ववुरी जिला चंदौली को गिरफ्तार किया गया व कब्जे से कुल 07 राशि मवेशी (04 भैस,1 भैसा, 1 पड़िया,1 पड़वा), 01 अदद पिकप वाहन संख्या वढ67इळ3571, 02 अदद एन्ड्राएड मोबाइल बरामद किया गया । बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना पन्नूगंज पर मु0अ0सं0 66/2025 धारा 11 पशुओ के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 का अभियोग पंजीकृत गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय भेजा गया।




# पिकअप और ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत, चार महिलाओं समेत आठ लोग घायल, चार रेफर

**संवाददाता आदिवासी सुनील त्रिपाठी। दैनिक समाज जागरण**




चोपन/ सोनभद्र। जुगैल थाना क्षेत्र के गौरघट्टी गांव के समीप उस समय भयानक घटना घटित हो गईं जब पिकअप और जुगैल थाने की तरफ जा रही ऑटो की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गईं। घटना में चार महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। जिसके बाद आनन-फानन में घायलों को सीएचसी चोपन भेजा गया। जहां पर तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद 3 घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों ने बताया की पिकअप चालक नशे में धूत था जिस वजह से घटना घटित हुई।

1-सीताराम पुत्र रामप्यारे उम्र 16 वर्ष 2-बुलेंदर पुत्र रामप्यारे उम्र 21 वर्ष 3-रीता पत्नी गुरुदेव उम्र 18 वर्ष सभी निवासीगण फ्फ्चपेड़िया थाना जुगैल4- विनोद कुमार पुत्र सुक्खु प्रसाद उम्र 19 वर्ष 5-बालमुकुंद पुत्र बुझावन उम्र 30 वर्ष सभी निवासीगण भीतरी थाना जुगैल 6-मुन्नी देवी पत्नी प्रेमलाल केवट उम्र 30 वर्ष 7-प्रेमलाल पुत्र गुलाब केवट उम्र 32 वर्ष 8-जीरा देवी पत्नी पटवारी उम्र 45 वर्ष सभी निवासीगण अलउर थाना चोपन । पुलिस ने ऑटो और पिकअप को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गईं । अस्पताल में मौजूद डॉक्टर फैज ने बताया कि पिकअप और ऑटो की टक्कर से आठ लोग घायल हुए थे जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए चोपन अस्पताल में लाया गया। चार की हालत गंभीर है जिनका प्राथमिक इलाज करके जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाकी चार की हालत समान थी उनका उपचार करके घर के लिए छुट्टी दे दिया गया।

# कोटा ग्राम पंचायत के कई टोलों में पेयजल की जबरदस्त किल्लत

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह/ दैनिक समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। विकास खंड चोपन क्षेत्र के अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के कई टोलों में पेयजल की किल्लत तेजी से बढ रही ,हर घर नल योजना के नाम पर सचिव ग्रामीणों को घुमा रहें गोल गोल। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करवाया, लगाई गुहार बुधवार को नाबालिक सिंह कैलाश राधेश्याम परमेश्वर संत कुमार छोटे लाल सबिता नैना देवी सुनीता देवी रेनू देवी अंगद कुमार अर्जुन जगदीश जितेंद्र, लाला, कामेश्वर, राजेश बैगा, नंदलाल, मुन्ना, दिलीप छत्रधारी सिंह ने बताया कि कोटा ग्राम पंचायत के टोला छिकराडांड, जडगा खाड़ी, भवानी कटरिया गौराही अहिराडेरा, अगरिया बस्ती, बसुधा, कजरहट, गोरादह में बढ़ती तेज तपन व गर्मी के कारण इन क्षेत्रों का जल स्तर तेजी घट रहा है जिससे कि सरकारी हैंडपंप पानी कम देने लगा है और कई टोला के सरकारी हैंडपंप सूखने के कगार पर है जिससे हम लोग ग्रामीणों को पानी के किल्लतो से जुझना पड रहा है वहीं इसको प्रधान व सचिव को कई बार अवगत करवाया जा चुका है लेकिन अभी तक सुध नहीं लिया गया।

जहा ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कोटा ग्राम पंचायत में हर घर नल योजना के तहत कुछ टोला में नल भी लगवाएं गए लेकिन वह भी समय पानी नहीं आता है और कुछ टोला में तो नल भी नहीं लगा है जो केवल एक मात्र हैंडपंप का सहारा है वह भी सुखने के कगार पर पहुंच गया और गर्मी में सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता होता है लेकिन पेयजल को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नहीं किया गया है इससे पूर्व वर्ष में जहां पानी कि कमी होता था तो पंचायत द्वारा टैंकर चलवाकर कमी को पूरा किया जाता है वहीं वर्तमान में बंद हैं जिससे परेशान होकर हम सब ग्रामीण जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करवाया और पेयजल आपूर्ति हेतु गुहार लगाई। और विकल्प के रूप में इन क्षेत्रों में जल्द से जल्द पानी का टैंकर लगवाने का कृपा करें।

इस संबंध में एडीओ पंचायत चोपन ने कहा कि जिन क्षेत्रों में हर घर नल योजना के तहत नल लगा होगा अगर वहा पेयजल की समस्या होगी तो प्रधान /सचिव से प्रत्रक मिलेगा तो वहा विकल्प के रूप में पानी का टैकर लगवाएं जायेंगे।

# शाहगंज पुलिस ने दुष्कर्म से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संवाददाता अरुण पांडेय गुरूजी/ दैनिक समाज जागरण**

शाहगंज/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा अपराध व अपराधियों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी घोरावल के कुशल पर्यवेक्षण में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0झ 30/2025 धारा 64, 352, 351(2) इठर 2023 में वांछित अभियुक्त रमेश पुत्र स्व0 झम्मन बैगा निवासी टोला महुआरिया जुड़ौली कॉलानी थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र को दिनांक16.04.2025 समय 08.45 बजे राजपुर रोड कस्बा शाहगंज के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा रवाना किया गया।



# ओबरा पुलिस ने काफी दिनों से फरार चल रहे 03 वारण्टी/अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह/ दैनिक समाज जागरण**




ओबरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व फरार चल रहे व पुरस्कार घोषित अपराधियों तथा वांछित वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक ओबरा के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 16.04.2025 को काफी समय से फरार चल रहे वारण्टी/अभियुक्तगण मु0नं0 14523/2025 धारा 60अबकारी अधि0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त राहुल स्वीपर पुत्र नरायन निवासी सेक्टर नं0 10 शक्तिनगर कालोनी ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष, मु0नं0 4401/22 धारा 60अबकारी अधि0 व मु0नं0 4876/20 धारा 60 अबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त गुड्डू स्वीपर पुत्र स्व0 सिंगार चन्द्र निवासी शान्तिनगर ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष, मु0नं0 3916/24 धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त इरशाद अली उर्फ मुन्नु पुत्र स्व0 अब्दुल शकूर अली निवासी एलआईसी आफिस के पीछे कैरियर कानवेन्ट एजुकेशनल स्कूल के पास मिल्लतनगर ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र । उपरोक्त तीनो वारण्टी/अभियुक्तो के विरुद्ध मा0 न्यायालय से एनबीडब्लू के तहत गिरफ्तारी का आदेश जारी हुआ था उक्त आदेश के क्रम में थाना ओबरा पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

# थर्मल टाइटन्स ने 12 रन से ई एण्ड आई को पराजित कर विजयी होने का किया गौरव हासिल।

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील/ दैनिक समाज जागरण**




अनपरा/ सोनभद्र। हिंडालको रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर एवं फोनिक्स क्लब रेनुसागर के संयुक्त तत्वाधान में आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज के ग्राउण्ड में मंगलवार की देर शाम सर्किल क्रिकेट चैम्पियनशीप की कड़े मुकाबले में थर्मल टाइटन्स की टीम ने कप्तान दीपक लाल के नेतृत्व में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुये 12 रन से ई एन्ड आई टीम को पराजित कर विजयी होने का गौरव प्राप्त किया। गौरतलब है कि हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता चल रहा है जिसमें कुल 24 टीमों ने प्रतिभाग किया है।बताते चले कि सर्किल क्रिकेट चैम्पियनशीप क्रिकेट मैच का मुकाबला थर्मल टाइटन्स और ई एन्ड आई के बीच में था। थर्मल टाइटन्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर हिंडालको रेनुसागर के ईआर हेड मृदुल भारद्वाज ने खिलाड़ियों से परिचय लेते हुये टॉस कराकर का मैच का शुभारंभ किया। थर्मल टाइटन्स की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुये मेराज के शानदार 9 चौके की मदद से 47 रन, पवन एवं अनुज के चार और तीन चौके की मदद से दोनों ने 21 रन बनायें वही कप्तान दीपक लाल ने 3 गेंद पर तीन चौके जड़ कर 12 रनो के वदौलत अपनी टीम का स्कोर 2 विकेट खोकर 103 रन बनायी। प्रभात पांडेय एवं विजय ने अपने टीम के लिए महत्वपूर्ण एक-एक विकेट चटकाये। रोमांचक मैच के जबाब में खेलने उतरी ई एन्ड आई की टीम के कप्तान प्रभात पांडेय के निजी स्कोर 23 रन ई एन्ड आई के हेड दीपक पांडेय के शानदार बैटिंग के आगाज से 5 चौके की मदद से 28 रनो के बदौलत टीम ने 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 91 रन ही बना पाई। वही दीपक लाल ने अपने टीम के लिये महत्वपूर्ण 2 विकेट और अनुज ने एक विकेट अपने टीम के लिये चटकाये। इस तरह थर्मल टाइटन्स की टीम 12 रन से विजयी रहीं। मैच में अंपायर दीपांश एवं रूपम रहे। आँखों देखा हाल विल्सन ने सुनाया।इस अवसर हिंडाल्को रेनुसागर ई एन्ड आई हेड दीपक पांडेय, हर्षवर्धन, मनोरंजन, फोनिक्स क्लब रेनुसागर के सचिव सुधाकर अन्नामलाई, क्रीडा सचिव राजीव मिश्रा, इमरान खान एवं मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# कोन पुलिस ने ईनामिया 04 अभियुक्तगणों को किया गिरफ्तार।

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह/ दैनिक समाज जागरण**

कोन/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निर्देशन



में क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में थाना कोन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-72/25 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 15000-15000 रुपये के ईनामिया 04 नफर अभियुक्तगण की त्वरित गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर घटना में संलिप्त 04 नफर वांछित/फरार अभियुक्त 01. बृजेश पासवान पुत्र गोविन्द पासवान, 02. डब्बू यादव उर्फ डबलू यादव पुत्र शिवनन्दन यादव, 03. नारायण यादव पुत्र भरत यादव, 04. लल्लन प्रसाद यादव स्व0 सुखाड़ी प्रसाद यादव समस्त निवासीगण पिपरा थाना खरौंधी जनपद गढ़वा झारखण्ड को अमिला धाम चकरिया से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

# पन्नूगंज पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधी को किया गिरफ्तार।

**संवाददाता आर० के० सोनी/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी सदर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा दिनांक 15.04.2025 को समय करीब 22.07 बजे कर्मनाशा पुल से लगभग 200 मीटर पहले अभियुक्त रोहित शुक्ला पुत्र विमलेश शुक्ला निवासी ग्राम राकी थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 25 वर्ष को एक प्लास्टिक के झोले में 2 किलो 510 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना पन्नूगंज पर मु0अ0सं0-65/2025 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को रिमाण्ड हेतु माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# प्लास्टिक मुक्त अभियान का प्रतीक चिन्ह जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को किया गया भेंट।

**शिव प्रताप सिंह/ दैनिक समाज जागरण।**

सोनभद्र। प्लास्टिक मुक्त अभियान को व्यापक बनाने के लिए तथा इसको जन जन तक पहुंचाने के लिए एवं जनपद में चल रहे प्लास्टिक मुक्त अभियान का प्रतीक चिन्ह सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भेंट किया जाएगा। प्रतीक चिन्ह में बोरी लगाया गया है। क्यों कि सभी कूड़ो से प्लास्टिक को अलग किया जाना अत्यंत जरूरी है क्यों कि प्लास्टिक जैसे ही किसी कूड़े में या जमीन पर मिलता है नुकसान शुरू हो जाता है। घरों पर घर से ही बोरी मांगी जा रही है जिससे लाभार्थी का सहयोग और जुड़ाव इस अभियान से हो सके।प्रतीक चिन्ह में एक बोरी लगाया गया है जिस पर मेरा प्लास्टिक झ मेरी जिम्मेदारी लिखा हुआ है तथा प्रतीक चिन्ह पर#प्लास्टिक् मुक्त् सोनभद्र लिखा हुआ है, जिससे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए इस हेज टैग को प्रमोट किया जा सके। आज जिला पंचायत अधिकारी नामित शरण ने जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह और मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके टेबल पर रखा गया। जिस पर जिलाधिकारी सोनभद्र बी एन सिंह द्वारा कहा गया कि यह प्रतीक चिन्ह जनपद में चल रहे मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी अभियान का एक अच्छा चिन्ह बनाया है जिससे प्लास्टिक को लेकर अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराएगा। उन्होंने लोगो से अपील की कि यह अभियान बहुत ही सरल है जिससे हम पर्यावरण को बचा सकते हैं, लोगों को केवल इतना करना है कि घर पर एक बोरी टागें एवं प्रयोग किए हुए सभी प्लास्टिक उसी बोरी में रखें जिससे की प्लास्टिक वातावरण में नहीं फैलेगा और उसे पर्यावरण, मनुष्य तथा लोगों को नुकसान नहीं होगा। प्लास्टिक बोरी में रखने से नाला एवं नालियां चोक नहीं होंगी। नदियां और समुद्र में प्लास्टिक नहीं जाएगा। बोरी में से कलेक्ट हुए प्लास्टिक को निस्तारण के लिए भेज दिया जाएगा। कुछ प्लास्टिक को बेचकर ग्राम पंचायत का आए भी बढ़ेगा। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा कि यह चिन्ह अभियान के जिम्मेदारी को दशार्ता है।

जिला पंचायत अधिकारी नमिता शरण ने बताया कि यह प्रतीक चिन्ह जनपद के समस्त अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को भेंट किया जाएगा तथा इसके जरिए भी इस अभियान को जन जन तक पहुंचाया जाएगा।

# निमार्णाधीन घर के पास युवक का संदिग्ध परिस्थिति में मिला शव

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बता दे कि दिघुल गांव में बुधवार सुबह एक निमार्णाधीन मकान में 25 वर्षीय संतोष उर्फ दिनेश का शव मिला। परिजनों ने बताया मृतक संतोष दुद्धी कस्बे के एक निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर में कार्यरत था। जो 12 दिन बाद मंगलवार शाम को घर लौटा था। उसने घर पर ही रात का खाना खाया और करीब 8 बजे अपने निमार्णाधीन मकान में सोने चला गया। सुबह जब वह घर नहीं आया, तो उसकी मां ने बड़े बेटे आलोक को फोन लगाने के लिए कहा लेकिन लगातार फोन करने के बाद नहीं रिसीव होने पर भाई निमार्णाधीन मकान पर उसे देखने गया। आलोक को निमार्णाधीन मकान में संतोष की चप्पल और शर्ट चारपाई पर मिली। कुछ देर इंतजार करने के बाद जब संतोष नहीं लौटा, तो आलोक ने मकान के पीछे जाकर देखा। वहां उसका भाई औंधे मुंह पड़ा मिला। भाई को इस हालात में देख आलोक की चीख निकली और जोर जोर से रोने लगा, इस दौरान आवाज सुनकर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्राम प्रधान की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। वही परिजनों और ग्रामीणों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और अपने आदिनस्थ को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र करेगी। फिलहाल, घटना स्थल पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधी हत्या का मामला है, जिसे किसी ने रात में अंजाम दिया है। हालांकि, अभी तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। वही क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने बताया कि, युवक का शव उसके निमार्णाधीन घर के पीछे पाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी। फॉरेंसिक टीम को बुला लिया गया है, जांच जारी है।

# खनन नियमों के उलंघन पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंच, 4 क्रेशर किया सीज, हड़कम्प

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। बिल्ली मारकुंडी व डाला बारी क्षेत्र में जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित कमेटी द्वारा क्रेशर का निरीक्षण कर क्रेशर प्लांट पर प्रदूषण रोधी उपाय अपर्याप्त पाए जाने के कारण 4 क्रेशर सीज किए गए ( 2 बिल्ली मारकुंडी एवं 2 डाला क्षेत्र)। 2 अन्य क्रेशर संचालकों को नोटिस जारी की गई। इस दौरान मौके पर मनोज खनन, निरीक्षक, सुशील कुमार, अमित सिंह लेखपाल बिल्ली मारकुंडी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध – कपिल मिश्रा

दैनिक समाज जागरण
मुख्य संवाददाता

नई दिल्ली; 16 अप्रैल, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए राजधानी दिल्ली में कार्यरत सभी श्रेणियों के 40 लाख से अधिक श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी की है। बढ़ी हुई नई दरें 1 अप्रैल, 2025 से लागू होंगी। यह घोषणा आज दिल्ली के श्रम मंत्री श्री कपिल मिश्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान की।

इस मौके पर श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, दिल्ली सरकार मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी प्राथमिकता यही है कि जो मेहनत करता है, उसे उसका पूरा मेहनताना मिले। इस बढ़ोतरी से 40 लाख से अधिक दिल्ली में रह रहे कामगारों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार आएगा। लम्बे समय से तमाम मजदूर



यूनियन की मांगों का संज्ञान लेते हुए हमारी सरकार का ये ऐतिहासिक निर्णय है, जिससे निजी और सरकारी क्षेत्र में कार्यरत सभी श्रेणी के कामगारों को आर्थिक राहत मिलेगी। इस फैसले के साथ ही दिल्ली देश में सबसे ज्यादा न्यूनतम मजदूरी देने वाले राज्यों में से एक बन गया है।

नई मजदूरी दरें एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगी। अब अकुशल श्रमिकों की मासिक मजदूरी 18,066 से बढ़ाकर 18,456 कर दी गई है। इस वृद्धि से वो श्रमिक लाभान्वित होंगे जो निर्माण कार्य, फैक्ट्री, सफाई सेवाएं, दुकानों, अस्पतालों तथा अन्य असंगठित क्षेत्रों जैसे बुनियादी कार्यों में लगे होते हैं। ये अतिरिक्त राशि उनके दैनिक खर्चों में राहत प्रदान करेगी।

वहीं सेमी-स्किल्ड श्रमिकों की मासिक मजदूरी 19,929 से बढ़ाकर 20,371 कर दी गई है। इस वर्ग में श्रमिकों में वो लोग शामिल होते हैं जो किसी विशिष्ट कार्य में थोड़ी तकनीकी जानकारी रखते है। इस न्यूनतम मजदूरी वृद्धि से उनकी मेहनत का उचित सम्मान मिलेगा।

इसके साथ ही स्किल्ड श्रमिकों की मजदूरी 21,917 से बढ़ाकर 22,411 कर दी गई है। इस वर्ग में कुशल कारीगर, तकनीकी दक्ष, इलेक्ट्रिशियन जैसे लोग आते हैं। इनकी मजदूरी में वृद्धि से उनकी दक्षता और अनुभव का उचित सम्मान बढ़ेगा।

वहीं गैर मैट्रिकुलेट श्रमिकों की मजदूरी 19,929 से बढ़ाकर 20,371 कर दी गई है। मैट्रिकुलेट लेकिन स्नातक नहीं का न्यूनतम वेतनमान 21, 917 से 22, 411 एवं स्नातक और उससे ऊपर श्रेणी के श्रमिकों का 23,836 से बढ़ाकर 24,356 कर दिया गया।

कपिल मिश्रा ने आगे कहा, पिछली सरकार श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी की वृद्धि का निर्णय नहीं ले पा रही थी लेकिन हमारी सरकार ने इस मुद्दे पर तुरंत निर्णय लिया है। यह वृद्धि श्रमिकों की मेहनत और उनके योगदान को मान्यता देने की दिशा में सकारात्मक कदम है जो उन्हें आत्मनिर्भर बनने और उनकी सामाजिक स्थिति सुधारने में सहायक सिद्ध होगी। यह दरें निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में लागू होंगी। सभी नियोजकों को यह मजदूरी देना अनिवार्य होगा। अनुपालन नहीं करने की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ.बी.एल.गौड़ फाउंडेशन ने किया कर्मयोगी डॉ. इंद्रजीत शर्मा का अभिनंदन।

दैनिक समाज जागरण
मुख्य संवाददाता

नई दिल्ली :देश के प्रतिष्ठित सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थान 'कांस्टिट्यूशन क्लब' के डिप्टी चेयरमैन सभागार में कल शाम सुप्रसिद्ध सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक ट्रस्ट "डॉ.बी.एल.गौड़ फाउंडेशन' द्वारा अमेरिका के एक बड़े और ईमानदार उद्योगपति प्रवासी भारतीय डॉ. इंद्रजीत शर्मा का भव्य अभिनंदन किया गया।

इस गरिमामय समारोह की अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. बी.एल.गौड़ ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध लेखिका-शिक्षाविद् एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. प्रत्यूष वत्सला उपस्थित थीं। समारोह के विशिष्ट अतिथि थे इंडोनेशिया से पधारे धर्मगुरु डॉ. ई.माधे।

सुप्रसिद्ध कवि एवं शिक्षाविद् डॉ. विवेक गौतम के संयोजन-संचालन में संपन्न इस समारोह का शुभारंभ डॉ.बी.एल.गौड़ के तीन लोकप्रिय साहित्यिक गीतों की मधुर प्रस्तुति



से हुआ। इन प्रभावशाली गीतों को अपनी आवाज और संगीत से सजाया सुप्रसिद्ध संगीतकार डॉ. विजय श्रीवास्तव ने।

कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदी समिति, अमेरिका के न्यासी डॉ. इंद्रजीत शर्मा को कर्मयोगी की उपाधि से अलंकृत करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, शॉल और पुष्पहार प्रदान किये गये।

कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. प्रत्यूष वत्सला ने डॉ.इंद्रजीत शर्मा को उनकी उपलब्धियों और सेवाओं के लिए एक अनुकरणीय व्यक्तित्व बताया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. ई. माधे ने अपने उद्बोधन में इंद्रजीत शर्मा को एक सहज-सरल और निश्छल मन वाला मानवता का पुजारी बताया।

इसी क्रम में अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि डॉ.बी.एल. गौड़ ने कहा कि कर्मयोगी डॉ.इंद्रजीत शर्मा दूसरों के दुःख को अपना मानकर लोगों की भलाई, सहायता और सम्मान के लिए सदैव तन-मन-धन से तत्पर रहते हैं।

इस अवसर पर डॉ.इंद्रजीत शर्मा ने सभागार में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने पिता और परिवार से जो संस्कार मिले वही उनकी शक्ति और पूँजी है। मैं उन्हीं संस्कारों और मूल्यों को जीवन में उतार रहा हूँ और शायद दुनिया इसी को सम्मान देते हुए मुझे एक अलग पहचान दे रही है।

अभिनंदन समारोह के दूसरे चरण में अनेक प्रतिष्ठित कवियों द्वारा काव्य-पाठ किया जिनमें वरिष्ठ कवि शैलेंद्र शैल, डॉ.प्रेम भारद्वाज ज्ञानभिक्षु, रमा नीलदीप्ति, सुशील भारती, अरविंद चतुर्वेदी, चंद्रशेखर आश्री, मीरा शलभ, कमलेश भट्ट कमल, विनय संकोची, विज्ञान व्रत, संगीता शर्मा, अनिल गौड़, राम अवतार बैरवा, डॉ.विवेक गौतम और डॉ.बी.एल.गौड़ आदि प्रमुख थे।

इस अवसर पर समारोह में अनेक गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित थे जिनमें शारदा गौड़, दैनिक समाचार पत्र 'नेशनल एक्सप्रेस' के संपादक विपिन गुप्ता, लेखक राजन पाराशर, अशोक खुराना, विनोद शर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.अजय शर्मा, डॉ.सीमा शर्मा, लेखक डॉ. हरि सिंह पाल, प्रदीप कुमार, डॉ .मीना शर्मा, मीनाक्षी, अरशद अली फहमी, डॉ.अनीता श्रीवास्तव, पत्रकार शोबा फहमी तथा छायाकार प्रेम मिश्र प्रमुख थे।

# भाई राजोआना व अन्य जेल में बंद सिखों के मामले में केंद्र सरकार तुरंत फैसला ले: एडवोकेट धामी

**जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब की नियुक्ति व सेवानिवृत्ति संबंधी नियमों के लिए सिख समुदाय अधिक से अधिक सुझाव भेजे : धामी**

दैनिक समाज जागरण
रघुनंदन पराशर जैतो

जैतो, 16 अप्रैल : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की इन-हाउस कमेटी ने आज एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई बैठक में भाई बलवंत सिंह राजोआना व अन्य जेल में बंद सिखों के मामले में केंद्र सरकार द्वारा अपनाई जा रही देरी की नीति की कड़ी आलोचना करते हुए इस घटना को अल्पसंख्यक सिखों के साथ अन्याय करार दिया। इस संबंध में एक विशेष प्रस्ताव पारित करके माननीय सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया गया कि वह केंद्र सरकार को भाई बलवंत सिंह राजोआना की सजा कम करने के संबंध में तुरंत निर्णय लेने का आदेश दें ताकि भाई राजोआना, जो 2007 से मौत की सजा काट रहा है, को न्याय मिल सके।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि भाई बलवंत सिंह राजोआना ने उन्हें बताया है कि शिरोमणि कमेटी को उनके बारे में दायर की गई याचिका वापस ले लेनी चाहिए और केंद्र सरकार को तुरंत फैसला लेने के लिए कहा जाना चाहिए क्योंकि अब उन्हें जिंदगी और मौत का फर्क समझ में नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी भाई राजोआना के विचारों का सम्मान करती है तथा मृत्युदंड की सजा पर उनके द्वारा दिखाया गया दृढ़ संकल्प तथा चढ़दी कला राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत है। एडवोकेट धामी ने कहा कि सरकार को अपने फैसलों से पीछे नहीं हटना चाहिए और



2019 में श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के दौरान किए गए नोटिफिकेशन को पूरी तरह लागू करना चाहिए। इसके साथ ही भाई राजोआना के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्र सरकार को फैसला लेने के निर्देश को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से अपील की कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें तथा बड़ा दिल दिखाते हुए सिख भावनाओं के अनुरूप भाई बलवंत सिंह राजोआना के संबंध में निर्णय लें। एसजीपीसी अध्यक्ष ने कहा कि सिख समुदाय जेल में बंद सिखों के मामले में सरकार से न्याय की मांग कर रहा है, भीख नहीं मांग रहा है। उन्होंने कहा कि एसजीपीसी इस मामले पर केंद्रीय गृह मंत्री से मिलने का समय भी मांगेगी, जिसके लिए सचिव स्तर के अधिकारी को गृह मंत्रालय भेजा जाएगा।

जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब की नियुक्ति और सेवानिवृत्ति के संबंध में तय किए जाने वाले सेवा नियमों के लिए मांगे गए सुझावों के बारे में बात करते हुए एडवोकेट धामी ने कहा कि अब तक बड़ी संख्या में सुझाव प्राप्त हुए हैं और लगातार आ रहे हैं। उन्होंने सिख जगत से इस संबंध में अधिक से अधिक सुझाव शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को भेजने की अपील की। विशेषकर पंथ के अग्रणी संगठनों को इसे प्राथमिकता पर लेना चाहिए ताकि सिख संगठन, शिरोमणि कमेटी, आम राय और भावना के अनुसार एक सार्वभौमिक आचार संहिता बनाने की प्रक्रिया को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि सुझाव भेजने का समय फिलहाल 20 अप्रैल तक रखा गया है और इसके बाद एक समिति गठित कर प्राप्त सुझावों को पढ़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है जिस पर दीर्घकालिक विचार की आवश्यकता है। एडवोकेट धामी ने खालसा साजना दिवस, बैसाखी के अवसर पर तख्त साहिबों और विभिन्न जोनों में आयोजित अमृत संचार समारोहों में अमृत लेने वाले और गुरु बनने वाले 13,258 श्रद्धालुओं को बधाई दी और इस धार्मिक प्रचार आंदोलन को और तेज करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व के शताब्दी समारोह की शुरूआत 18 अप्रैल को गुरुद्वारा गुरु के महल अमृतसर से की जाएगी तथा इस संबंधी समर्पित विभिन्न स्थानों पर गुरमत समागम, अमृत संचार, नगर कीर्तन तथा सेमिनार आदि आयोजित करने का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस शताब्दी समारोह के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के बजट में विशेष राशि आवंटित की गई है।

एडवोकेट धामी ने यह भी बताया कि अंतरिम कमेटी ने शिरोमणि कमेटी के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी बढ़ोतरी को भी मंजूरी दे दी है। बैठक के दौरान शिरोमणि कमेटी सदस्य स. रणधीर सिंह चीमा और निहंग संगठन गुरु नानक दल मरियां वाला के प्रमुख बाबा मान सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया गया। एकजुटता में, एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुजीत सिंह विर्क, कनिष्ठ उपाध्यक्ष बलदेव सिंह कल्याण, महासचिव. शेर सिंह मांडवाला, मुख्य सचिव। कुलवंत सिंह मन्नन, अंतरिम समिति सदस्य बीबी हरजिंदर कौर, सुरजीत सिंह तुगलवाल, परमजीत सिंह खालसा, स. सुरजीत सिंह गढ़ी, बलदेव सिंह कायमपुर, सुखहरप्रीत सिंह रोडे, सुखमिंदर सिंह, गुरिंदर सिंह मथरेवाल, निजी सचिव। शाहबाज सिंह, उप सचिव। जसविंदर सिंह जस्सी, गुरनाम सिंह, स. हरभजन सिंह वक्ता, कानूनी सलाहकार श्री अमनबीर सिंह सियाली, एक्सियन स. जतिंदर सिंह आदि शामिल हैं।

# मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा व पुण्य कार्य एडवोकेट उमाशंकर शर्मा

## भारत विकास परिषद जैतो के सहयोग से गाय को सवामनी लगाई

मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण
पंजाब चीफ ब्यूरो

जैतो,16 अप्रैल : प्रसिद्ध समाज सेवी संस्था भारत विकास परिषद इकाई जैतो के सहयोग से भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा एडवोकेट के भतीजे अनिकेत शर्मा पुत्र कौशल राज शर्मा के जन्म दिन पर पंचायती गौशाला बिसनंदी मार्ग पर गौऊओं के लिए सवामनी लगाई गई इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष मोहन लाल जिंदल एल.आई.सी.,वरिष्ठ पदाधिकारी मेजर सिंह, राजीव गोयल बिट्टू बादल,रूलिया राम सिंगला गीजीवाला, सुरेन्द्र माहेश्वरी बीजों वाले, प्रीति माहेश्वरी, विजय कुमार सिंगला बिसनंदी,नरेश मित्तल,भंवरी,लाला



राम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा एडवोकेट ने कहा कि मानवता की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जन्म दिन व शादी की सालगिरह आदि के शुभ अवसर पर अपनी समरथा के अनुसार मानवता की सेवा के लिए जरूर आर्थिक सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की उस सफलता का क्या फायदा जिसमें वह इंसानियत की भावना ही नहीं रखता।उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि जरूरतमंदों एवं अन्य मानवता की निष्पक्ष सेवा से बेमिसाल पुण्य की प्राप्ति होती हैं। ऐडवोकेट उमाशंकर शर्मा ने कहा कि उनका मानना है कि वह व्यक्ति अपने जीवन में सबसे अधिक खुश रहता है जो मानवता के नाते निष्काम सवकी सहायता करता है।

# अमेरिका अपने से कमजोर देशों पर पुलिस नियंत्रण थोप रहा है – जगजीत सिंह डल्लेवाल

**अगर देश की सरकार अमेरिका के दबाव में आकर किसानों को विस्थापित करने के लिए कोई समझौता करती है तो देश के किसान इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे**

रघुनंदन पराशर जैतो समाज
जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो

फरीदकोट( पंजाब), 16 अप्रैल : गांव डल्लेवाला में भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के रोष मार्च से प्रेस बयान जारी करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जगजीत सिंह दल्लेवाल ने केंद्र की मोदी सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना दबदबा कायम रखने वाला देश अमेरिका अपने से कमजोर देशों पर अपना आधिपत्य जमाए हुए है। उन्होंने कहा कि इससे पहले अप्रैल 1994 में इसी देश ने तानाशाही करते हुए विश्व बैंक के माध्यम से अपने से कमजोर 109 देशों के किसानों की कृषि को नष्ट करने के लिए गैट जैसे समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार अमेरिका के



दबाव में आकर देश के कृषि क्षेत्र को तबाह करने के लिए कोई समझौता करती है तो देश के किसान इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। जगजीत सिंह दल्लेवाल ने पंजाब की भगवंत मान सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताते हुए कहा कि आप सरकार ने केंद्र सरकार के इशारे पर किसानों के साथ विश्वासघात किया है और बैठक में गए किसानों को गिरफ्तार करके धोखे से विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया है। उन्होंने कहा कि मेरे गांव के सभी लोगों के सहयोग से गांव दल्लेवाला में किसानों का धरना अपनी मांगों को लेकर तथा पंजाब सरकार की धोखाधड़ी के खिलाफ उसी दिन से जारी रहा है।

उन्होंने कहा कि इस गांव में हजारों की संख्या में एकत्रित हुए किसानों द्वारा शहरवासियों के सहयोग से एक बड़ी कांफ्रेंस भी आयोजित की गई है तथा सिद्धपुर संगठन द्वारा भी पिछले दिनों गांव के गुरुद्वारा साहिब में एक बड़ी मीटिंग की गई थी। उन्होंने कहा कि आज भी 60-70 किसान और 20-30 किसान पत्नियाँ दिन-रात इस विरोध प्रदर्शन में लगातार भाग ले रहे हैं। उनके आवास और लंगर की जिम्मेदारी दल्लेवाला गांव के पूरे समुदाय द्वारा वहन की जा रही है। गांव डल्लेवाला में चल रहे मार्च में बीकेयू एकता सिद्धपुर के प्रदेश अध्यक्ष श्री जगजीत सिंह दल्लेवाल, फरीदकोट जिला अध्यक्ष बोहर सिंह रुपाईयां वाला, जिला कोषाध्यक्ष गुरादित्ता सिंह नंबरदार बाजाखाना, सादिक ब्लॉक अध्यक्ष नायब सिंह शेर सिंह वाला, सुखचरण सिंह काला अध्यक्ष गोलेवाला ब्लॉक, छिंदा सिंह काबल वाला, बाबा वीर सिंह बाजाखाना, गुरप्रीत सिंह सिद्धू वाड़ा भाईका, जसपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान नेता और किसान महिलाएं मौजूद थीं। साधनवाला, इकबाल सिंह वाड़ा भाईका, गुरप्रीत सिंह मुमारां, गुरलाल सिंह, गुरादित्ता सिंह, मक्खन सिंह आदि।

# चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर को 80 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

पंजाब चीफ ब्यूरो दैनिक समाज जागरण

जैतो, 16 अप्रैल :पंजाब विजिलेंस ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम के दौरान रूपनगर जिले के नूरपुर बेदी थाने के अंतर्गत पुलिस चौकी कालवा के प्रभारी सब-इंस्पेक्टर (एसआई) हरमेश कुमार को बुधवार को 80,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। राज्य सतर्कता ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि यह गिरफ्तारी तब की गई जब जालंधर जिले के फिल्लौर सब-डिवीजन के गांव तूरा के एक शिकायतकर्ता ने ब्यूरो को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें उक्त आरोपी ने अवैध रिश्वत की मांग के बारे में बताया था। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने सतर्कता ब्यूरो से संपर्क किया था और आरोप लगाया था कि उक्त पुलिसकर्मी ने उसके खिलाफ दर्ज पुलिस मामले में मदद करने के बदले में 1,50,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। उन्होंने आगे बताया कि उक्त एस.आई.



रिश्वत की दूसरी किश्त के तौर पर 80,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विजिलेंस ब्यूरो, फ्लाइंग स्क्वॉड-1, पुलिस स्टेशन मोहाली में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कर्मचारी से इस मामले में उसके अन्य सहयोगियों की संभावित संलिप्तता के बारे में पूछताछ की जा रही है।

इस संबंध में वह पहले ही उससे पहली किस्त के रूप में 20,000 रुपये ले चुका है और शेष धनराशि की मांग कर रहा है।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजीलैंस ब्यूरो के उड़नदस्ते की टीम ने एक सुनियोजित जाल बिछाया, जिसके दौरान उक्त पुलिसकर्मी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से

सतर्कता ब्यूरो के अधिकारी एस.आई. के खिलाफ वे पिछली शिकायतों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी को कल सक्षम अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा और इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# मार्केट कमेटी के मंडी सुपरवाइजर को 7,000 रुपये की रिश्वत लेते हुये विजिलेंस ब्यूरो ने किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण पंजाब
चीफ ब्यूरो प्रमुख

जैतो ,16 अप्रैल :पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान आज गुरदासपुर जिले की मार्केट कमेटी काहनूवान में तैनात मंडी सुपरवाइजर रशपाल सिंह को 7,000 रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आज यह खुलासा करते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि उपरोक्त मुलजिम को अनाज मंडी, काहनूवान के एक आढ़ती द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है उन्होने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो को बताया कि मार्केट कमेटी



काहनूवान ने दिसंबर 2024 में उसकी फर्म पर गलत तरीके से 18,610 रुपये का जुर्माना लगा दिया था। इस मामले को हल करने की बार-बार कोशिशों के बावजूद मार्केट कमेटी के अधिकारियों ने जुर्माना वापस लेने से इंकार कर दिया। गेहूं की खरीद का सीजन निकट आ रहा था, जिस कारण शिकायतकर्ता को अपनी दूसरी फर्म, जो उसकी माँ के नाम पर रजिस्टर्ड है, के मियाद खत्म हुए लाइसेंस को रिन्यू करने की जरूरत थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि जब उसने दोनों मामलों को सुलझाने के लिए उपरोक्त मुलाजम रशपाल सिंह से संपर्क किया, तो इस मंडी सुप्रीवाइजर ने रिश्वत के रूप में 8,000 रुपये की मांग की, लेकिन उसके जोर करने के बाद रिश्वत की राशि घटाकर 7,000 रुपये कर दी गई।प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद अमृतसर रेंज के विजिलेंस ब्यूरो की एक टीम ने एक जाल बिछाया, जिसमें रशपाल सिंह को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 7,000 रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इस संबंध में विजिलेंस ब्यूरो के थाने अमृतसर रेंज में भ्रष्टाचार रोकथाम कानून तहत उपरोक्त मुलजिम के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और इस मुकदमे की आगामी जांच जारी है।

# कस्बे के ब्रह्मदत्त मेमोरियल हाल में वैशाख मास के पावन पुण्य में श्रीशिव महापुराण कथा अमृत वर्षा आगामी 20 अप्रैल से होगी प्रारंभ

दैनिक समाज जागरण,
( महेन्द्र प्रजापत बहल )

बहल, 15 अप्रैल। कस्बे के ब्रह्मदत्त मेमोरियल हाल में वैशाख मास के पावन पुण्य में श्रीशिव महापुराण कथा अमृत वर्षा आगामी 20 अप्रैल से प्रारंभ होगी और 24 अप्रैल को संपन्न होगी। कथा महापुराण के शुभारंभ पर 20 अप्रैल को सुबह 9 बजे नगर कलश यात्रा श्रीश्याम मंदिर से शुरू होकर ब्रह्मदत्त मेमोरियल हाल पहुँचेगी तथा इसी दिन से शाम 3 बजे से 6 बजे तक श्रीशिव महापुराण कथा का श्रवण किया जा सकेगा। कथा वाचक व्यास कमल सूटवाल चैनई अपनी मधुर ओजस्वी कथा शैली से बहल की बेटियां समूह के तत्वावधान में आयोजित होगी। कस्बे की यह विवाहित बेटियां अपने ससुराल पक्ष के नाते रिश्तेदारों के साथ समरसता के इस आयोजन से वर्तमान दौर की पीढ़ी को संस्कार व संस्कृति व नाते रिश्तेदारों को इस नवाचार धार्मिक अनुष्ठान के निर्वहन का मार्गदर्शक बन रही हैं। यह जानकारी देते हुए समूह प्रमुख रंजू शर्मा ने बताया कि कथा का आयोजन बहल की बेटियां समूह के सौजन्य से किया जाएगा। यह तीसरा अवसर है कि निरंतर तीसरे वर्ष यह धार्मिक आयोजन हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम को लेकर बहल में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल है। जिसमें श्रद्धालु व बड़ी संख्या में श्रोता शामिल होंगे। इस आयोजन से समुदाय में सकारात्मक प्रभाव और सांस्कृतिक समृद्धि बढ़ रही है। शिव महापुराण कथा आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना है और यह युवा पीढ़ी में सकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। जिसमें लोग एक साथ आते हैं और धार्मिक भावना को मजबूत करते हैं। शिव महापुराण कथा आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने वाला आयोजन है। जिससे लोग अपनी धार्मिक परंपराओं और मूल्यों के प्रति जागरूक हो रहे हैं। जिसमें भक्त शिव जी के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रेम व्यक्त कर रहे हैं। कथा सुनने के लिए भक्त बड़ी संख्या में आते हैं। जिससे आयोजन की सफलता और प्रभाव शीलता बढ़ती जा रही है और कस्बे की हर वर्ग के लोग इस आयोजन का हिस्सा बनते हैं।

# मार्किट कमेटी बोर्ड के जोनल अधिकारी राहूल मित्तल ने कि छापमोरी व्यापारीयों मे मचा हड़कम, 30 लाख का जुमार्ना किया

कालांवाली 16 अप्रैल (सुरेश जोरासिया) गेंहू का सीजन शुरू हो चुका है और अनाज मंडीयों मे गेंहू व सरसों के आवक भी तेज हो चुकी है। जिसके चलते अधिकारी भी एक्शन मोड़ पर है। मिली उक्त जानकारी के अनुसार गुप्त सुचाना के आधार पर शिकायत कि गई। जैसे कि उच्च अधिकारीयों को शिकायत मिली तो प्रशासन की ओर से संज्ञान लेते हुऐ। जोनल अधिकारी राहूल मित्तल की अगुवाही मे टीम गठित कि गई। यह उच्च अधिकारीयों की टीम जींद, हिसार, सिरसा आदि ने कालांवाली मे छापेमारी की गई। छापेमारी की सुचना मिलते ही व्यापारीयों मे हड़कम मच गया। यह छापेमारी दो दिन तक रात्री को भी चलती है। कालांवाली के व्यापारीयों



के गोदामों की जांच कि गई एवं अनाज मंडी के गेट पास चैक किऐ गऐ। जोनल अधिकारी राहूल मित्तल ने मीडिया को जानकारी देते हुऐ बताया कि गुप्त सुचना शिकायत के आधार पर छापेमारी कि गई है जैसे मे बताया गया कि अनाज मंडी मे कार्य सही से नही हो रहा है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुऐ। आज छापेमारी कि गई है जिसमे चार टीम गठित कर अलग अलग गोदामों मे जांच कि, अनाज मंडी के गेट पास नही काटे गऐ। गोदामों मे त्रुटिया पाई गई। समाचार पत्र लिखे जाने तक जिसके चलते गोदाम मालिकों को 21 लाख से 30 लाख तक जुमार्ना किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह कि आगे भी शिकायत मिलती है तो कार्यवाही अमल मे लाई जाऐगी।

# गांव चैहड़ कलां स्थित शहीद कृष्ण कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेल नर्सरी में वालीबाल खिलाड़ियों के लिए 18 अप्रैल, शुक्रवार को सांय 4 बजें ट्रायल आयोजित की जाएगी

दैनिक समाज जागरण,
( महेन्द्र प्रजापत बहल )

बहल, 16 अप्रैल । गांव चैहड़ कलां स्थित शहीद कृष्ण कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेल नर्सरी में वालीबाल खिलाड़ियों के लिए 18 अप्रैल, शुक्रवार को सांय 4 बजें ट्रायल आयोजित की जाएगी। इस ट्रायल में 8 से 19 साल तक के खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे। ट्रायल में कामयाब हर उन खिलाड़ियों को हरियाणा सरकार की ओर से निर्धारित खुराक भत्ता मुहैया कराया जाएगा। इसके तहत 8-14 साल के बच्चों के लिए 15 सौ रुपये प्रति माह, 14-19 साल के बच्चों के लिए 2 हजार रुपये प्रति माह देय होगा। खेल नर्सरी में वालीबाल खिलाड़ी के तौर पर 25 लड़कियों का ट्रायल के माध्यम से चयन किया जाएगा। ट्रायल में शामिल हर एक बच्चे को विभागीय नियमानुसार आवश्यक दस्तावेज जैसे फैमिली आईडी, आधार कार्ड स्वयं खिलाड़ी का, 2 पासपोर्ट आकार के नवीनतम फोटो, बैंक अकाउंट की कापी, जन्म प्रमाण पत्र आदि साथ अवश्य लेकर आना होगा। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य द्वारा जारी की गई।

# पर्यावरण सलाहकार यशवंत सिंह ने पूर्व विधायक कुंवर गंभीर सिंह से की मुलाकात, राजनीतिक और प्रदूषण नियंत्रण पर हुई चर्चा

**दैनिक समाज जागरण**

पर्यावरण सलाहकार यशवंत सिंह ने पूर्व विधायक कुंवर गंभीर सिंह जी से की मुलाकात,* राजनीतिक और प्रदूषण नियंत्रण पर हुई चर्चा शहडोलः पर्यावरण सलाहकार यशवंत सिंह ने सोहागपुर गढ़ी, शहडोल में पूर्व विधायक कुंवर गंभीर सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य और क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण नियंत्रण के उपायों पर विस्तृत चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं ने शहडोल क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर चिंता व्यक्त की और इसके समाधान के लिए संभावित उपायों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि कैसे स्थानीय समुदाय को प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों में शामिल किया जा सकता है और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सकता है। मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा हुई, जिसमें क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित किया गया। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना चाहिए। यशवंत सिंह ने कहा, "कुंवर गंभीर सिंह जी का अनुभव और ज्ञान क्षेत्र के विकास के लिए बहुत मूल्यवान है। हमने प्रदूषण नियंत्रण और राजनीतिक मुद्दों पर सार्थक चर्चा की।" कुंवर गंभीर सिंह ने भी यशवंत सिंह के प्रयासों की सराहना की और कहा कि पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करना महत्वपूर्ण है।"*पर्यावरण सलाहकार यशवंत सिंह ने पूर्व विधायक कुंवर गंभीर सिंह से की मुलाकात, राजनीतिक और प्रदूषण नियंत्रण पर हुई चर्चा पर्यावरण सलाहकार यशवंत राजनीतिक और प्रदूषण नियंत्रण पर हुई चर्चा शहडोलः पर्यावरण सलाहकार यशवंत सिंह ने सोहागपुर गढ़ी, शहडोल में पूर्व विधायक कुंवर



गंभीर सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य और क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के उपायों पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने शहडोल क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर चिंता व्यक्त की और इसके समाधान के लिए संभावित उपायों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि कैसे स्थानीय समुदाय को प्रदूषण नियंत्रण प्रयासों में शामिल किया जा सकता है और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सकता है। मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा हुई, जिसमें क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित किया गया। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना चाहिए। यशवंत सिंह ने कहा, "कुंवर गंभीर सिंह का अनुभव और ज्ञान क्षेत्र के विकास के लिए बहुत मूल्यवान है। हमने प्रदूषण नियंत्रण एवं राजनीतिक मुद्दों पर सार्थक चर्चा की।" कुंवर गंभीर सिंह ने भी यशवंत सिंह के प्रयासों की सराहना की और कहा कि पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करना महत्वपूर्ण है।ऐतिहासिक रूप से, सोहागपुर रीवा के महाराजा और ब्रिटिश अधिकारियों के दौरों के दौरान एक शिविर स्थल के रूप में कार्य करता था। गढ़ी सोहागपुर किलाः आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो स्टेशन) के पास, शहडोल में गढ़ी सोहागपुर किला नामक एक दर्शनीय स्थल स्थित है। इसे एक पर्यटक आकर्षण के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। दिवंगत चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत की पत्नी, मधुलिका रावत, सोहागपुर गढ़ी के दिवंगत कुंवर मृगेंद्र सिंह की बेटी थीं। उनका परिवार शहडोल में अपने पैतृक घर "राजबाग" में रहता था। कुंवर मृगेंद्र सिंह सोहागपुर से पूर्व विधायक थे, जो 1967 और 1972 में दो बार कांग्रेस टिकट पर चुने गए थे। संक्षेप में, सोहागपुर गढ़ी शहडोल जिले में एक ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान है, जिसमें एक किला है और इसका समृद्ध इतिहास और उल्लेखनीय परिवारों से संबंध है।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं कोतमा में संगोष्ठी का सफल आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

कोतमा। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अनूपपुर द्वारा जिलेभर में विविध रचनात्मक एवं बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को डॉ. अंबेडकर के विचारों से जोड़ना तथा संविधान की भावना को जागृत करना रहा। सबसे पहले कोतमा स्थित कन्या SC/ST छात्रावास एवं कन्या शिक्षा परिसर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने डॉ. अंबेडकर जी के जीवन दर्शन, शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण और सामाजिक समता की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। छात्राओं ने समूह चर्चा, भाषण और प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम को सार्थक और ज्ञानवर्धक बनाया। परिषद की कोतमा इकाई द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी ने छात्राओं में आत्मविश्वास , संवैधानिक चेतना और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया। इसके साथ



सम्पूर्ण अनूपपुर जिले के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ((Ambedkar Jayanti Quiz – 2025) आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता Google Form के माध्यम से सम्पन्न हुई, जिसमें जिलेभर के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी में डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचार, शिक्षा, संविधान निर्माण एवं सामाजिक न्याय से संबंधित 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्न शामिल किए गए थे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र (E-Certificate) प्रदान किए गए। यह आयोजन युवाओं में संविधान की समझ, सामाजिक चेतना और अंबेडकर के विचारों को मजबूती देने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास रहा। ABVP अनूपपुर परिवार द्वारा आयोजित इन आयोजनों ने अंबेडकर जयंती को जन-जागरण और विचार-प्रबोधन के पर्व में बदल दिया। परिषद आगे भी इसी प्रकार राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सशक्त भूमिका सुनिश्चित करने हेतु प्रयासरत रहेगी।

# बड़वारा में नियम विरुद्ध शराब दुकान का संचालन, ग्रामीणों ने जताया विरोध

**दैनिक समाज जागरण**

कटनीः कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के विलायत कला ग्राम में संचालित एक शासकीय शराब दुकान इन दिनों ग्रामीणों के तीव्र विरोध का सामना कर रही है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि यह शराब दुकान राष्ट्रीय राजमार्ग 43 और एक राज्यमार्ग के ठीक मध्य में स्थित है, जो कि सरकारी नियमों और दिशा-निदेर्शों का सरासर उल्लंघन है। ग्रामीणों के अनुसार, प्रचलित नियमों के स्पष्ट प्रावधान हैं कि किसी भी शराब की दुकान का संचालन राष्ट्रीय राजमार्ग से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर होना चाहिए। हालांकि, विलायत कला में स्थित यह दुकान इन नियमों को ताक पर रखकर संचालित की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। बुधवार



को, क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण बड़वारा तहसील कार्यालय पहुंचे और कटनी कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि विलायत कला ग्राम में स्थित शराब दुकान नियम विरुद्ध तरीके से चलाई जा रही है। दुकान की एक तरफ जहां व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग 43 गुजरता है, वहीं दूसरी तरफ एक राज्य मार्ग स्थित है। ग्रामीणों ने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि इस स्थान पर पहले भी कई गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है। उन्होंने एक हालिया घटना का जिक्र करते हुए बताया कि पूर्व में हुई एक सड़क दुर्घटना में एक बाइक चालक की दुखद मृत्यु हो गई थी। ग्रामीणों ने जोर देकर कहा कि शासन की स्पष्ट गाइडलाइन के बावजूद, शराब दुकान को राष्ट्रीय राजमार्ग से निर्धारित 100 मीटर की दूरी के नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि प्रशासन तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करे और दुकान का निरीक्षण कर इसे अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए, जो नियमों के अनुरूप हो। ज्ञापन सौंपने के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन को तीन दिन का समय दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि के भीतर उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ मिलकर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

# अखर रही है, पाली को विधायक की कमी

**पाली नगर से बना रखी है दूरियां , मुख्य अतिथि होने पर भी नहीं पहुंचती कार्य क्रमों में**

**दैनिक समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली--- मानपुर विधान सभा क्षेत्र की लोक प्रिय विधायक सुश्री मीना सिंह पाली नगर के सर्व जनिक कार्य क्रमों से दूरिया बना रखी है ।पाली नगर के शासकीय कार्य क्रमों में उनका न उपस्थित रहना नगर में चर्चा का बिषय बना हुआ है । पिछले दिनों मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से लेकर पाली नगर के ऐतिहासिक मेला शुभारंभ और डॉ भीमराव राम जी अम्बेडकर जी के मूर्ति अनावरण के अवसर पर उनका न पहुंचना लोगों को अखरने लगा है । जबकि भाजपा और परिषद की अध्यक्ष उनके अनुपस्थिति में भी उनके तारीफ के पुल बांध रखी है । माननीय विधायक जी के न पहुंचने का कारण तो साफ तौर पर पता नहीं है, फिर भी उनके काम करने के पुराने जो पैमाने देखें गये है उस आधार पर कयासों का बाजार गर्म है कि उनका पाली नगर से उनकी दूरियां कमोवेश हरदम बनी रहती है । नगरपालिका के चुनाव में सक्रिय हो कर अपनी परिषद बनाने के बाद वह नगर से उनकी दूरियां बनाने का सुनहरा इतिहास बन चुकी है ।अध्यक्ष बनाने के बाद वह उनसे



अलग ही रहकर काम करने की आदी हैं न पाली नगर से कुछ लेना और न कुछ देना ।गत वर्षों में जब भाजपा के ही नागेश्वर कोल जी शपथ ग्रहण कर रहे थे तब इन्होंने अपने मद से पांच लाख रुपए देने की घोषणा की थी परन्तु वह राशि भी अप्राप्त रही । विधायक सुश्री मीना सिंह का यह पुराना इतिहास बन गया है । नगर पालिका परिषद इसकी साक्षी बनी हुई है कि वर्ष,2005 से लेकर अनवरत रूप से चली आ रही परंपरा को तोड़ना नहीं चाहतीं है । जब नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर नागेश्वर कोल जी सम्हाल रहे थे ,तब भी उन दिनों में भी विधायक और उनके सिपहसालारो के साथ अध्यक्ष की तनातनी का मामला प्रकाश में आया था , इसके बाद वर्ष 2017 में जब भाजपा से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती ऊषा कोल बनी तब भी उनकी विधायक की दूरी जग जाहिर बनी और यह दूरियां ऊषा कोल को भाजपा छोड़ने पर मजबूर कर दिया । अब जो चल रहा है , वह घटना क्रम भी कही ऐसे ही कुछ राजदार बना हुआ है । यद्यपि वर्तमान नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष जो कि भाजपा से ही और अध्यक्ष उनसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलकर कार्यक्रम तय करती है , उनके सलाह मशविरा से उन्हें मुख्य अतिथि की आंसदी का ताज सौंपती है परन्तु इसके बाद भी विधायक जी का पाली से दूरी बनाकर रखना किस राजनीति का हिस्सा है,यह तो अभी भी राजनैतिक गलियारों से भी दूर ही है , पर यह दुरी पाली के हक से उसे वंचित कर रखा है । पाली वासियों को उनकी अखर रही कमी कब पूरी होगी , जिसके लिए हर एक नागरिक इस ओर आशान्वित होकर देख रहे हैं

# आँगनवाड़ी भवन के अभाव में पाली का वार्ड नंबर ग्यारह

**आंगनबाड़ी भवन न होने से बच्चे सड़क पर शौच करने मजबूर**

**उमरिया--ओमप्रकाश गुप्ता**

मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली नगरपालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 11, जहाँ आंगनबाड़ी भवन के अभाव ने बच्चों की ज़िंदगी में कई समस्याएँ खड़ी कर दी हैं। आइए जानते हैं वहाँ के हालात ।ताजा मामला बिरसिंहपुर पाली का वार्ड क्रमांक 11, जहाँ विकास की रफ्तार धीमी पड़ती दिख रही है। इस वार्ड में आंगनबाड़ी भवन की कमी से न सिर्फ बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने जानकारी दी कि यहाँ आंगनबाड़ी भवन नहीं होने की वजह से हमें बच्चों को पढ़ाने और पोषण के लिए बहुत मुश्किल होती है। गर्मी हो या बारिश, हम बहुत परेशान हो जाते हैं। बच्चों के लिए सुबिधा युक्त शौचालय भी नहीं है जिससे पढ़ने वाले नौनिहालों की काफी परेशानी हो रही है आये दिन बच्चे खुले में और सड़क पर बच्चे शौच के लिए जाते है जिससे दुर्घटना होने का भी काफी खतरा मंडराता रहता है किराए के भवन में आंगनवाड़ी में सुविधा कुछ भी नहीं है,गौरतलब है कि वार्ड पार्षद के माध्यम से कई बार शिकायत की है,और जानकारी दी गई पर लापरवाही का आलम ये की रवैया ज्यूँ की तेयु है,कई बार आवेदन दिए गए लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बच्चों का भविष्य अंधकार में है। इस वार्ड में करीब 50 से ज्यादा छोटे बच्चे हैं, जिनके लिए आंगनबाड़ी सेवाएँ बेहद जरूरी हैं। भवन के अभाव में ये सेवाएँ प्रभावी रूप से नहीं मिल पा रही हैं। बच्चों के पोषण के लिए आने वाली सामग्री को रखने में भी दिक्कतें होती हैं। वार्ड के लोगों का कहना है कि सरकार और प्रशासन को इस समस्या पर जल्द से जल्द ध्यान देना चाहिए।सरकार शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है पर वहीं उमरिया जिले और विभागीय जिम्मेदार अफसर की कुम्भकर्णीय नींद के चलते नौनिहालों का भविष्य खतरे में होते जा रहा है बहरहाल अब देखना यह होगा कि क्या पाली नगर पालिका वार्ड क्रमांक 11 के नौनिहाल बच्चों के लिए सुविधा युक्त आंगनबाड़ी भवन होगा या महज ऐसे ही दिखवों की किताब के पन्ने पलटते ही नजर आएंगे। हमने इस मुद्दे को प्रशासन के सामने रखा है। कि जल्द से जल्द भवन निर्माण शुरू हो सके। यह वार्ड सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी और लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। यहाँ के बच्चे और उनके माता-पिता सरकार से बस यही गुहार लगा रहे हैं कि उन्हें जल्द से जल्द सुविधा युक्त आंगनबाड़ी भवन की सुविधा दी जाए। क्योंकि किराए की आंगनवाड़ी में किसी प्रकार की सुविधा नहीं है। यह थी उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली के वार्ड क्रमांक 11 की कहानी, जहाँ आंगनबाड़ी भवन की कमी से स्थानीय लोग परेशान हैं। देखना होगा कि प्रशासन इस ओर कब ध्यान देता है।

# खुले में कचरा फेंक बीमारियां बांट रही नगर परिषद मानपुर

**समाज जागरण**

उमरिया। नगर परिषद मानपुर के द्वारा स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यो में बरती जा रही लापरवाही लोगों के लिए परेशानियों का कारण बन रही है ।नगर परिषद मानपुर के द्वारा अभी तक वार्ड 12 केवट मोहल्ला में खुले में कचरा फेंका जा रहा था लेकिन अचानक नगर परिषद द्वारा नगर से एकत्रित कचरा एवम मृत मवेशी को 1 माह से वार्ड 11 में खुले स्थान पर आबादी के बीच फेंका जा रहा है जिससे स्थानीय रहवासियों का गंदगी के कारण जीना मुहाल हो गया है गंदगी के कारण स्थानीय रहवासी बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं नगर से एकत्रित कचरा एवं गंदगी को खुले स्थान पर फेंकने से मवेशी खा कर बीमार पड़ने लगे है लेकिन नगर परिषद मानपुर के जिम्मेदार मनमाना तौर पर वार्ड 11 में आबादी के बीच खुले में कचरा फेंकने से बाज नहीं आ रहे हैं

**एमआरएफ कचरा प्रबंधन केंद्र के लिए आवंटित की गई है भूमि**

आपको बता दें कि वार्ड 12 केवट मोहल्ला में आबादी के बीच खुले स्थान पर नगर परिषद द्वारा कचरा डंपिंग किया जा रहा था जिससे वार्ड 12 के रहवासियों को गंदगी के बीच रहना पढ़ रहा था और रोज बीमारी का शिकार हो रहे थे स्थानीय रहवासियों द्वारा नगर परिषद की इस लापरवाही को जिले के संवेदनशील कलेक्टर महोदय के संज्ञान पर लाया गया था तब जाकर कलेक्टर महोदय द्वारा नगर परिषद को कचरा प्रबंधन केंद्र के लिए वार्ड क्रमांक 11 में खसरा नंबर 132/1 रकवा 2 हेक्टर भूमि आरक्षित कराई गई थी जिससे कि नगर परिषद द्वारा नगर से निकला हुआ कचरा आबादी के बीच खुले स्थान पर ना फेंका जाए

**93 लाख की लागत से होगा कचरा प्रबंधन केंद्र का निर्माण**

93 लाख रुपए की लागत से कचरा प्रबंधन केंद्र का निर्माण वार्ड 11 में निविदा कार एस के कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जायेगा जिसका भूमि पूजन वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद नेता प्रतिपक्ष राहुल द्विवेदी एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश सोनी द्वारा किया जा चुका है लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पहले से ही खुले स्थान आबादी के बीच वार्ड क्रमांक 12 पर कचरा फेंका जा रहा था तो वार्ड क्रमांक 11 में आरक्षित भूमि पर बाउंड्री का निर्माण किए बिना कचरा डंपिंग क्यों किया जा रहा है खुले स्थान में कचरा बीमारियों को आहट दे रहा है आसपास के निवासियों का कहना है कि खुले में कचरा फेंकने से दिन रात बदबू आ रही है सभी स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र के विधायक महोदय एवं कलेक्टर महोदय से जनअपेक्षा की है कि जब तक वार्ड क्रमांक 11 में आरक्षित भूमि पर कचरा प्रबंधन केंद्र का निर्माण एवं बाउंड्रीबाल का निर्माण कार्य नहीं हो जाता तब तक यहां खुले में कचरा फेंकने से रोका जाए जिससे फैल रही गंदगी और बीमारी से बचा जा सके!!

# गिद्ध संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन सेंटर केरवा भोपाल के 6 केप्टिव ब्रीडिंग गिद्धों को छोड़ा गया प्राकृतिक रहवास हलाली डेम के वन क्षेत्र में**

**समाज जागरण विजय तिवारी**

भोपाल। वन विभाग द्वारा गिद्ध संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गयी है। लुप्तप्राय गिद्ध प्रजातियों को बचाने और उनके संरक्षण के लिये गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन सेंटर केरवा भोपाल के 6 केप्टिव ब्रीडिंग गिद्धों को प्राकृतिक रहवास हलाली डेम के वन क्षेत्र में छोड़ा गया। इनमें 2 सफेद पीठ वाले गिद्ध एवं 4 लम्बी चोंच वाले गिद्धों को मुक्त किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव श्री शुभरंजन सेन ने बताया कि मुक्त किये गये सभी गिद्धों पर ऑर्निट्रैक-25 सौर ऊर्जा चलित जीपीएस-जीएसएम ट्रैकर लगाये गये हैं। इसके माध्यम से उनके आवागमन के पैटर्न और आवास उपयोग की निगरानी की जा रही है। श्री सेन ने बताया कि डायरेक्टर टेक फॉर कंजर्वेशन श्री जी. अरेन्द्रन, विश्व प्रकृति निधि भारत द्वारा गिद्धों को ऑर्निट्रैक-25 सौर ऊर्जा चलित जीपीएस-जीएसएम ट्रैकर लगाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्री सेन ने कहा कि हलाली डेम के आसपास की बस्तियों में टैग किये गये गिद्धों की सुरक्षा एवं जागरूकता के लिये पर्चे बाँटे गये हैं। इनमें आम लोगों से अपील की गयी है कि अगर गिद्ध घायल होते हैं या उन्हें कोई नुकसान पहुँचता है, तो वे तत्काल वन विभाग को सूचित करें। गिद्धों के पहले समूह को प्राकृतिक रहवास हलाली डेम के वन क्षेत्र में छोड़ने के अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव एल. कृष्णमूर्ति, संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान मीना अवधेश कुमार शिव कुमार, सहायक संचालक वन विहार संदेश माहेश्वरी, बाम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी मुम्बई के प्रतिनिधि, उप संचालक डॉ. सुजीत नरवड़े, डॉ. सरवन सिंह राठौर, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सेमसन, गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र केरवा भोपाल संजय परिहार, विश्व प्रकृति निधि भारत की प्रतिनिधि श्रीमती संगीता सक्सेना, अजय मिश्रा और रायसेन वन मण्डल के अधिकारी उपस्थित थे।

# बिजुरी के भालूगड़ार व भवनिया तालाब को जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत बनाया गया जनाकर्षक

**अभियान में डूमरकछार व अमरकंटक में हो रहे हैं जल स्त्रोतों की सफाई**

**समाज जागरण**

अनूपुर 16 अप्रैल 2025/ जिले में 30 मार्च से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। पुराने जल स्त्रोतों तथा तालाबों की साफ-सफाई एवं सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे



हैं। अभियान के तहत बिजुरी अंतर्गत भालूगड़ार एवं भवनिया तालाब के घाट एवं सीढ़ियों का रंग रोगन कर जन आकर्षक बनाया गया है व तालाब के साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार नगर परिषद डूमरकछार में वार्ड क्र. 1 के स्टॉप डैम के पीछे बोरी बंधान कार्य के साथ ही मुक्तिधाम के पास स्टाप डैम से जलीय खरपतवार एवं कचरा निकासी का कार्य किया जा रहा है। जिसमें आज नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष श्री सुनील चौरसिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पार्षदगण, समाजसेवी तथा नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा श्रमदान कर सहभागिता निभाई गई। इसी तरह अमरकंटक के पुष्कर डैम के पास भी साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है।

# रॉयल स्कूल के बच्चों ने देखी पुलिस की दुनिया

**समाज जागरण सीधी।**

रॉयल पब्लिक स्कूल चुरहट द्वारा छात्रों के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विद्यालय के छात्र-छात्राएं थाना चुरहट पहुंचे। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून व्यवस्था, पुलिस की कार्यप्रणाली और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना था। थाना परिसर में पहुंचते ही छात्रों का स्वागत थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम द्वारा किया गया। अधिकारियों ने छात्रों को एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, अपराधों की जांच, साइबर अपराध की सावधानियाँ और थाना परिसर की संरचना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक सवाल किए, जिनका उत्तर अधिकारियों ने बड़े ही सरल व प्रभावशाली ढंग से दिया। तत्पश्चात सभी छात्रों को ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क में ले जा कर सभी नियमों को अच्छे तरीके से समझाया गया। ये डेस्क विशेष कर महिलाओं के लिए बनाया गया है। कार्यक्रम के विशेष क्षण में विद्यालय प्रबंधन एवं छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए थाना प्रभारी को हरे वृक्ष के पौधे भेंट किए। इस अवसर पर थाना परिसर में पौधारोपण का भी संकल्प लिया गया। थाना प्रभारी ने इस नेक पहल के लिए विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि प्रकृति और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी समझना चाहिए। विद्यालय की ओर से संचालक राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने थाना चुरहट की टीम को उनके सहयोग और बच्चों के प्रति सकारात्मक व्यवहार के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसआई सुश्री आशा सिलावट की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपादित हुआ। जिसमें हेड कॉन्स्टेबल पुष्पेंद्र मिश्रा, रामखेलावन बंजारा, अनिल सोनी,बृजकिशोर शुक्ला, महिला आरक्षक राजकुमारी, अंजू वर्मा, आकांक्षा सिंह एवं समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। स्कूल की ओर से विद्यालय के संचालक राजेश कुमार गुप्ता, उप प्राचार्य राजेंद्र पटेल, एक्टिविटी इंचार्ज दीपक सिंह, नीलम तिवारी, वरिष्ठ शिक्षक विनय कुमार नामदेव अजीत कुमार नामदेव, राहुल मिश्रा, प्रवीण विश्वकर्मा , स्वाति सिंह, रोली सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पुलिस विभाग द्वारा समस्त बच्चों और स्टाफ को स्वल्पाहार कराया गया। एवं छात्रों और पुलिस अधिकारियों के बीच सामूहिक फोटो सेशन हुआ और सभी ने इस अनुभव को यादगार बताया।

# आवासीय परिसर के पास संचालित अंग्रेजी शराब दुकान हटाने को लेकर महिलाएं, व्यापारियो की मांग

**आधी रात तक बना रहता है। नशाखोरों का घरों एवं दुकानों के सामने जमघट**

**समाज जागरण**



जिले के कोतमा नगर के बस स्टैंड के समीप आवासीय परिसर में संचालित अंग्रेजी शराब दुकान हटाए जाने को लेकर महिलाएं, पुरुषों व व्यापारियों के द्वारा लगातार मांग की जा रही है। जिनके द्वारा मंत्री दिलीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ , जिला कलेक्टर, आबकारी अधिकारी सहित स्थानीय कार्यालय के चक्कर काटते काटते थक गए लेकिन अभी तक वार्डवासियों की मांग का निराकरण नहीं किया गया।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि आबकारी विभाग ठेकेदार के एजेंट के रूप में काम कर रहा है जिसे जनता व महिलाओं की परेशानी से कोई सरोकार नहीं रह गया है ।वार्डवासी महिला प्रियंका गुप्ता गुप्ता ने बताया कि जब से यहां पर शराब दुकान खुल गई है तब से हम लोगों की आजादी छिन सी गई है। शाम के बाद घर से निकलना मुश्किल हो गया है। रात में कचरा फेंकने या किसी काम से बाहर निकलते हैं तो शराब दुकान के सामने खड़े असामाजिक तत्वों द्वारा गंदी नजरों से देखते हैं। पूर्व नपा अध्यक्ष मोहिनी वर्मा का कहना है कि शाम होते ही यहां बाहरी एवं आपराधिक तत्वों का आना-जाना शुरू हो जाता है जो आधी रात तक बना रहता है। नशाखोरों के द्वारा घरों एवं दुकानों के सामने बैठकर नशाखोरी करते हैं। दुकान हटाने को लेकर अपने कार्यकाल में कई बार पत्राचार कर प्रयास भी की थी। महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा की दृष्टि से दुकान हटनी चाहिए। पूर्व पार्षद संगीता सोनी ने बताया कि शराब दुकान के कारण कई लोग अवैध गतिविधियों को अंजाम देते हैं यदि यहां से शराब दुकान नहीं हटी तो निकट भविष्य में किसी बड़ी वारदात होने की प्रबल संभावना बनी रहेगी। वार्ड के लोग लगातार हमसे शिकायत करते हैं। समाजसेवी प्रदीप उपाध्याय ने बताया कि शराब दुकान के कारण ही बस स्टैंड से लेकर केशवाही तिराहे तक एक दर्जन से ज्यादा अवैध अहाते एवं मीट की दुकानें संचालित हैं जहां पर खुलेआम बैठाकर दारू पिलाई जाती है। जिस कारण शाम से लेकर देर रात तक बदमाशों व शराबियों का जमघट लगा रहता है। दीपावली को आदतन बदमाशों द्वारा घंटों उपद्रव मचाते हुए त्यौहार को कलंकित कर दिया। महिला टीना गुप्ता ने बताया कि शराब दुकान के कारण हम महिलाए मानसिक रूप से प्रताड़ित है। दिनभर हो हल्ला, गाली गलौज होने के कारण बच्चों पर भी गलत प्रभाव पड़ रहा है। सुबह मंदिर जाने के दौरान रास्ते में पड़ी गंदगी व मीट के टुकड़ों के कारण शर्मसार होना पड़ता है और हमारी आस्था भी चोटिल होती है। राम खेलावन गुप्ता व्यापारी का कहना है कि शराब दुकान के पास में ही दो-दो बैंक संचालित हैं। दिनभर लोगो का आना जाना बना रहता है। बाजार में स्थित शराब दुकान के कारण आए दिन हंगामा विवाद की स्थिति निर्मित होती है। जिसका हमारी दुकानों पर असर पड़ता है। परिवार लेकर आने वाले ग्राहक दूकान आने से कतराते हैं जिस कारण हम लोग का व्यापार ठप्प होते जा रहा है।

# स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को मिली रफ्तार, अर्बन हॉट का संचालन करेगी बेंगलुरु की कंपनी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत बने अर्बन हॉट के संचालन के लिए एजेंसी तय हो गई है। बेंगलुरू की एक कंपनी को हर साल 6.03 करोड़ रुपये पर टेंडर दिया गया है। इसी माह स्मार्ट सिटी लिमिटेड कंपनी से अनुबंध होगा।



स्मार्ट सिटी कंपनी की ओर से करीब 157.67 करोड़ की लागत से बनवाए गए अर्बन हाट का टेंडर फरवरी में निकाला गया था। टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अफसरों के मुताबिक शर्तों पर खरी उतरने वाली वैग्माइन एंटरप्राइजेज बेंगलुरू से अर्बन हाट चलाने के लिए 30 साल का अनुबंध किया जाएगा। इसी माह अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर कराने की कार्रवाई में अधिकारी जुट गए हैं।

उद्योग विभाग की जमीन पर बने अर्बन हॉट स्थानीय जरी-जरदोजी और हस्तशिल्प कारीगरों को सुविधाएं देने के साथ ही स्मार्ट सिटी कंपनी की आय का जरिया बनेगा। हाट परिसर में बाजार के साथ मनोरंजन का भी इंतजाम किया गया है ताकि लोगों को आकर्षित किया जा सके। स्मार्ट सिटी कंपनी की आय का बड़ा जरिया अर्बन हॉट बनने जा रहा है। हर माह करीब 50 लाख रुपये से अधिक की कमाई होगी।

सीईओ संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि स्मार्ट सिटी कंपनी ने टेंडर निकाले थे। इसमें चार कंपनियों ने अर्बन हाट चलाने में दिलचस्पी दिखाई थी। इसके बाद अब टेंडर में तकनीकी और फाइनेंशियल बिड की प्रक्रिया की गई। तकनीकी और फाइनेंशियल बिड खुलने में अंकों के आधार पर कंपनी का चयन किया गया है।

# खेल खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होने के साथ-साथ व्यक्ति सदैव स्वस्थ भी रहता है: वीणा सिन्हा

## - खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन एक अंतराल पर मंडल पर हमेशा होता रहना चाहिए

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। इज्जतनगर मंडल पर रेलवे सुरक्षा बल के तत्वावधान में रेलवे सुरक्षा बल अंतरमंडलीय एथलेटिक्स, क्रिकेट एवं क्रॉस-कंट्री रेस प्रतियोगिता-2025 का भव्य आयोजन 9 अप्रैल से 14 अप्रैल, 2025 तक रोड नं. 4, इज्जतनगर स्थित रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया।



उक्त प्रतियोगिता का समापन समारोह 14 अप्रैल, 2025 को मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर सुश्री वीणा सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। समापन के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा प्रतियोगिता के विभिन्न प्रतिस्पधाओं व क्रिकेट में 120 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 95 पदक अलग-अलग प्रतिस्पधाओं में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रदान कर सम्मानित किया गया। रेलवे सुरक्षा बल अंतरमंडलीय क्रिकेट टूनामेंट में मंडल रेल प्रबंधक ने इज्जतनगर मंडल की विजेता रही टीम को ट्रॉफी एवं मुख्यालय/गोरखपुर की टीम को उपविजेता के खिताब से सम्मानित किया।

रेलवे सुरक्षा बल अंतरमंडलीय एथलेटिक्स एवं क्रॉस-कंट्री रेस प्रतियोगिता में सभी टीम स्वर्ण, सिल्वर व रजत पदक क्रमशः इज्जतनगर 16, 10 व 06 कुल 32 पदकों के साथ प्रथम स्थान; लखनऊ 06, 05 व 04 कुल 15 पदकों को प्राप्त कर द्वितीय स्थान; वाराणसी 03, 03 व 02 कुल 08 पदकों के साथ तृतीय स्थान तथा बनारस लोकोमोटिव वर्क्स 00, 02 व 06 कुल 8 पदकों को प्राप्त कर चैथे स्थान पर रही।

इसके पूर्व मंडल रेल प्रबंधक, सुश्री वीणा सिन्हा ने प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अच्छी खेल भावना का परिचय दिया। भविष्य में भी सभी खिलाड़ियों को आपस में ऐसे ही सामंजस्य बैठाकर खेल को खेलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन एक अंतराल पर मंडल पर हमेशा होता रहना चाहिए। खेल खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होने के साथ-साथ व्यक्ति सदैव स्वस्थ भी रहता है।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी संदीप सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/ट्रेन सेट एच. पी. गौतम, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-1 रंजीत सिंह ढ़करवाल, सहायक मंडल सुरक्षा आयुक्त मो0 शारिक खान, सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधबिहारी सहित मंडल के शाखा अधिकारी, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे। उक्त प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन मंडल सुरक्षा आयुक्त, इज्जतनगर पवन कुमार श्रीवास्तव की गहन देख-रेख में किया गया।

# उच्च प्राथमिक वि. सिंधौली में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। सिंधौली उच्च प्रा. वि. के इं. प्रधानाध्यापक एवं यूटा जिला उपाध्यक्ष/ब्लॉक अध्यक्ष रमेश मौर्य ने अपने कार्यरत विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सुनीता कश्यप ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार और विशिष्ट अतिथि प्रधानपति मुकेश कश्यप ने मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया तथा ज्यादा से ज्यादा संख्या में नामांकन कराने के लिए अभिभावकों से आग्रह किया और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। नवोदय कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण दिव्यांश और राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना में उत्तीर्ण कंचन पाल और अल्शिफा को ट्राफी और मैडल देकर सम्मानित किया गया तथा बच्चों रिजल्ट वितरण भी किये गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष गेंदनलाल मौर्य, कोषाध्यक्ष अतिराज सिंह, महिला उपाध्यक्ष रुचि देवी, शीतल मौर्य, सत्य वीर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत वीर, संजीव रस्तोगी, विजयपाल, हरिओम सिंह, दिनेश मौर्य, मुमताज जहाँ, पार्वती देवी, रुचि गंगवार, धर्मेन्द्र कुमार, रोशनलाल मौर्य, राम स्वरूप मौर्य सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षकाएँ मौजूद रहे।





# बरेली जंक्शन पर वसूली गैंग का भंडाफोड़, एसपी सिटी ने खुद की छापेमारी

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। ऑटो और ई-रिक्शा चालकों से रंगदारी वसूली की शिकायतें जब बढ़ने लगीं, तो एसपी सिटी मानुष पारीक ने खुद एक्शन मोड में आने का फैसला किया। मंगलवार रात सादे कपड़ों में एक आम यात्री बनकर उन्होंने ऑटो में सवारी की और बरेली जंक्शन पर अचानक छापेमारी कर डाली।



जैसे ही गिरोह के कुछ सदस्य नंबर लगाने के नाम पर वसूली की कोशिश करने लगे और एक ऑटो चालक ने विरोध किया, वे मारपीट पर उतर आए। मगर यह सब पहले से प्लान था – पास ही तैनात पुलिसकर्मियों ने तुरंत हरकत में आते हुए दो आरोपियों को मौके से धर दबोचा।

इनमें एक आरोपी सिविल लाइंस का और दूसरा बदायूं का निवासी है। वहीं गिरोह के बाकी पांच सदस्य मौके से फरार हो गए। पुलिस अब उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

बरेली जंक्शन पर लंबे समय से शिकायतें आ रही थीं कि ऑटो चालकों से अवैध तरीके से पैसे वसूले जा रहे हैं। विरोध करने पर मारपीट भी आम बात थी। सोमवार रात एक चालक के साथ हुई मारपीट के बाद ही एसपी सिटी ने खुद मोर्चा संभालने का फैसला किया।

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नंबर देने और पार्किंग के नाम पर जबरन वसूली करते थे। पुलिस अब इनके नेटवर्क और अन्य शामिल लोगों की पड़ताल कर रही है।

# खंड के गांव ओबरा में व्यायामशाला का समान

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

बहल, 16 अप्रैल। खंड के गांव ओबरा में व्यायामशाला का समान खुर्द-बुर्द करने का आरोप ग्राम वासी एक युवक ने सरपंच पर लगाया है और गांव में विकास कार्य विकास योजना के विपरित लगाने को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है। जिस पर संज्ञान लेते हुए पंचायती राज विभाग के एसडीओ ने स्थानांतरित सामान को मूल व्यायामशाला में रखवाने के लिए सरपंच को पत्र भी लिखा है। ओबरा गांव के युवक विनोद पुत्र मानसिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर 12 जनवरी 2025 को वर्चुअल जिस जिम का उद्घाटन किया गया था उसी जिम का सामान को सरपंच दोबारा खुर्द बुर्द करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में युवक विनोद ने विकास योजनाओं के विरूद्ध काम करने का भी आरोप लगाया है। इस सन्दर्भ में पंचायती राज विभाग के एसडीओ ने सरपंच को जिम के अलावा कहीं अन्यत्र रखवा दिया गया था को मूल व्यायामशाला में रखवाने को पत्र प्रेषित किया है। इस संदर्भ में सरपंच रविंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह केवल चुनावी रंजिश का मामला है। जिम जिम में समान रखा गया था उसे जिम के किवाड़ आदि पिछली पंचायत के कार्यकाल में चोरी हो गए थे टूट गए थे। ऐसे में सामान की हिफाजत और रखरखाव के लिए गांव में रजिस्टर्ड क्लब के सार्वजनिक उपयोगी हाल युवकों की मांग पर रखवाया गया है। जिम का कोई सामान खुर्द-बुर्द नहीं किया गया। जिम का सामान युवाओं की मांग पर रखवाया गया था। गांव से दूर बहार बनाए गए जिम में गांव के युवक नहीं जा रहे थे। मौजूदा जिम में डेढ़ सौ से 200 युवक सामान का अपने फिजिकल व्यायाम के लिए उपयोग कर रहे हैं। फिर भी विभाग के निर्देशों की पालना की जाएगी। उन पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद है और चुनावी रंजिश का हिस्सा है।

# पश्चिम बंगाल मुस्लिम कट्टरपंथियों की एक प्रयोगशाला बन गया है : दुर्गेश कुमार गुप्ता

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। वक्फ संशोधन कानून के विरोध के नाम पर पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर किए जा रहे हमलों के विरोध में नाथ नगरी सुरक्षा समूह के बैनर तले कल गुरुवार को प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समूह के महानगर संयोजक दुर्गेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार हिंदुओं को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। वहां से कानून का शासन पूरी तरह समाप्त हो गया है इसलिए पश्चिम बंगाल में धारा 356 का प्रयोग करते हुए तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए।





पश्चिम बंगाल में कट्टरपंथी मुसलमान द्वारा हिंदुओं पर किए जा रहे हम लोगों के विरोध में नाथ नगरी सुरक्षा समूह के तत्वावधान में होने वाले विरोध प्रदर्शन की पत्रकारों को जानकारी देते सुरक्षा समूह के महानगर संयोजक दुर्गेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पश्चिम बंगाल मुस्लिम कट्टरपंथियों की एक प्रयोगशाला बन गया है। वहां की राज्य सरकार अराजक तत्वों पर नकेल कसने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। हिंदुओं के धार्मिक जुलूसों और दूसरे आयोजनों पर जिस प्रकार हमले किए जा रहे हैं उससे साफ हो गया है कि इन अराजक तत्वों को ममता सरकार का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि पहले चुनाव के बाद हिंदुओं को हिंसा का शिकार बनाया गया और अब वक्फ संशोधन कानून के विरोध के नाम पर सुनियोजित तरीके से हिंदुओं पर हमले किए जा रहे हैं। उत्तर 24 परगना, बशीर हाट, मालदा, मुर्शिदाबाद और दूसरे मुस्लिम बहुल जिलों में हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं उनकी संपत्ति को लूट और नष्ट किया जा रहा है माता और बहनों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। बीती 12 अप्रैल को कट्टरपंथी मुसलमान की अराजक भीड़ में दो निर्दोष हिंदुओं की घर में घुसकर निर्मम हत्या कर दी। लेकिन राज्य सरकार हाथ पैर हाथ धरे बैठी है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार की नाकामी को देखते हुए सरकार को तुरंत वहां राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए और जिम्मेदार पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर नाथ नगरी सुरक्षा समूह कल 17 अप्रैल को विरोध प्रदर्शन करेगा। इस विरोध प्रदर्शन के लिए 30 से अधिक व्यापारिक और सामाजिक संगठनों ने अपना समर्थन दिया है। विरोध प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति महोदया को एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा।

# महानगर कार्यकारिणी सदस्य शिवम प्रजापति को पदोन्नत कर बनाया गया महानगर सचिव, पार्टी कार्यालय पर हुआ स्वागत

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। आगामी विधानसभा चुनाव में पीडीए की रणनीति पर काम कर रही सपा पीडीए समाज के लोगों को संगठन में तरजीह देंने में जुट गयी है। इसी के तहत सपा के महानगर संगठन के अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने महानगर कार्यकारिणी सदस्य शिवम प्रजापति को प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से पदोन्नति करते हुए महानगर संगठन में सचिव की जिम्मेदारी सौंपी हैं। आज पार्टी कार्यालय पर शिवम प्रजापति का महानगर सचिव बनने पर स्वागत किया गया।



इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने उन्हें पदोन्नति पत्र सौंपा तथा पार्टी नेताओं के द्वारा फूल मालाएं पहनाकर अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर महासचिव पंडित दीपक शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष शेर सिंह गंगवार, गोविंद सैनी, सुरेन्द्र सोनकर, रणवीर सिंह जाटव, महानगर सचिव हरिओम प्रजापति, नाजिम कुरैशी, मोहर सिंह लोधी तथा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के बरेली जनपद प्रभारी जितेंद्र मुंडे, रामसेवक प्रजापति, बाबर अली उर्फ डॉक्टर चाँद, रेहान अंसारी, विजय कुमार, एड. अनीता राज, मानव कुमार अनोश मैसी, तरुण चार्ली आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# अटल जन्म शताब्दी वर्ष के पांचवें कार्यक्रम में बाल कवियों ने अटल जी की कविताएं सुनाकर मन मोह लिया

**- अटल मनः बाल कवि सम्मान से विशाल, पूजा और प्रियांशी सम्मानित हुए**
**- अरमानों को ढलना होगा कदम मिलाकर चलना होगा**



**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर पाचवां कार्यक्रम पं. दीनदयाल उपाध्याय जूनियर हाईस्कूल, करगैना पर आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक राकेश चंद्र सक्सेना मुख्य अतिथि थे और संयोजन प्रधानाचार्य शिवलेश चंद्र पांडे का रहा।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती और अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने " हे शारदे मां " की मधुर वंदना प्रस्तुत कर वातावरण भावमय कर दिया।

आज के कार्यक्रम में कुल 13 छात्र - छात्राओं ने अटल जी की अनेक कविताएं सुनाकर मन उत्साह से भर दिया। प्रतिभागी तुलसी, सोनम, चांदनी, शोभा , कीर्ति, विशाल, तपस्या, पूजा, प्रियांशी, श्लोक, अलशफां, शिवानी और प्रियांशु के बीच काव्यपाठ प्रतियोगिता हुई, जिनमें विशाल, पूजा और प्रियांशी ने बराबर अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगियों ने अटल जी की कविता " गीत नहीं गाता हूं " और " गीत नया गाता हूं " दोनों सुनाकर अटल जी का भावपूर्ण स्मरण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलेश चंद्र पांडे ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन परिचय छात्र - छात्राओं को दिया और उनके राजनीतिक, पत्रकार, ओजस्वी वक्ता और उनके कवि होने पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राकेश चंद्र सक्सेना ने विजयी प्रतियोगियों को बधाई दी और सबके मंगलमय जीवन की कामना की। महामंत्री इंद्रदेव त्रिवेदी ने इस अवसर पर कहा कि अटल जन्म शताब्दी का हर माह एक कार्यक्रम होता है। आज का ये पांचवां आयोजन है। अगले माह किसी अटल मनः ओजस्वी वक्ता को सम्मानित किया जाएगा।

विजयी प्रतियोगी विशाल कक्षा 7, पूजा कक्षा 8 और प्रियांशी कक्षा 7 को शब्दांगन का मेडल, स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र और सुनहरी माला से " अटल मनः बाल कवि " सम्मान मुख्य अतिथि राकेश चंद्र सक्सेना, प्रधानाचार्य शिवलेश चंद्र पांडे, शब्दांगन के महामंत्री इंद्रदेव त्रिवेदी, उपाध्यक्ष रामकुमार अफरोज, ए के सिंह तन्हा और पूर्व प्रधानाचार्य आर पी उपाध्याय ने किया।

कार्यक्रम में विशेष सहयोग शिक्षक विपिन गंगवार, प्रीति सक्सेना, ईशिका यादव, निशा सागर, शिवानी साहू ने प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री इंद्रदेव त्रिवेदी ने किया और सभी का आभार आर पी उपाध्याय ने व्यक्त किया।

# पीछे से अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर पेड़ में घुसी बाइक ग्रामीण घायल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। थाना फरीदपुर क्षेत्र के गांव रधोली कला निवासी 40 वर्षीय कमरुल हसन पुत्र मेहंदी हसन सड़क दुर्घटना में घायल हो गया घायल को 108 एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल भर्ती कराया।



परिजनों ने बताया कमरुल हसन सीबीगंज क्षेत्र में ट्रैक्टर की एजेंसी पर काम करते हैं। सुबह अपने घर से मोटरसाइकिल के द्वारा ड्यूटी पर जा रहे थे। रास्ते में क्यारा और पेट्रोल पंप के बीच में अज्ञात वाहन ने पीछे से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी उसके बाद मोटरसाइकिल लेकर कमरुल हसन पेड़ से टकरा गए और गंभीर रूप से घायल हो गए घायल को 108 एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# गांव बिह्टुन के सरकारी स्कूल के एक संस्कृत अध्यापक पर ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में आने का सरपंच प्रतिनिधि ने लगाया आरोप

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

बहल ,16 अप्रैल। गांव बिह्टुन के सरकारी स्कूल के एक संस्कृत अध्यापक पर ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में आने का आरोप सरपंच प्रतिनिधि ने लगाया है और खंड शिक्षा अधिकारी से शिकायत की है। शिकायत मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने स्कूल पहुंच शिकायत का जायजा लिया है। बीडीओ ने अध्यापक को नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है और जल्द क्लस्टर में एडजस्ट करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। बुधवार को आंगनवाड़ी का निरीक्षण करने पहुंची सरपंच प्रतिनिधि सुमन ने स्कूल के गेट के बीचों-बीच खड़ी कार को दिखा, तो इस कार में नशे में धूत स्कूल का संस्कृत अध्यापक होना बताया है। जब सरपंच प्रतिदिन निधि ने गांव के लोगों को बुलाने के लिए फोन किया तो अध्यापक मिलने से की हालत में गाड़ी को घूमने का प्रयास किया जिसमें स्कूल के अन्य अध्यापकों के खड़े मोटरसाइकिल भी चपेट में आए। अध्यापक मौके से कर लेकर फरार हो गया। सरपंच प्रतिनिधि सुमन ने इसकी शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी को फोन पर की और अध्यापक को तुरंत प्रभाव से बदलने का आग्रह किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सोम खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा स्कूल में पहुंची तो अध्यापक अनुपस्थित मिला। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा से बात की गई तो। उन्होंने बताया कि सरपंच प्रतिनिधि सुमन ने उसको मोबाइल पर इस बात की जानकारी दी थी। जब वह स्कूल पहुंची आरोपित संस्कृत अध्यापक स्कूल में नहीं मिला। इसके लिए नोटिस जारी किया जा रहा है। फिर भी स्कूल के बच्चों की पढ़ाई बाधित ना हो, असर न पड़े इसके लिए आरोपित अध्यापक को कलस्टर में कहीं एडजस्ट किया जाएगा और नियमित स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू होने पर अध्यापक को बदल दिया जाएगा।

# पीड़ित किसान के परिवार से मिला सपा का शिष्ट मंडल, सांसद नीरज मौर्य गायब

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। कुछ दिन पहले आंवला के गांव पनवड़िया में किसान विनोद लोधी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या हो गई थी। किसान के परिवार का आरोप है कि विनोद को रात में घर से बुलाकर कुछ लोग ले गए थे। बाद में उसका शव बरामद किया गया। उसमें से एक पपैर भी गायब था। मतलब, किसान हत्या अंग भंग करके की गई थी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी का शिष्टमंडल आज पीड़ित किसान परिवार से मिला। शिष्ट मंडल में स्थानीय सपा सांसद नीरज मौर्य का भी नाम था। मगर, सांसद इस शिष्टमंडल में से गायब थे। सपा सांसद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्देश भी नहीं माना। हालांकि सपा के बाकी नेताओं ने अपने सांसद के गैर हाजिर रहने पर कोई टिप्पणी नहीं की।



सपा नेताओं के अनुसार कुछ दिन पहले पनवड़िया गांव में किसान विनोद लोधी की हत्या कर दी गई थी। पीड़ित किसान परिवार पुलिस में रिपोर्ट लिखाने गया तो पुलिस उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उसे थाने से लौटा दिया गया। रिपोर्ट न लिखने से व सुनवाई न होने से हताश पीड़ित किसान परिवार लखनऊ जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिला था। उन्हें अपनी पीड़ा से अवगत कराया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बरेली से पार्टी नेताओं का शिष्टमंडल बनाकर पीड़ित परिवार से घर जाकर मिलने और हर तरह से पीड़ित परिवार को मदद करने का निर्देश दिया था।

इसी संदर्भ में शिष्टमंडल में शामिल सपा के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप,पूर्व विधायक पंडित आरके शर्मा, पूर्व सपा जिला अध्यक्ष अगम मौर्य, बीडी वर्मा समेत बाकी नेता पंनवारिया गांव पहुंचे और किसान परिवार से मिले। उन्होंने उनका दुख साझा किया और पीड़ित परिवार को मदद का भरोसा दिलाया। पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयत्न करेगी। दोषी पर सख्त कार्रवाई कर जेल भिजवाया जाएगा। और इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि किसी भी बेगुनाह को न फसाया जाए। असल दोषी हैं, उन्हीं को सजा मिले। पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय मिले।

शिष्टममंडल के साथ पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिह यादव, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव , विधानसभा प्रभारी इंद्रपाल सिंह यादव, नगर अध्यक्ष मशकूर खान, भूपेंद्र सिंह, आकाश प्रेमी ओमपाल सिंह पाल रविंद सिह यादव द्रोण कश्यप , संजीव कश्यप,अनुज मौर्य शामिल मौजूद थे।

# जर्जर लाइन नहीं बदली गई तो किसान नेता ने भूख हड़ताल करने की दी चेतावनी।

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली / मुरादाबाद । आज किसान एकता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल किसान नेता डॉ रवि नागर के नेतृत्व में करनपुर हरकिशनपुर गांव की 11000 हाई वोल्टेज की जर्जर हुई विद्युत लाइनो के दुरुस्तीकरण के लिए प्रभारी मंत्री मुरादाबाद माननीय जेपीएस राठौर को संबोधित मांग पत्र उप जिला अधिकारी कांठ को सौंपा।



किसान एकता संघ के दर्जनों पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। जहां पर किसानों की भीड़ को देखकर तहसील में अफरा तफरी मच गई।

किसान नेता डॉ रवि नागर ने बताया की जर्जर हुई लाइनों से कई बार किसान एवं मजदूर चोटिल हो चुके हैं। जिनकी सूचना हर बार उप जिला अधिकारी कांठ, उपखंड अधिकारी विद्युत विभाग एवं अधिशासी अभियंता अगवानपुर को दी गई। चार महीने से लगातार किसान हित की इस जायज मांग को लेकर हम धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन के माध्यम से इनको बदलवाने की मांग कर रहे हैं लेकिन ऐसा लगता है कि स्थानीय प्रशासन किसी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थानीय प्रशासन को अंतिम चेतावनी है अगर इसका समाधान 10 दिनों के अंदर नहीं निकाला गया तो किसान एकता संघ तहसील में भूख हड़ताल करने के लिए मजबूर होगा। इससे पहले एक बार हम प्रभारी मंत्री माननीय जेपीएस राठौर से भी उदासीन स्थानीय अधिकारियों की शिकायत कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे।

राष्ट्रीय सचिव यज्ञ प्रकाश गंगवार ने कहा कि जहां सरकार किसानों के हित की बात करती है वहीं कुछ ऐसे अधिकारी भी है जिन्हें किसानों के प्रति कोई हमदर्दी नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि किसान विरोधी मानसिकता के ऐसे अधिकारीयो को अपना रवैया बदल लेना चाहिए नहीं तो किसान एकता संघ ऐसे अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

जिला अध्यक्ष अनुज चौधरी ने कहा कि अभी 3 दिन पहले भी 11000 वोल्टेज की जर्जर लाइन का तार टूट गया था जिससे एक मजदूर को करंट लगा और वह बड़ी मुश्किल से बच पाया।

जिला अधिकारी पवार ने आश्वासन दिया कि शीघ्र से शीघ्र किसानों की समस्या का हाल कराया जाएगा।

ज्ञापन प्रेषित करने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव यज्ञ प्रकाश गंगवार,प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा पंडित राजेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी श्यामपाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष अनुज चौधरी, अभिजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह चौधरी, सुरेंद्र सिंह, कुलदेव सिंह, लाखन सिंह, राजपाल सिंह, इसाक, शहादत खान, पंकज, अमरदीप, रघुवीर कश्यप, वीरेश भगत जी आदि बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# मानव सेवा ईश्वरीय सेवा: सिन्हा

## - कन्याओं को दिये वैवाहिक उपहार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**


बरेली।मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में सेवा सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को कोहाड़ापीर पर भारत सेवा ट्रस्ट के सामने दो कन्याओं के विवाह में जरूरी वैवाहिक उपहारों का वितरण किया गया। जिसमें कन्याओं को रोजमर्रा में काम आने वाली वस्तुओं का वितरण किया गया। जिसमें स्टील की अलमारी, बर्तन, कुर्सी मेज का सेट,चादर,साड़ियां नकद राशि आदि सामान सदस्यों द्वारा भेंट किया गया। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा मानव सेवा ईश्वरीय सेवा है इसको सभी को करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में प्रकाश चंद्र सक्सेना अरुणा सिन्हा, कल्पना सक्सेना,सुधीर मोहन,मीरा मोहन, गंगा राम पाल, निर्भय सक्सेना मुकेश सक्सेना,अविनाश सक्सेना,सुरेश बाबू मिश्रा, ए.पी.गुप्ता,ए. एल.गुप्ता,सुनील शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# अररिया का गौरव बढ़ा: सदर अस्पताल को डीएनबी कोर्स की मान्यता, उत्तर-पूर्व बिहार में रचा नया इतिहास

**शिशु रोग विभाग में हर वर्ष तीन प्रशिक्षु डॉक्टरों को मिलेगा उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, एनबीईएमएस ने 5 वर्षों के लिए दी मान्यता**

**समाज जागरण अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**



उत्तर-पूर्व बिहार के अररिया जिले ने चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। सदर अस्पताल, अररिया को नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) से डीएनबी (डिप्लोमा ऑफ नेशनल बोर्ड) कोर्स की मान्यता प्राप्त हुई है। यह मान्यता शिशु रोग (पेडियाट्रिक्स) विभाग के लिए प्रदान की गई है, जिसके तहत प्रति वर्ष तीन प्रशिक्षु डॉक्टरों को पोस्ट-एमबीबीएस डिप्लोमा कोर्स में दाखिला मिलेगा। इस उपलब्धि के साथ अररिया का सदर अस्पताल उत्तर-पूर्व बिहार का पहला जिला अस्पताल बन गया है जिसे यह प्रतिष्ठित शैक्षणिक स्वीकृति मिली है। यह न केवल अररिया बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व का क्षण है। स्वीकृति का औपचारिक समझौता, मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा कदम बुधवार को एनबीईएमएस के राज्य स्तरीय अधिकारी प्रभाकर सिन्हा और नीलाभ राज ने सदर अस्पताल का दौरा किया और सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप को डीएनबी कोर्स से संबंधित आधिकारिक इकरारनामा सौंपा। इस दौरान जिले के स्वास्थ्य पदाधिकारी, विशेषज्ञ डॉक्टर और अस्पताल प्रशासन की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण घोषणा को साझा किया गया। पांच वर्षों के लिए स्वीकृति, बिहार व राष्ट्रीय कोटा दोनों के लिए खुलेंगी सीटें डीएनबी अधिकारी प्रभाकर सिन्हा ने जानकारी दी कि सदर अस्पताल को जनवरी 2025 से दिसंबर 2029 तक के लिए यह मान्यता दी गई है। कोर्स में प्रवेश नीट-पीजी (NEET-PG) के माध्यम से होगा। तीन में से आधी सीटें बिहार राज्य के एमबीबीएस डिग्रीधारकों के लिए और आधी सीटें नेशनल कोटा के अंतर्गत आरक्षित होंगी। इससे बिहार के छात्रों को अपने ही राज्य में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगा नया आयाम सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने इस उपलब्धि को जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए "मील का पत्थर" बताया। उन्होंने कहा कि अब अररिया में तीन प्रशिक्षु डॉक्टरों को प्रतिवर्ष तीन विशेषज्ञ फैकल्टी के निर्देशन में उन्नत प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार होगा। टीम वर्क की जीतः अररिया बना मेडिकल एजुकेशन का केंद्र इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए डॉ. कश्यप ने सदर अस्पताल की पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि यह सामूहिक प्रयास और मजबूत टीम वर्क का नतीजा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में यह पहल न केवल चिकित्सा शिक्षा को मजबूत करेगी, बल्कि अररिया जिले को स्वास्थ्य सेवा का मॉडल बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी। उपस्थित अधिकारी इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी सह बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. मोइज, प्रभारी अधीक्षक डॉ. आकाश कुमार राय, डीपीएम संतोष कुमार, एवं अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को जिले के लिए "स्वास्थ्य और शिक्षा के समागम की ऐतिहासिक घड़ी" करार दिया।

# जोकीहाट में AIMIM का सांगठनिक शक्ति प्रदर्शन, मुर्शीद आलम बने उम्मीद की नई आवाज

**गांव-गांव तक संगठन विस्तार, जन सरोकार की राजनीति को मजबूत करने निकले AIMIM के भावी प्रत्याशी मुर्शीद आलम**

**समाज जागरण जोकीहाट ।**



जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र में आगामी 2025 के चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियाँ तेज हो गई हैं, और इसी कड़ी में AIMIM ने एक बड़ा संगठनात्मक विस्तार करते हुए क्षेत्र की राजनीति में नई ऊर्जा का संचार किया है। इस अभियान की अगुवाई पार्टी के अररिया जिला अध्यक्ष एवं जोकीहाट से भावी विधायक प्रत्याशी जनाब मुर्शीद आलम ने की। टेक्नी हाट में आयोजित बैठक के दौरान महलगांव, चौकता, भुना मझगांवा, पछियारी पिपरा और चैनपुर मसूरिया जैसे प्रमुख पंचायतों में AIMIM ने पंचायत अध्यक्षों समेत विभिन्न पदों पर ज़िम्मेदार कार्यकताओं की नियुक्ति कर अपनी जमीनी पकड़ को और मजबूत किया। जनाब मुर्शीद आलम ने इस अवसर पर कहा "AIMIM सिर्फ एक पार्टी नहीं, यह हक और इंसाफ की आवाज है। जोकीहाट की जनता बदलाव चाहती है - झूठे वादों से नहीं, बल्कि ईमानदार नेतृत्व से। हम हर गांव, हर पंचायत तक पहुंचेंगे और जनता के साथ मिलकर मिशन परिवर्तन 2025 को हकीकत में बदलेंगे।" राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो AIMIM का यह विस्तार जोकीहाट की परंपरागत सियासत को नई चुनौती दे सकता है। पार्टी के रणनीतिक तौर पर पंचायत स्तर तक संगठन खड़ा करने के फैसले को 'बूथ जीतोझ्रचुनाव जीतो' की दिशा में एक ठोस कदम माना जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है और स्थानीय स्तर पर AIMIM की बढ़ती सक्रियता ने यह साफ कर दिया है कि जनाब मुर्शीद आलम इस बार पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेंगे।

# "हर बच्चे को न्याय मिलेगा" - बिहार बाल अधिकार आयोग ने बच्चों के मामलों की सुनवाई शुरू की

**बच्चों की आवाज बनेगा आयोग, पीड़ितों को मिलेगा संवैधानिक और मानवीय संरक्षणःआयोग के माननीय अध्यक्ष डॉ. अमरदीप**

**समाज जागरण पटना/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**



बिहार में बच्चों के अधिकारों की रक्षा को लेकर एक ऐतिहासिक पहल की शुरूआत हुई है। बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बुधवार से बच्चों से जुड़े मामलों की नियमित सुनवाई प्रारंभ कर दी है। आयोग के माननीय अध्यक्ष डॉ. अमरदीप की अध्यक्षता में गठित पीठ ने तीन महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की, जिनमें से दो मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया, जबकि एक पर अगली तिथि निर्धारित की गई है। इस सुनवाई ने यह संदेश दिया कि अब राज्य में कोई भी बच्चा अपने अधिकारों से वंचित नहीं रहेगा और उनके संरक्षण के लिए एक सशक्त मंच तैयार हो गया है। डॉ. अमरदीप का संकल्पः "अब कोई बच्चा अन्याय का शिकार नहीं बनेगा" सुनवाई के पश्चात आयोग के अध्यक्ष डॉ. अमरदीप ने कहाः आयोग बच्चों की भलाई और संरक्षण के प्रति पूरी तरह समर्पित है। हमने सुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है, और अब यह सिलसिला बिना रुके जारी रहेगा। आयोग के पास जो न्यायिक शक्तियाँ हैं, उनका उपयोग करके हम सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी बच्चे के साथ किसी भी स्तर पर कोई अन्याय न हो। उनकी यह बात न सिर्फ एक प्रशासनिक घोषणा थी, बल्कि राज्य के हजारों बच्चों के भविष्य के लिए एक भरोसे का संदेश भी। तीन मामले, तीन पहलू - शिक्षा, संरक्षण और न्याय,आज की सुनवाई में एक मामला निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम (RTE) से जुड़ा था, दूसरा मामला किशोर न्याय अधिनियम (JJ Act) के अंतर्गत आया, जबकि तीसरे मामले में आयोग ने आगे की सुनवाई के लिए तिथि तय की। इन मामलों के माध्यम से यह स्पष्ट हुआ कि आयोग बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक और कानूनी संरक्षण को लेकर एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपना रहा है। न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और विशेषज्ञता सुनवाई में आयोग के सभी माननीय सदस्यगण - डॉ. हुलेश मांझी, श्रीमती शीला पंडित, डॉ. सुग्रीव दास, और श्री राकेश कुमार सिंह - की सक्रिय भागीदारी रही। इसके साथ-साथ आयोग के सचिव श्री कौशल किशोर (आईएएस) और विधि परामर्शी श्री अजय कुमार भी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रक्रिया को संवैधानिक मयार्दा और कानूनी विशेषज्ञता के साथ आगे बढ़ाया। एक उम्मीद, एक बदलाव - बच्चों के हक की लड़ाई को मिला मंच यह पहल बिहार में बच्चों की आवाज को सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। आयोग की यह सुनवाई व्यवस्था न केवल बच्चों को न्याय दिलाने का माध्यम बनेगी, बल्कि समाज में यह संदेश भी देगी कि बचपन की सुरक्षा अब प्राथमिकता है। अब जब कोई बच्चा शोषण, भेदभाव या उपेक्षा का शिकार होगा - तो उसका मामला केवल आंकड़ों में नहीं, सुनवाई की मेज पर होगा - न्याय के लिए।

# एलएनएमयू में डॉ. आंबेडकर पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**देश-विदेश के विद्वानों की भागीदारी, सामाजिक न्याय और समता पर हुआ विमर्श**

**एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक थे यू आर कॉलेज रोसड़ा के प्रभारी प्रधानाचार्य डा. घनश्याम राय**

**समाज जागरण दरभंगा ।**



भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का संयोजन यू आर कॉलेज, रोसड़ा के प्रभारी प्राचार्य डॉ. घनश्याम राय ने किया। यह आयोजन हाइब्रिड मोड में संपन्न हुआ, जिसमें देश-विदेश के प्रख्यात विद्वानों की सहभागिता ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। सामाजिक न्याय के वैश्विक विमर्श का मंच बनी संगोष्ठी संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने की। मंच पर कुलसचिव डॉ. अजय कुमार पंडित, डॉ. बी.आर. आंबेडकर चेयर के संरक्षक प्रो. अनिल कुमार झा, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. शाहिद हसन, ए.एन. कॉलेज, पटना के डॉ. संजय कुमार, तथा ईआईआईपीए बिहार शाखा के सचिव डॉ. आर.के. वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंतरराष्ट्रीय विद्वानों की सहभागिताः विचारों की सीमाओं का हुआ विस्तार संगोष्ठी में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता उल्लेखनीय रही। जॉर्जिया विश्वविद्यालय (अमेरिका) से ओलिविया औरब्रिट, काशी विद्यापीठ , वाराणसी से डॉ. सतीश कुमार, और बेरहमपुर विश्वविद्यालय (ओडिशा) से प्रो. विष्णु चरण चौधरी ने अपने विचार रखे, जिससे कार्यक्रम को वैश्विक दृष्टिकोण और विमर्श की व्यापकता प्राप्त हुई। ज्ञानलोक और कपूरी पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम के दौरान त्रैमासिक शोध पत्रिका ज्ञानलोक और पुस्तक भारत रत्न जननायक कपूरी की समाजवादी दृष्टि में विकसित बिहार का लोकार्पण कुलपति समेत वरिष्ठ शिक्षाविदों द्वारा किया गया। वक्ताओं के विचारः डॉ. आंबेडकर के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक प्रो. संजय कुमार चौधरी (कुलपति)ः आरक्षण का लाभ कुछ वर्गों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे समाज के वंचित तबकों तक पहुँचाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाने चाहिए। प्रो. मुनेश्वर यादवः बिहार जैसे राज्य में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने हेतु नए विश्वविद्यालयों की आवश्यकता है। प्रो. सतीश कुमारः डॉ. आंबेडकर सामाजिक समानता और न्याय के वैश्विक प्रतीक हैं। प्रो. अनिल कुमार झाः समरसता और सामाजिक एकता ही लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला है। डॉ. आर.के. वर्माः आंबेडकर के विचारों को उस व्यापक सामाजिक मान्यता की आवश्यकता है, जिसके वे सच्चे अधिकारी हैं। डॉ. संजय कुमारः वैचारिक विविधता को समन्वित कर समतामूलक समाज का निर्माण ही आज का मूल लक्ष्य होना चाहिए। डॉ. घनश्याम राय (संयोजक)ः आज के युवाओं को सामाजिक लोकतंत्र के मूल तत्वों से जोड़ने की आवश्यकता है, और डॉ. आंबेडकर के विचार इस दिशा में प्रकाशस्तंभ हैं। प्रो. शाहिद हसनः शिक्षा और सामाजिक चेतना, सामाजिक पुनर्निर्माण के लिए अनिवार्य स्तंभ हैं। डॉ. भारती सेहता (बिहार विश्वविद्यालय) ने भी सारगर्भित विचार रखे। संगोष्ठी की सक्रियता और संचालन संगोष्ठी का संचालन प्रो. मुकुल बिहारी वर्मा ने किया, जबकि तकनीकी सत्र की समाप्ति की घोषणा नीतीश नायक ने विभागाध्यक्ष के निदेर्शानुसार की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनोज कुमार ने किया। कार्यक्रम में विभाग के डॉ. नीतू कुमारी, डॉ. रघुवीर कुमार रंजन, डॉ. दिव्या झा, डॉ. गंगेश कुमार झा, डॉ. अविनाश कुमार सहित अनेक शिक्षक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। छात्रों की उल्लेखनीय भागीदारी संगोष्ठी में प्रदीप कुमार, सिद्धार्थ राज, केशव कुमार चौधरी, राम कृपाल, रुपेश कुमार यादव, डिंपी कुमारी, अंकु कुमारी, साहिल सहित कई छात्रों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन में ऊर्जा और विचारशीलता का समावेश हुआ। डॉ. आंबेडकर के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की सार्थक पहल यह संगोष्ठी न केवल डॉ. आंबेडकर के विचारों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पुनर्स्थापित करने का मंच बनी, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक आदर्शों की दिशा में नई पीढ़ी को जागरूक करने का सार्थक प्रयास भी सिद्ध हुई। संयोजक डॉ. घनश्याम राय के नेतृत्व में यह आयोजन एक शैक्षणिक, वैचारिक और

# ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में परिचय-सह-सम्मान समारोह संपन्न

**सेवाभाव से कार्य करें, महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाएं : प्रो. कैलाश यादव**

**समाज जागरण मधेपुरा ।**



ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में बुधवार को बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना के माध्यम से नियुक्त नए असिस्टेंट प्रोफेसरों के स्वागत में परिचय-सह-सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के शिक्षकीय गरिमा, परंपरा और नवप्रवेशी शिक्षकों के उत्साह का सजीव प्रतीक बन गया।

**सेवाभाव ही श्रेष्ठ शिक्षक का मूल गुण – प्रधानाचार्य**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि उनका इस महाविद्यालय से गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। वे इसी संस्था के पूर्व छात्र रहे हैं और यहीं शिक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं। आज उन्हें इसी महाविद्यालय में प्रधानाचार्य के रूप में सेवा का अवसर मिलना गर्व की बात है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे सेवाभाव को केंद्र में रखकर कार्य करें, कक्षाओं को जीवंत बनाएँ और महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को बनाए रखना और उसे नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

**महाविद्यालय का गौरवशाली इतिहास : डॉ. रत्नदीप**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षक संघ अध्यक्ष एवं रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. रत्नदीप ने कहा कि ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय का एक गौरवशाली अतीत रहा है। यहां से कई प्रतिष्ठित शिक्षाविद, विधायक, सांसद तथा कुलपति जैसे पदों तक पहुँचे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय की नींव भी इसी महाविद्यालय के परिसर में रखी गई थी, और इसके प्रथम कुलपति प्रो. रमेन्द्र कुमार यादव रवि भी इसी संस्था से जुड़े रहे थे।

**काव्य से सजी नई शुरूआत**

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन व पुष्पगुच्छ अर्पण के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ. मधुनंदा (मनोविज्ञान विभाग) ने अपनी प्रेरणास्पद कविता ह्यएक नई शुरूआत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

**नवचयनित शिक्षकों का सम्मान**

इस अवसर पर डॉ. कुमार सौरभ, संजीव कुमार सुमन (हिंदी), डॉ. राकेश कुमार, डॉ. मधुनंदा (मनोविज्ञान), डॉ. कुमार गौरव (अर्थशास्त्र) एवं डॉ. रीना कुमारी (भौतिकी) को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित शिक्षकों ने अपने विचार साझा किए और स्वागत-सम्मान के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

**उत्साहपूर्ण भागीदारी व संचालन**

कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. वीणा कुमारी (हिंदी विभागाध्यक्ष) ने दिया, संचालन डॉ. सुधांशु शेखर (दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष) ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्वर्णमणि (इतिहास विभागाध्यक्ष) द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक विभागों के शिक्षक उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से– डॉ. मिथिलेश कुमार (राजनीति विज्ञान), डॉ. दीपक कुमार राणा (अर्थशास्त्र), डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव, डॉ. रोहिणी, डॉ. यासमीन रसीदी, डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ. शहरयार अहमद, डॉ. मनोज ठाकुर, डॉ. हरित कृष्णा, डॉ. अंकेश कुमार, डॉ. संजय कुमार, डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ. मीनू सोढ़ी, स्वीटी सिन्हा, डॉ. सीमा कुमारी आदि शामिल थे।

**समर्पण और सहभागिता का एक प्रेरणादायी उदाहरण**

यह आयोजन न केवल नवचयनित शिक्षकों के लिए सम्मान का अवसर था, बल्कि शैक्षणिक सहयोग, भावनात्मक जुड़ाव और सामूहिक प्रतिबद्धता का भी जीवंत उदाहरण बन गया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब शिक्षक सेवाभाव के साथ कार्य करें, तो संस्था केवल इमारत नहीं, बल्कि ज्ञान का जीवंत केंद्र बन जाती है।

# छातापुर विधानसभा के बीरपुर में आयोजित अष्टयाम में शामिल हुए वीआईपी नेता संजीव मिश्रा

**धार्मिक उत्सव के बीच भव्य कलश शोभायात्रा में श्रद्धा और समरसता का हुआ संगम**

**समाज जागरण बीरपुर ।**



छातापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बीरपुर मंडल टोला में आयोजित 24 घंटे अष्टयाम के शुभ अवसर पर आज धार्मिक श्रद्धा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छातापुर विधानसभा के भावी प्रत्याशी संजीव मिश्रा ने ससम्मान भागीदारी की। श्री मिश्रा ने कहा कि यह दिन उनके लिए सौभाग्यशाली और आत्मिक रूप से प्रेरणादायक रहा। कलश शोभायात्रा में सम्मिलित होकर उन्होंने न केवल धार्मिक ऊर्जा का अनुभव किया, बल्कि समाज के प्रति प्रेम, एकता और भाईचारे की भावना को भी और गहराई से महसूस किया। हरि नाम की गूंज, ढोल-नगाड़ों की धुन और श्रद्धा का उत्साह भव्य कलश यात्रा के दौरान बजते ढोल-नगाड़े, गूंजते हरि नाम, श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और शोभायात्रा की भव्यता ने पूरे वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। छोटे-बड़े, युवा-वृद्ध सभी श्रद्धालु पूरे उत्साह और समर्पण भाव से इस यात्रा में सहभागी बने। पुराने साथियों से भेंट, सामाजिक सौहार्द की अनुभूति इस अवसर पर श्री मिश्रा की मुलाकात अपने पुराने साथियों और शुभचिंतकों से भी हुई, जिससे उन्हें अत्यंत आत्मीयता और अपनत्व की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये सामाजिक मेलजोल, भाईचारे और सामुदायिक भावना के सशक्त मंच बनते हैं। धर्म, संस्कृति और समाज का संगम कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी संजीव मिश्रा के आगमन पर प्रसन्नता जताई और उनकी सामाजिक सक्रियता एवं धार्मिक आयोजनों में सहभागिता को सराहा। उन्होंने कहा कि नेता वही होता है जो अपने लोगों के बीच हर अवसर पर खड़ा दिखे - चाहे वह सामाजिक जरूरत हो या धार्मिक समागम।

# बटराहा आवास पर मंत्री विजय कुमार मंडल से भाजपा नेताओं की शिष्टाचार भेंट

**किया 'मन की बात, जीवन की सौगात' पुस्तक भेंट, सामाजिक समन्वय और संवाद पर बल**

**समाज जागरण बटराहा ।**

बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार मंडल के बटराहा स्थित आवास पर आज भाजपा नेताओं की एक सौजन्य भेंट संपन्न हुई। इस शिष्टाचार मुलाकात में अररिया भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा तथा पूर्व पूर्णिया जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल रंजन वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर रानीगंज विधानसभा अंतर्गत गिदवास भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक 'मन की बात, जीवन की सौगात' को मंत्री विजय कुमार मंडल को स्मृति-चिह्न स्वरूप भेंट किया गया। लेखक ने बताया कि यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरक श्रृंखला 'मन की बात' से प्रेरित होकर लिखी गई है, जिसमें समाज, संस्कृति, विचार और जीवन मूल्यों



से जुड़ी अनुभूतियों को अभिव्यक्त किया गया है। कार्यक्रम में खरहट पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि श्री धिरेन्द्र मंडल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सामाजिक मुद्दों, संगठनात्मक गतिविधियों और क्षेत्रीय विकास से जुड़े विषयों पर भी सकारात्मक संवाद हुआ। मुलाकात में भाजपा नेताओं ने मंत्री विजय कुमार मंडल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे संवाद और सौजन्य मुलाकातें आपसी समन्वय और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं। समन्वय, संवाद और सौजन्य - सकारात्मक राजनीति की मिसाल यह मुलाकात सौजन्य और सद्भाव के साथ-साथ रचनात्मक राजनीतिक संस्कृति को भी दर्शाती है, जहाँ पुस्तक भेंट जैसे प्रयास विचार और साहित्य की गरिमा को भी बढ़ावा देते हैं।

# पूर्व मुखिया सह राजद अध्यक्ष मोहम्मद मुस्ताक अली के पिता के निधन पर राजद नेता राकेश विश्वास ने दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण कुसार्काटा (अररिया)।**



कुसार्काटा प्रखंड के राजद प्रखंड अध्यक्ष एवं पूर्व मुखिया मोहम्मद मुस्ताक अली के पिता के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। इस दुखद घड़ी में राजद नेता राकेश विश्वास ने स्वर्गीय के आवास पहुंचकर शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त की। राकेश विश्वास ने कहा कि मोहम्मद मुस्ताक अली के पिता एक सम्मानित, सरल और धर्मपरायण व्यक्ति थे, जिनका जीवन समाजसेवा और सदाचार के मूल्यों से प्रेरित रहा। उन्होंने परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणजन भी स्वर्गीय के अंतिम दर्शन के लिए उपस्थित हुए और परिवार को सांत्वना दी।

# दिल्ली स्थित आवास पर अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह का सम्मान

**फारबिसगंज विधानसभा के कुंदन पौद्दार ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर व्यक्त की शुभकामनाएं**

**समाज जागरण नई दिल्ली ।**



दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर अररिया के लोकप्रिय सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने आज फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जोगबनी निवासी कुंदन पौद्दार का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्री पौद्दार ने सांसद को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। इस मुलाकात के दौरान कुंदन पौद्दार ने सांसद के कार्यों की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व में अररिया के निरंतर हो रहे विकास पर प्रसन्नता जताई और उनके स्वस्थ एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना की। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने इस सम्मान हेतु श्री पौद्दार का आभार प्रकट किया और क्षेत्र के विकास हेतु सतत प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# वक्फ संसोधन कानून 2025 के विरुद्ध याचिकाओं की सुनवाई 17 अप्रैल को होगी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



वक्फ संसोधन कानून 2025 के विरुद्ध माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर विभिन्न याचिकाओं पर 16 अप्रैल को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता में न्यायधीश संजय कुमार एवं न्याधीश के भी विश्वनाथन तीन जजों की बैंच ने दिन के 02 बजे से 04 बजे तक सुनवाई हुई। 17 अप्रैल 2025 को दिन के 02 बजे से होगी। याचिकाकताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट सह राज्य सभा सांसद कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी एवं अन्य सीनियर एडवोकेट ने अपना पक्ष रखा। केन्द्र सरकार की ओर से Solicitor General of India तुषार मेहता ने अपना पक्ष रखा। पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम ने वक्फ संसोधन कानून 2025 के विरुद्ध माननीय सर्वोच्च न्यायालय में केस डायरी नंबर 19144/2025 दायर किया है।पूरी सुनवाई के दौरान पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम एवं ए आर ओबी एडवोकेट शाहिद अनवर मौजूद थे।

# पटना के मसौढ़ी स्थित निजी क्लिनिक में चोरी


**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के मसौढ़ी अनुमंडल में एक बार फिर चोरी की वारदात ने लोगों को चौका दिया है। भगवानगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर बाजार में मंगलवार की देर रात एक निजी क्लिनिक को चोरों ने निशाना बनाया। अज्ञात चोरों ने क्लिनिक का ताला तोड़कर हजारों रुपये के सामान की चोरी कर ली। डॉ. ललन कुमार, जो कि एक निजी मेडिकल प्रैक्टिशनर हैं, रोज की तरह बुधवार सुबह अपनी क्लिनिक पर पहुंचे तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ है। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। उन्होंने तुरंत समझ लिया कि बीती रात किसी ने उनकी दुकान में चोरी की है। डॉ. ललन के अनुसार, चोरों ने कैश बॉक्स से करीब दस हजार रुपये नकद के साथ-साथ दवाइयां और अन्य कीमती चिकित्सीय उपकरण भी चोरी कर लिए हैं। कुल मिलाकर चोरी गए सामानों की कीमत दस हजार से अधिक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही डॉ. ललन ने तुरंत भगवानगंज थाना को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पटना से एसएफएल (फॉरेंसिक सा-इंस लैब) और डॉग स्क्वॉड की टीम को भी बुलाया गया। विशेषज्ञों की टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। इस चोरी की घटना ने स्थानीय दुकानदारों और व्यवसायियों के बीच चिंता की लहर पैदा कर दी है। खासकर दौलतपुर बाजार जैसे व्यस्त इलाके में इस तरह की घटना का होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में रात्रि गश्ती की कमी के कारण चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।भगवानगंज थाना के अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और चोरों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है, ताकि चोरों के आने-जाने का कोई सुराग मिल सके। इस तरह की घटनाएं ना केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि समाज में असुरक्षा की भावना भी उत्पन्न करती हैं। जरूरत है कि पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करे और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो

## पटना में पूर्व विधायक समेत कई फ्लैट में चोरी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के संपतचक स्थित गोपालपुर और परसा थाना क्षेत्रों में चोरों ने बीते दो दिनों में जमकर तांडव मचाया है। जदयू के पूर्व विधायक अरुण मांझी के फ्लैट में घुसे हथियारबंद चोर शोर सुनकर भाग निकले, जबकि परसा के सुधा होम टाउन अपार्टमेंट में सात फ्लैटों के ताले तोड़कर सोने-



चांदी के जेवरात चुरा लिए।सुधा होम टाउन में मुख्यमंत्री के रिश्तेदार समेत कई प्रतिष्ठित लोग रहते हैं। सौभाग्य से गश्ती पुलिस के पहुंचने से चोर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद एफएसएल टीम, डॉग स्क्वायड और सीसीटीवी फुटेज के जरिए जांच की जा रही है। लगातार हो रही घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। परसा बाजार थाना अध्यक्ष मेनका रानी ने बताया कि घटनास्थलों पर पुलिस ने एफएसएल टीम और खोजी कुत्तों की मदद से सबूत इकट्ठा किए हैं। साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि चोरों की पहचान की जा सके। परसा और गोपालपुर थाना पुलिस की ओर से छानबीन जारी है, मगर अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है।

# पटना में युवक ने किया आत्महत्या

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ शहर के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। यह घटना बुधवार दोपहर की है। मृतक युवक की पहचान बब्लू के रूप में हुई है, जो मूलतः बिहार के जहानाबाद जिले का रहने वाला था। बब्लू पटना में पेंटर का काम करता था और पटेल नगर इलाके में किराए के मकान में रहता था। बुधवार की सुबह मकान की छत पर बब्लू का शव देखा गया, जिसकी जानकारी मकान मालिक ने तुरंत पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजी आईएमएस अस्पताल भेजा गया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और जांच में जुटी है। शास्त्रीनगर थाना के प्रभारी थानेदार रमेश कुमार ने बताया कि बब्लू के परिजन पास के ही इलाके में रहते हैं। जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि बब्लू की एक बहन कई महीनों से बीमार चल रही थी और वह उसके साथ ही रह रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति भी काफी खराब थी। बब्लू ही घर का सारा खर्च अकेले उठा रहा था। उसका एक और भाई है, जो इन दोनों से अलग रहता था। यह घटना न केवल एक परिवार के लिए पीड़ादायक है, बल्कि समाज के सामने भी कई सवाल खड़े करती है। जब एक व्यक्ति मानसिक, आर्थिक और पारिवारिक दबावों से घिर जाता है, तो वह अंततः ऐसे कदम उठाने को मजबूर हो जाता है। बब्लू की कहानी ऐसे हजारों युवाओं की कहानी से मेल खाती है, जो जिम्मेदारियों के बोझ तले दब जाते हैं। सरकार और समाज को इस दिशा में संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है। मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक सहयोग और आर्थिक सहायता जैसे मुद्दों पर गंभीरता से विचार होना चाहिए ताकि कोई और बब्लू इस तरह अपनी जिंदगी समाप्त न करे। यह घटना एक चेतावनी है कि आत्महत्या किसी एक क्षण की लाचारी नहीं, बल्कि लंबे समय से चल रही उपेक्षा और तनाव का परिणाम होती है। यदि समय रहते बब्लू को उचित सहायता और सहारा मिला होता, तो शायद आज वह जीवित होता।

# मारपीट एवं हत्या के प्रयास का एक अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के नरारी कला गांव से मारपीट और हत्या का प्रयास करने के एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मामले में थानाध्यक्ष प्रभुनाथ प्रकाश ने बताया कि टेंपू पर बाप बेटे के साथ मारपीट करने एवं हत्या का प्रयास करने का एक वांछित अभियुक्त थाना क्षेत्र के नरारी कला खुर्द गांव निवासी सत्येंद्र सिंह पिता दूधेश्वर सिंह को पीएस-।आई अमरेश दास द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# पटना में महिला से चेन झपटकर बदमाश हुआ फरार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ सम्पत चक मे गोपालपुर थाना से महज चंद कदम की दूरी पर, भीड़-भाड़ वाले बाजार में एक महिला से चेन झपट कर बदमाश फरार हो गए। वारदात इतनी नजदीक हुई कि पुलिस की कार्यशैली पर अब सवाल उठने लगे हैं। जिस जगह यह घटना हुई, वह थाना से सिर्फ पांच सौ मीटर की दूरी पर है। बावजूद इसके, पुलिस घटनास्थल तक देर से पहुंची और अब तक झपटमारों की पहचान तक नहीं कर सकी है। सवाल यह उठता है कि जब थाने के पास भी लोग सुरक्षित नहीं हैं, तो बाकी इलाकों की हालत क्या होगी। पीड़ित महिला के पति चंदन सिंह ने गोपालपुर थाना में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि उनकी पत्नी दोपहर तीन बजे बाजार गई थी। वह सामान खरीद रही थी, तभी काली पल्सर मोटर साइकिल पर सवार दो युवक आए और गले से चेन झपट कर भाग निकले। सबसे हैरानी की बात यह रही कि वारदात के वक्त बाजार में अच्छी-खासी भीड़ मौजूद थी, फिर भी अपराधी आराम से फरार हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पुलिस की गश्ती भी खानापूर्ति बनकर रह गई है। अब देखना है कि पुलिस इस मामले में क्या ठोस कदम उठाती है या यह घटना भी फाइलों में दब कर रह जाएगी। यहां बाजार में कई दुकानों में चोरी हो चुकी है जबकि थाना भी बाजार में ही स्थित है।

# मोदी सरकार की प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन पुतला दहन किया गया

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष शहाबुल अख्तर की अध्यक्षता में एव युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो आजाद साहिल के नेतृत्व में डाक घर के मुख्य द्वार के सामने मोदी स-रकार की प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन पुतला दहन किया गया। इसी दौरान कांग्रेसियों ने बताया की मोदी सरकार द्वारा नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करने और श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी व अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करने की कार्रवाई पूरी तरह से राजनीतिक प्रतिशोध है। यह लोकतंत्र पर हमला है और विपक्ष को डराने की साजिश है। इसी कर्म में डाक घर के मुख्य द्वार के सामने नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार साह, जिला महासचिव अब्सारुल हुसैन, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सह कांग्रेस नेता सफी अहमद, बिहार प्रदेश महिला महासचिव शाहजहां बेगम, जिला प्र-वक्ता जुल्फेकार अंसारी, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अतुल गोस्वामी, महिला कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष गुलताज प्रवीण, युवा कांग्रेस जिला संयोजक वसीम अख्तर, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमजद अली, जिला सचिव सुमेन्दर बहादुर,कांग्रेस कार्यालय प्रभारी मो गुड्डू,मो मोहसिन, मो अलीम, मो नजरुल, सहित दर्जनों कांग्रेसियों उपस्थित थे।

## झामुमो ने दूसरी बार चंदन प्रकाश सिन्हा को केंद्रीय समिति सदस्य बनाया

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुरः झारखंड मुक्ति मोर्चा के तेरहवें केन्द्रीय अधिवेशन में पलामू जिला के छतरपुर प्रखंड के चन्दन प्रकाश सिन्हा को दूसरी बार फिर से केन्द्रीय समिति सदस्य बनाए जाने पर छतरपुर प्रखंड के कार्यकताओं ने फूल माला से स्वागत किया और बधाई दिया। प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम ने बधाई देते हुए कहा कि चन्दन प्रकाश सिन्हा को केंद्रीय समिति सदस्य बनाने से कार्यकर्ता




एवं जनता को बहुत ही लाभ मिलेगा और सरकारी योजनाओं तक पहुंच आसान होगी।चन्दन सिन्हा धरातल पर उतरकर काम करने वाले नेता हैं और जनहित के मुद्दों पर हमेशा आवाज उठाते रहते हैं जिसका सीधा लाभ यहां के जनता को मिलता है। इनके सरल स्वभाव के कारण कार्यकताओं के चहेते नेता हैं।चन्दन प्रकाश सिन्हा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे ऊपर दोबारा विश्वास कर जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उस पर पूर्णतः खरा उतरने का कोशिश करूंगा और पूर्व की तरह जनहित के मुद्दों को सीधा सरकार तक पहुंचाने का कार्य करता रहूंगा।आम आवाम की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा। बहुत जल्द एक सहायता केंद्र खोला जाएगा और वहां प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों को संबंधित प्राधिकारियों से लेकर वरिय पदाधिकारियों तथा सरकार तक पहुंचने का काम किया जाएगा ताकि लोगों को परेशानी ना हो और सरकार की सोच को जन जन तक पहुंचा जा सके। सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना आसान होगा और इस सहायता केंद्र की निगरानी मैं स्वयं करूंगा ताकि किसी को सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े। बधाई देने वाले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड सचिव सनी कुमार मदन कुमार यादव शिवनाथ सुरीला रंजीत कुमार सोनू भुइंया शामिल थे

# हजरत अंजान शहीद दाता का 15 अप्रैल को सालाना उर्स मनाया गया:खाटिन

**समाज जागरण दीपक सरकार**





छतरपुरः-छतरपुर नगर पंचायत के खाटीन में हजरत अंजान शहीद दाता का 15 अप्रैल को सालाना उर्स मनाया गया ।आयोजक सुन्नी यादे हुसैन कमिटी के सदर खालिद रजा और सिग्रेटरी मुस्तकीम अब्बासी ने संजुक्त रूप से बतया की हजरत अंजान शाहिद दाता का कई वर्षों से 15 अप्रैल को सालाना उर्स मनया जाता है जिसमे सुबह में कमिटी का चादर पोशी के लिए पूरे शहर में भ्रमण किया गया ।इसके बाद चादर चढ़या गया रात में नात और तकरीर का आयोजन किया गया जिसमें भारत के कई हिस्सों से शायर और मौलाना पहुचे जसमे में भारत के जाने -माने मौलाना नुमान अख्तर फैकुलजामालि , शायर शम्स तबरेज गिरिडीह,नौशाद अम्बर,अल्हाज कारी मनव्वर नूरी,मौलाना जुनैद म मिस्वाहि जमा मजीद इमाम हाफिज आफताब आलम ने उर्स में उपस्थित होकर अपने आवाज में नात पड़ा ।मौलाना नुमान अख्तर फैकुलजामालि ने कहा कि हुजूर मुस्तफा स0 अड व0 ने कहा था कि दुनिया मे सभी लोग एक होकर रहो किसी को तकलीफ नही पहुचे, पड़ोस के घर पर दुख के घड़ी में पहुचकर मदद करनी चाहिए ।इन्होंने आगे कहा कि हजरत अंजान शाहिद दाता के दर पर हर नेक दुवाएँ कुबूल होती है ।इनके सालाना उर्स के मौके पर अपने प्रखंड के साथ कई जिले से लोग दुवा मांगने आते है इस मौके पर काफी भीड़ लगती है ।हाफिज इरफान अंसारी,आजाद अंसारी,कारी खुर्शीद अंसारी,जिब्राइल अंसारी ,हाफिज तौहीद आलम ने नात पढ़ा।मौके पर सुन्नी यादे हुसैन कमिटी में ,असगर हुसैन,असलम हुसैन,गुलाम मुस्तफा ,तबारक हुसैन, शमीम अहमद,नजरुल हुसैन,जुनैद हुसैन,लाल,आफताब अब्बासी ,अकबर अब्बासी,अख्तर हुसैन सेपाली अब्बासी, नंनकुली हुसैन, मोसिन हुसैन,कलीम हुसैन ,इम्तेयाज हुसैन,आबिद हुसैन ने उर्स को सफल बनाने के लिए रात दिन मेहनत किया।

# जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने नजारत एवं स्थापना शाखा का किया निरीक्षण, महत्वपूर्ण संचिका, पंजी आदि की जांच कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**दैनिक समाज जागरण 16.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल द्वारा नजारत एवं स्थापना शाखा का निरीक्षण कर सरकारी दस्तावेजों, पंजी एवं संचिकाओं का अवलोकन किया गया ।इस दौरान उन्होने आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, सी.एन.सी रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, इंडेक्स रजिस्टर आदि महत्वपूर्ण रिकॉर्ड संधारण की जांच की तथा कमियों को रेखांकित करते हुए उसे अद्यतन करने, सरकारी नियमावली के अनुरूप संचिकाओं का संधारण करने के निर्देश दिए । सरकारी राशि के माध्यम से क्रय की गई सामग्रियों आदि का उचित तरीके से संचिका, भंडार पंजी में संधारण नियमित रूप से करने के निर्देश दिए ।साथ ही समय-समय पर वित्त विभाग और सरकार के द्वारा दिए गए गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों को दिया । वहीं, सरकार के द्वारा जारी महत्वपूर्ण संकल्प, गाइडलाइन को गार्ड फाइल में संधारित करने के निर्देश दिए । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा दोनों शाखा में प्रतिनियुक्त मानव श्रम बल की उपलब्धता की समीक्षा के अलावा दैनिक उपस्थिति पंजी की जांच की गई। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिया कि कर्मी ससमय कार्यालय आएं और अपना बायोमीट्रिक उपस्थिति जरूर दर्ज करें। कर्मियों के बीच कार्य के बंटवारे की जानकारी ली । वहीं, निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यालय परिसर की समुचित साफ-सफाई, कार्यावधि का समुचित उपयोग करते हुए कार्यों का संपादन करने के निर्देश दिए ।मौके पर एडीसी श्री भगीरथ प्रसाद, नजारत उप समाहर्ता श्री डेविड बलिहार, कार्यपालक दण्डाधिकारी श्री चंद्रजीत सिंह व अन्य संबंधित उपस्थित रहे ।

# सी.एस.आई.आर.झराष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला में जनजातीय गौरव वर्ष का आयोजन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए झारखंड सरकार शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन

**दैनिक समाज जागरण 16.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



सी.एस.आई.आर.झराष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर में "जनजातीय गौरव वर्ष" के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सी.एस.आई.आर.झएनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधुरी, सी.एस.आई.आर.झसीएमईआरआई, दुगापुर के निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र मुर्मू, प्रमुख वैज्ञानिक एवं अनुसूचित जाति व जनजाति प्रतिनिधि डॉ. मनोज एम. हुमने, तथा प्रशासनिक नियंत्रक श्री आदित्य मैनाक उपस्थित थे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं उनके शिक्षकगण के साथ-साथ सी.एस.आई.आर.झ एनएमएल में कार्यरत सभी सदस्य उपस्थित थे। जनजातीय गौरव वर्ष की घोषणा हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर, 15 नवंबर 2024 को, उन्हें सम्मान देने के लिए की थी। इस वर्ष का उद्देश्य जनजातीय आंदोलनों में जननायकों के योगदान को रेखांकित करना है। उन्होंने पूरे वर्ष को भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर "जनजातीय गौरव वर्ष" के रूप में मनाने का अनुरोध किया। इस पहल के तहत देशभर में विभिन्न क्षेत्रों में जनजातीय योगदान से संबंधित उपलब्धियों को उजागर किया जाएगा, और यह कार्यक्रम 15 नवंबर 2025 तक जारी रहेगा। इस दौरान छोटे-छोटे कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय मामलों के विभिन्न पहलुओं को उजागर करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री श्री रामदास सोरेन रहे। उन्होंने इस जनजातीय गौरव वर्ष उत्सव की शुरूआत बच्चों के साथ संवाद से की। उन्होंने बच्चों को झारखंड की स्थापना, नामकरण, और इसके इतिहास से अवगत कराया। उन्होंने तिलका मांझी, सिदो-कान्हू और फुलो-झानो जैसी ऐतिहासिक शख्सियतों के योगदान पर विस्तार से बात की। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर झारखंड बनने तक के संघर्ष को उजागर किया और बताया कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा हेतु जनजातियों द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों के माध्यम से झारखंड की स्थापना हुई। मंत्री महोदय ने स्वयं को गढ़वाली महसूस करते हुए बच्चों को प्रेरित किया और उन्हें बताया कि वे जो भी प्रयोगशालाओं में देख रहे हैं, उन्हें समझें और सोचें, कि वह अपने भविष्य में क्या बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी नहीं होनी चाहिए, बल्कि जीवन और करियर से भी जुड़ी होनी चाहिए। उन्होंने इसका उदाहरण ट्रेन की यात्रा से दिया—अगर आप सफर कर रहे हैं तो मंज़िल का पता होना चाहिए, और उस मंज़िल तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास करने चाहिए। इन प्रयासों में सी.एस.आई.आर.झ एनएमएल जैसी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने महिला शिक्षा पर विशेष बल देते हुए बताया कि कैसे पहले बालिकाओं की शिक्षा बीच में छूट जाती थी, लेकिन अब ह्यमेधा सम्मान योजना जैसी सरकारी योजनाओं के माध्यम से वे अपनी पढ़ाई जारी रख पा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में वैज्ञानिकों की कमी है, और इस दिशा में बच्चों को आगे बढ़ना होगा क्योंकि वही झारखंड का भविष्य हैं। आगे चलकर यही बच्चे राज्य के प्रशासन, पुलिस, डॉक्टरी, इंजीनियरिंग और अन्य प्रोफेशनल क्षेत्रों में झारखंड के स्वर्णिम विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। मंत्री जी ने राज्य सरकार की ओर से शिक्षा संबंधी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला और बताया कि नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर झा-रखंड में तीन और विद्यालय खोले जाएंगे। इन स्कूलों में सीबीएसई क-रकुलम अपनाया जाएगा ताकि बच्चे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सक्षम हो सकें। सरकार की प्राथमिकता है कि इन स्कूलों की सुविधाएं निजी स्कूलों से भी बेहतर हों—चाहे वह पुस्तकें हों, प्रयोगशालाएं, पोषण या अन्य शैक्षणिक सामग्री। अंत में, उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे झारखंड के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि झारखंड में रहने वालों को ही राज्य के प्रशासनिक पदों पर रहकर योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना चाहिए, ताकि यहां के लोगों को उचित लाभ मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि जैसे पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम और झारखंड आंदोलन में भाग लिया, वैसे ही अब इस पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह झारखंड को अन्य विकसित राज्यों की कतार में लाकर खड़ा करें। हमारे विशिष्ट अतिथि, निदेशक, सी.एस. आई. आर.-सीएमईआरआई, दुगार्पुर, डॉ. नरेश चंद्र मुर्मू को क्षेत्र नायक के तौर पर जाना जाता है और विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में उनका अत्यंत सम्मानजनक योगदान है। उन्होंने भी छात्रों को आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सी.एस.आई.आर.झ एनएमएल के निदेशक, डॉ. संदीप घोष चौधुरी ने कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों का स्वागत किया और पूर्वी तथा पश्चिमी सिंहभूम क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति से संबंधित 10 विद्यालयों के 300 विद्यार्थियों का अभिवादन किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को रेखांकित करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे उनके आदर्शों से प्रेरणा लें। कार्यक्रम का समापन सी .एस. आई.आर.झएनएमएल के प्रशासनिक नियंत्रक श्री आदित्य मैनाक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# 1 मई 2025 अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाएगी जद (यू). बिष्टुपुर स्थित मिलानी हॉल में मजदूर दिवस सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण 16.04.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर। जनता दल (यूनाइटेड) पूर्वी सिंहभूम जिला पदाधिकारियों, महानगर पदाधिकारियों, मंच मोर्चा एवं थाना अध्यक्षों की बैठक जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हिंदुस्तानी संघ तुइलाडुंगरी में आयोजित हुई. बैठक में आगामी 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर भव्य कार्यक्रम मनाने को लेकर चर्चा की गई. सुबोध श्रीवास्तव ने बताया की मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में जद (यू) जिला समिति एवं महानगर समिति के विस्तार के उपरांत पहली बार जद (यू) झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो का लोहनगरी की धरती पर आगमन हो रहा है. श्री खीरू महतो के जोरदार अभिनंदन को लेकर तैयारी की जाएगी. उत्त दिन बिष्टुपुर स्तिथ मिलानी हॉल में भव्य कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम में जमशेपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय एवं जद (यू) प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का मार्गदर्शन कार्यकताओं को प्राप्त होगा.

बैठक में तय किया गया की इस कार्यक्रम के निमित थाना अध्यक्षों की क्षेत्रवार बैठकें होंगी. दिनांक 20 से 25 अप्रैल तक क्रमवार बैठकों का आयोजन कर कार्यक्रम के सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार की जाएगी. थाना अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है की अपने थाना क्षेत्र में कार्य करने वाले सफाई कर्मचारी व असंगठित मजदूरों की पहचान कर उन्हें ससम्मान कार्यकर्म में शामिल करवाने का कार्य करेंगे. थाना अध्यक्षों को एक सप्ताह के अंदर अपनी समिति का विस्तार करने का निर्देश दिया गया है. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए तैयारी समिति गठित की जाएगी. पूरे लोहनगरी को पार्टी के झंडे से पाट दिया जाएगा. प्रमुख चौक चौराहों पर बैनर व होर्डिंग लगाए जाएंगे. इस दौरान कार्यकताओं से भी कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उनके सुझाव प्राप्त किए गए. बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार, जिला महामंत्री कुलविंदर सिंह पन्नू, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राव, अशोक कुमार सिंह, दुर्गा राव ,भास्कर मुखी, जिला सचिव कन्हैया ओझा ,प्रेम सक्सेना, विकास साहनी , मृत्युंजय कुमार सिंह ,राजेश कुमार , विनोद सिंह ,कोषाध्यक्ष संजीव सिंह,संगठन समन्वय विजय सिंह , महानगर सचिव विकास कुमार, विनीत कुमार, क्षेत्र अध्यक्ष बमामाईंस बबलू कुमार ,सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष अर्जुन यादव, उलीडीह मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह, मानगो लालू गौड़, गोलमुरी शमशाद खान , सिदगोड़ा गौतम धार, टेल्को विनोद राय, बिरसानगर शंकर कर्मकार, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश प्रसाद उपस्थित थे. बैठक का संचालन कुलविंदर सिंह पन्नू के किया, धन्यवाद ज्ञापन शमशाद खान ने किया.

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने की प्रखंड विकास पदाधिकारी ने लोगों से की अपील '

**19-20 अप्रैल 2025 को पदमा प्रखण्ड के सभी पंचायतों में आयोजित किया जायेगा शिविर- सुनील कुमार**

**पंकज कुमार पाठक,संवाददाता पदमा दैनिक समाज जागरण**



पदमा-हजारीबाग जिले में चल रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सह इच्छुक व्यक्तियों का ड्राइविंग लाइसेंस अप्लाई कार्यक्रम के सन्दर्भ में पदमा प्रखण्ड सभागार में बैठक आयोजित किया गया ' बैठक में मुख्य तौर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा हिट एंड रन के कमेटी के सदस्य श्री सुनील कुमार पदमा प्रखण्ड प्रमुख, सभी पंचायत से मुखिया, पंचायत समिति सदस्य के साथ सड़क सुरक्षा सहयोगी मित्र उपस्थित रहे ' मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पदमा ने बताया कि बताएं कि प्रखंड के सभी लोगों के लिए बेहतर अवसर है सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी को जानकारी होना चाहिए योग्य व्यक्ति जो वाहन चलाते हैं उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस होना चाहिए बिना मतलब का लोग फाइन भरते हैं ' मौके पर उपस्थित सुनील कुमार ने बैठक में आये सभी को संबोधित करते हुए "सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान-2025" से संबंधित विषयों को बताते हुए सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि आपके पंचायत के पंचायत भवन में दिनांक 19-20 अप्रैल 2025 को समय 10:30 से 05:00 बजे संध्या तक शिविर आयोजन किया जाएगा ' उक्त आयोजित शिविर में सड़क सुरक्षा मानकों से संबंधित एवं मोटर वाहन अधिनियम 1988 के बारे में विशेष जानकारियाँ दी जाएगी साथ ही साथ इच्छुक व्यक्तियों एवं वाहन चलाने योग्य हो चुके व्यक्तियों को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया जाएगा ' ज्ञात हो कि उन्हें सरकार के द्वारा निर्धारित आवेदन शुल्क खुद भुगतान करना पड़ेगा ' उपस्थित पदमा प्रखंड के प्रमुख एवं मुखिया सामूह एवं आये सभी जनप्रतिनिधियों ने उक्त आयोजित शिविर के बारे में प्रशंसा करते हुए बताएं कि हमारे प्रखंड में सबसे बेहतर एवं सफल जागरूकता अभियान करने का प्रयास किया जाएगा ' उक्त शिविर से सभी लोग बहुत खुश होकर सभी सहयोगियों को इस काम के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिए '

# मौर्य पब्लिक स्कूल में गुब्बारा उड़ाकर नए सत्र 2025- 26 का किया गया स्वागत

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत अंग्रेजी माध्यम से संचालित मौर्य पब्लिक स्कूल कांडतरी में बुधवार को नए सत्र 2025- 26 का स्वागत किया गया।नए सत्र का स्वागत गुब्बारा उडाकर किया गया। इसमें कक्षा 1 से 6 वी तक के छात्रों विशेष कर नए बच्चे उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए।स्कूल के निर्देशक रामचंद्र कुमार एवं प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जैसे गुब्बारा आसमान को चीरता हुआ अपने ऊंचाई को छूता है ठीक उसी तरह सत्र के शुरूआत से ही अगर लगन और कड़ी मेहनत के साथ संपूर्ण विषय की तैयारी की जाए तो सफलता की ऊंचाई को छुआ जा सकता है।मौके पर मुख्य रूप से स्कूल के निर्देशक रामचंद्र कुमार , प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह , वरिष्ठ शिक्षक मनजीत गंझू , विवेक कुमार मुंडा , झूना कुमारी , सहिस्ता प्रवीन , कुंती देवी , सुगंती देवी ,

# विधायक रोशन लाल चौधरी के प्रयास से लुकैया मे लगा न्यू ट्रांसफार्मर

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : आंगो पंचायत स्थित ग्राम लुकैया में ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना आम जनों से बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी को मिली । जिस पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने त्वरित बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी से बात कर नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया । विधायक के आदेशानुसार 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। जिसका उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग जिला प्रभारी कौलेश्वर



गंझू ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर किया गया । जिसके बाद गांव में बिजली बहाल होने से लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। मौके पर कौलेश्वर गंझू ने कहा कि विधायक रोशन लाल चौधरी का एक ही उद्देश्य है कि बड़कागांव का कोई भी गांव अंधेरे में ना रहे। मौके पर आंगों पंचायत के मुखिया निलम मिंज,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भुवनेश्वर गंझू, राजेश महतो, प्रदीप महतो, वीरेंद्र महतो, महावीर महतो,जॉन मिंज, बिरसा मुंडा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# हजारीबाग में बढते अपराध, छिनतई, दिनदहाड़े हत्या एवं चोरी-डकैती पर समाजसेवी राकेश गुप्ता ने जताया गहरी चिंता

**हजारीबाग में दिनदहाड़े हत्या एवं आपराधिक घटनाओं से पूरे जिले में भय का महौल व्याप्त है, लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है - राकेश गुप्ता**

**मिंटू कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण हजारीबाग सदर**



हजारीबाग में बढते अपराध, छिनतई, दिनदहाड़े हत्या एवं चोरी-डकैती पर समाजसेवी राकेश गुप्ता ने गहरी चिंता जताया। आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन की नाकामी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में दिनदहाड़े हत्या, लुटपाट एवं चोरी की घटना से पूरे जिले में भय का महौल व्याप्त है। जिले में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। जेएमएम-कांग्रेस-राजद की ठगबंधन के सरकार में हत्या, लुटपाट एवं गैरकानूनी कार्यों को सिर्फ बढावा देती है। उन्होंने कहा कि दिनदहाड़े हत्या करने वाले अपराधी एवं चोर बेखौफ होकर पुरे जिले में घुम रहें हैं। सुशासन व्यवस्था को सुचारू रूप से करने में राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन विफल है। राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन की विफलता प्रमाण दे रही है। ठगबंधन की सरकार एवं पुलिस प्रशासन उचित कानुनी कार्यवाई कर हत्यारों के गिरोह एवं अपराधी को यथाशीघ्र पकड़े एवं कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई करें। ताकि इस प्रकार की घटना पुनरावृत्ति ना हो।

# दो युवकों पर छेड़छाड़ व बलात्कार के प्रयास का आरोप

**मामला प्रखंड के अल्पिटो पंचायत का**

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अलपीटो गांव की रहने वाली महिला ने विष्णुगढ़ थाने में दो युवकों पर छेड़छाड़, बलात्कार के प्रयास, जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है।महिला ने थाने शिकायत दर्ज कराई ।शिकायत में पीड़ित महिला ने बताया कि 13 अप्रैल 2025 की रात्रि करीब 10:30 बजे वह अपने बच्चों और देवर लखन रविदास के साथ चौथा गांव में आयोजित होने वाली रामराज मेला देखने गई थी। झूले के पास खड़े रहने के दौरान उपरैली बोदरा गांव के मिथिलेश यादव और चौथा गांव के अर्जुन यादव ने उनके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया और शोर मचाया तो उनके देवर लखन रविदास उन्हें बचाने आए, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की, मारपीट से वह घायल हो गए। जब वह घर लौटने लगे तो नहर के पास दोनों युवकों ने फिर से हमला कर दिया। पीड़िता के अनुसार मिथिलेश यादव और अर्जुन यादव ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर जबरदस्ती करने का प्रयास किया और आपत्तिजनक हरकतें कीं। उन्होंने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अपमानित भी किया और कहा कि दलित महिलाएं उनकी भूख मिटाने के लिए ही बनी हैं। पीड़िता ने आगे बताया कि जब उन्होंने असहाय महसूस करते हुए शोर मचाया तो मेले से आ-जा रहे लोगों ने दौड़कर उनकी जान बचाई। लोगों को आता देख दोनों आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए। पीड़िता ने जन शिकायत कोषांग हजारीबाग में प्राप्ति रसीद क्रम संख्या 05 दिनांक 16 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज कर विष्णुगढ़ थाना प्रभारी से अनुरोध किया है कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। विष्णुगढ़ थाना में सुनीता देवी की शिकायत दर्ज कर ली गई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है साथ ही आश्वासन दिया गया है कि जांचोपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में विष्णुगढ़ थाने के एसआई सागेन मुर्मू को कर्णकित पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।

# गौरव पटेल को झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य बनाए जाने पर कार्यकताओं में उत्साह

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता गौरव पटेल को पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य बनाए जाने पर कार्यकताओं में उत्साह है ।रांची में आयोजित झामुमो महाधिवेशन में गौरव पटेल को केंद्रीय समिति का सदस्य बनाया गया है ।गौरव पटेल को मिली जिम्मेवारी को लेकर कार्यकताओं ने बताया मांडू विधानसभा की अस्मिता,आत्मसम्मान और विकाश की भावना को और सशक्त करने के साथ साथ मांडू विधानसभा की राजनीति को नई दिशा मिलेगी ।इसे लेकर प्रखंड के कार्यकताओं ने खुशी जताते हुए गौरव पटेल को बधाई दी।

# बड़कागांव थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण। कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव : बुधवार को बड़कागांव थाना परिसर में एसडीपीओ पवन कुमार की उपस्थिति में जिलास्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में बड़कागांव थाना, डाडीकला थाना (ओपी), सिकरी थाना (ओपी),केरेडारी थाना, गिद्दी थाना और उरीमारी थाना के प्रभारी उपस्थित रहे । बड़कागांव थाना क्षेत्र से दो, सिकरी थाना (ओपी) क्षेत्र से तीन एवं केरेडारी थाना क्षेत्र से एक मामला जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आए। मौके पर मुख्य रूप से एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक, डाडीकला थाना (ओपी) प्रभारी पिंटू कुमार, सिकरी थाना (ओपी )प्रभारी सुनील सिंह, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार, गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार,उरीमारी थाना प्रभारी रथू राम एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय नापो कला में बाल संसद का गठन कर बच्चों को दी गई कर्तव्य की जानकारी

**दैनिक समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव : झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक के निदेर्शानुसार बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय नापो कला के प्रांगण में बाल संसद मंत्रिमंडल का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी मो० सोहराब एवं संचालन विज्ञान शिक्षक जलाल सगीर ने किया ।सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री मनीषा कुमारी , शिक्षा मंत्री अंकिता कुमारी , खेलकूद मंत्री दीपक कुमार , स्वास्थ्य मंत्री मोनिका कुमारी , पर्यावरण मंत्री आदित्य यादव , पोषण मंत्री छोटेलाल कुमार , संचार मंत्री अक्शा आफरीन , उपस्थिति मंत्री नयना कुमारी , कौशल विकास मंत्री सृष्टि कुमारी बनाए गए। बाल संसद के चयनित सभी 11 सदस्यों को विद्यालय के शिक्षक जलाल सगीर के द्वारा उनके अधिकार व कर्तव्य का बोध कराया गया। आगे उन्होंने बताया कि बाल संसद का गठन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। इसमें विद्यालय के शिक्षक का सहयोग आवश्यक है। छात्रों के जीवन कौशल का विकास करने में बाल संसद की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बाल संसद के पुनर्गठन में सुनिता कुमारी एवं रौशन आरा ने सहयोग किया।

# ईडी द्वारा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट मामले में विनोद कुशवाहा ने जताई नाराजगी

**कांग्रेस डरेगी नहीं झुकेगी नहीं : विनोद कुशवाहा**

**मिंटू कुमार संवाददाता समाज जागरण हजारीबाग सदर।**

प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई अन्य नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। ईडी की ओर से दाखिल इस चार्जशीट के बाद कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध जताया है। कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने ईडी की



कार्रवाई को केंद्र सरकार की राजनीतिक साजिश करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी पूरी तरह से केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रही है और विपक्षी नेताओं को टारगेट करने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। विनोद कुशवाहा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तंज कसते हुए कहा कि वे सोचते हैं कि विपक्ष की आवाज को दबाया जा सकता है, लेकिन कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी न केवल संसद के भीतर बल्कि सड़कों पर भी विरोध प्रदर्शन करेगी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेताओं पर लगे आरोप बेबुनियाद हैं।

# मनरेगा मजदूरों का भुगतान नहीं होने से परेशानी बढ़ी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



16 अप्रैल। मनरेगा योजना से कार्य पूर्ण होने के बाद भी मजदूरी का भुगतान नहीं होने से मनरेगा मजदूर परेशान हैं ।मनरेगा के मजदूरों ने बताया की कार्य पूर्ण होने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं हुआ है। विभाग के कर्मियों से शिकायत करने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं हो रहा है। किशनगंज जिला अंतर्गत दिघलबैंक प्रखंड क्षेत्र के मंगूरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मेहराज रजा ने बताया कि बीते करीब चार-पांच महीने से मनरेगा योजना में मजदूरों की मजदूरी भुगतान नहीं हुआ है। रमजान, ईद, होली सहित अन्य महत्वपूर्ण पर्व में भी मजदूरों का राशि भुगतान नहीं होने से मजदूरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों के लिए ईद व होली सहित अन्य त्योहार का रंग फीका पड़ गया। मुखिया प्रतिनिधि मेहराज रजा ने बताया कि बीते चार साल के कार्यकाल में करीब -करीब 70 फीसदी विकास हुआ है ।अगर योजना मद में राशि का भुगतान ससमय होता तो सौ फीसदी विकास कार्य का दावा जरूर पूर्ण कर सकता था। लेकिन योजना मद में आवंटन की राशि नहीं मिलने से विकास की गति कमजोर है। उन्होंने कहा कि मेरे पंचायत में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है ।अगर छठ घाट,श्मशान घाट बना है तो कब्रिस्तान का भी घेरा बंदी हुआ है। पंचायत में सड़क पुल -पुलिया इत्यादि भी बना है। इसलिए पंचायत की जनता हमारे किए गए कार्य से खुश हैं।

# मंडल कारा में कैदियों को निशुल्क सेवा की जानकारी दी गई

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




16 अप्रैल को पटना उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के पैनल अधिवक्ता उपेन्द्र प्रसाद सिंह एवं विनोद कुमार द्वारा मंडल कारा, किशनगंज का निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में ओम शंकर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार काराधीक्षक, जवाहर लाल प्रभाकर, सहायक अधीक्षक- प्रभारी उपाधीक्षक, प्रदीप कुमार सिंह, सहायक अधीक्षक, पवन कुमार साह, एल.ए.डी.सी.के अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कर्मी तौसिफ आलम उपस्थित रहे। समिति के सदस्यगण द्वारा सर्वप्रथम सभी बंदी वार्डों का बारी-बारी से निरीक्षण किया गया तथा सभी बंदियों से विधिक सहायता के संबंध में पूछ-ताछ की गयी। पुछ-ताछ के क्रम में बंदियों को निःशुल्क विधिक सेवा के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही ये भी बताया गया कि विधिक सेवा के माध्यम से निचली अदालत से लेकर सर्वोच्च अदालत तक निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान किया जाता है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा चार बिन्दूओं पर सजावार बंदियों की पहचान कर उन्हे विधिक सहायता प्रदान करना है, जिसके आलोक में मंडल कारा में एक सजावार बंदी की पहचान की गयी, जिनका जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में निःशुल्क विधिक सहायता अन्तर्गत अपील दायर किया जाएगा।

# क्या मंत्री हाफि जुल अंसारी खुद मुस्लिम है : सागर तिवारी

**दैनिक समाज जागरण**



जमशेदपुर (झारखंड) 16 अप्रैल 2025: -बजरंग सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष सागर तिवारी ने बयान जारी करते हुए झारखंड के मंत्री हाफि जुल अंसारी के बयान में कहते हैं की वो शरिया कानून को दिल में रखते है तो क्या सरिया कानून को ना मानने वाला खुद सच्चा मुस्लिम कैसे हो सकता हैं ? शरिया कानून में धार्मिक और अपराधिक दोनों कानून लिखा गया है तो मंत्री महोदय क्या अपराधिक कानून का समर्थन करते है और अगर करते हैं तो उसे पालन काहे नहीं करते हैं शरिया कानून को दिल में रखने वाले का सबसे बड़ा मकसद अपने समाज के लोगों को बेवकूफ बनाकर वोट बैंक की राजनीति करना है और मंत्री हाफि जुल अंसारी सच्चे मन से शरिया कानून को मानते है तो केवल धार्मिक कानून को ही उसका अपराधिक कानून को भी माने जिसमे चोरी करने पर हाथ काटने बलात्कार करने पर लिंग काटने का लिखा हुआ है अगर वो सच्चे मन से मानना है तो इसे भी माने और झारखंड में लागू करे । सरिया कानून में साफ लिखा गया है की हत्या करने वाले का हत्या और व्याज खाना सबसे बड़ा गुनाह है तो क्या लगभग 40 लाख रुपये जो उनके खाते में है उसके द्वारा मिलने वाले व्याज को वो बैंक को वापस करते है या नहीं । हाफिजुल अंसारी जी खुद झारखंड राज्य में मंत्री हैं अगर वो शरिया कानून को सच्चे मन से मानते है तो जल्द से जल्द शरिया कानून को झारखंड में लागू कर पूरे देश के मुस्लिम समुदाय को जागरूक संदेश दे और नहीं कर सकते है तो खुले मंच पर आकर घोषणा करे की शरिया कानून उनके दिल मैं नहीं है । मंत्री हाफि जुल अंसारी जी भूल चुके हैं की संविधान ही उनको कुछ भी कहने का अधिकार देता हैं और मंत्री भी संविधान के दायरे में बने है और इसलिए उनके दिल और दिमाग में संविधान को होना चाहिए ना ही वो कानून होना चहिए जिसे वो पूरा मानते ही नहीं हैं । मंत्री हाफि जुल अंसारी को संविधान निमार्ता बाबा भीम राव अंबेडकर और माँ भारती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माफी मांगनी चाहिए ।

# करणी सेना धूमधाम से मनाएगी महाराणा प्रताप जयंती,तैयारियों को लेकर करणी सेना ने की बैठक

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड) 16 अप्रैल 2025:- टेल्को क्षेत्र में हिंदू वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मनोज सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी महाराणा प्रताप जयंती दिनांक 9 मई को धूमधाम एवं गरिमा पूर्ण ढंग से मनाई जाएगी। बैठक में जयंती के आयोजन की रूपरेखा एवं अन्य विविध गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। सभी उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव दिए और सक्रिय सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह,कोल्हान उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह,जिलाध्यक्ष संजय सिंह,हरि सिंह राजपूत,रंजन सिंह,लवकेश सिंह,मधु सिंह,कमलेश सिंह,प्रदीप सिंह,हिमांशु सिंह,नीतिश सिंह,बबलू सिंह,पवन सिंह,उदय प्रताप सिंह,सतीश सिंह, राधेश्याम सिंह,जयंत सिंह,प्रशांत सिंह, जगदंबा सिंह,अजय सिंह,राजेश सिंह,सुधीर सिंह,संतोष सिंह समेत अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश ठाकुर**

ईचागढ़: सरायकेला जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय एवं चौक थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था । जन शिकायत समाधान कार्यक्रम चांडिल अनुमंडल में एसडीपीओ अरविंद कुमार बिन्हा मौजूद थे एवं चौका थाना परिसर में टैफिक इंस्पेक्टर अजय कुमार तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक पुजा कुमारी सहित थाना के प्रभारी इस जन सिकायत समाधान कार्यक्रम में उपस्थित थे। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के सभी लगाए गए स्टोलों में अपने-अपने थाना क्षेत्र के समस्याओं को लेकर आम जनता पहुंच रहे थे एवं अपनी समस्याओं को अपने थाना क्षेत्र में रख रहे थे वही सीडीपीओ अरविंद कुमार ने सभी स्टोलो से विस्तृत जानकारी ली, साथ ही जल्द समाधान करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि ज्यादातर समस्या जमीन से जुड़े हुए मामले आए हैं एवं चल रही अवैध लॉटरी के खिलाफ भी शिकायत दर्ज किया गया है उन्होंने संबंधित थाना क्षेत्र के प्रभारी को निर्देश दिए कि जो भी मामला आज लगाए गए जन शिकायत समाधान के कार्यक्रम में पहुंचा है उस पर अभिलंब करवाई करते हुए न्याय दिलाए जाएगी । मौके पर तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार, ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडे, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो, चांडिल थाना प्रभारी दिलसन बिरूआ आदि मौजूद थे ।

# श्री परशुराम शक्ति सेना की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई आयोजित

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 16 अप्रैल 2025 - श्री परशुराम शक्ति सेना की एक महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में टाटानगर स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर में हुई। बैठक में इस वर्ष भी भव्य तरीके से तरीके से भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। भगवान परशुराम जी की शोभा यात्रा जुगसलाई मंगल पांडे चौक टाटा पिगमेंट कंपनी गेट पास अमर शहीद मंगल पांडे पाण्डेय को माल्यार्पण करके निकलेगी। बिष्टुपुर , साकची होते हुए बारीडीह दुर्गा पूजा मैदान तक जाएगी। भगवान परशुराम जी की पूजन एवं आरती के पश्चात प्रसाद वितरण करके कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। इस बैठक में अभिषेक पांडे,रंजीत झा, राजीव पाण्डेय,बृजेश मिश्रा संतोष पांडे,सौरभ पाठक, नारायण शुक्ला,वेद प्रकाश तिवारी,गोलू आजाद, राजा ओझा,ओमकार झा,रजनीश उपाध्याय एवं आपकी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।